स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

कानपुर, सोमवार
4 मई, 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष 3
सं. 2083 वि.
वर्ष 37, अंक - 252 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर
मूल्य : 3 रुपये

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

epaper : epaper.swatantrabharat.net

अश्विन ने धोनी के बारे में कहा, मैंने उनके जैसा विकेटकीपर नहीं देखा



# फिर हो सकते हैं हमले : ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** ईरान के ताजा प्रस्ताव को लेकर अमेरिका का रुख फिलहाल सतर्क लेकिन सख्त नजर आ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि दोनों देशों के बीच बातचीत आगे बढ़ रही है, लेकिन अभी किसी अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचना बाकी है। उन्होंने संकेत दिए कि प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है, पर इसे स्वीकार करना आसान नहीं होगा। ट्रंप ने बातचीत की स्थिति पर टिप्पणी करते हुए कहा 'हम ईरान के मामले में अच्छी प्रगति कर रहे हैं। वे समझौता करना चाहते हैं, लेकिन उन्हें अपने नेतृत्व को लेकर स्पष्टता नहीं है। मैं इस प्रस्ताव पर नजर रख रहा हूं। उन्होंने सौदे की रूपरेखा साझा की है और अब वे इसका पूरा विवरण देने वाले हैं।' बयान से साफ है कि अमेरिका ईरान के प्रस्ताव को पूरी तरह खारिज नहीं कर रहा, लेकिन हर पहलू को बारीकी से परखा जा रहा है।

- ईरान को ट्रंप का सख्त संदेश
- परमाणु क्षमता पर भी नजर



### मिसाइल क्षमता पर सख्त रुख

ईरान की सैन्य ताकत, खासकर उसकी मिसाइल निर्माण क्षमता को लेकर ट्रंप ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि ईरान की बची हुई मिसाइल क्षमता को पूरी तरह खत्म कर दिया जाए। ट्रंप ने इस पर कहा 'मैं इसे पूरी तरह खत्म करना चाहूंगा।

## हर गलत हरकत का जवाब देंगे : ईरान

**तेहरान।** ईरान के सीनियर मिलिट्री अधिकारी मोहम्मद जाफर असदी ने आशंका जताई है कि अमेरिका के साथ फिर से युद्ध शुरू हो सकता है। ईरान की फॉर्स न्यूज एजेंसी ने इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि ईरान की सेना पूरी तरह तैयार है और अगर अमेरिका कोई गलत कदम उठाता है, तो जवाब दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका किसी भी समझौते या वादे का पालन नहीं करता। असदी ने कहा कि अमेरिकी अधिकारियों के बयान और कदम ज्यादातर दिखावटी और मीडिया के लिए होते हैं। उनका मकसद पहले तेल की कीमतों को गिरने से रोकना और दूसरा अपनी बनाई हुई मुश्किल स्थिति से बाहर निकलना है।

## अमेरिका की 7 शर्तें बनाम ईरान की 14 मांगें

ईरान-अमेरिका युद्ध जैसे हालात के बीच अब टकराव शर्तों और मांगों की जंग में बदल गया है। अमेरिका ने ईरान के सामने 7 शर्तें रखी हैं, जिनमें यूरेनियम संवर्धन रोकने, परमाणु कार्यक्रम पर स्थायी नियंत्रण, आईएईए को खुली जांच की अनुमति, बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम सीमित करने, प्रॉक्सी संगठनों को मदद बंद करने, हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य में सुरक्षा सुनिश्चित करने और अमेरिकी ठिकानों पर हमले रोकने जैसी बातें शामिल हैं। वहीं ईरान ने जवाब में 14 मांगें रखीं। ईरान चाहता है कि अमेरिका सैन्य कार्रवाई रोके, शासन परिवर्तन की नीति खत्म करे, सभी प्रतिबंध हटाए, फ्रीज़ ईरानी संपत्तियां लौटाए, तेल निर्यात पर रोक खत्म करे और परमाणु कार्यक्रम को शांतिपूर्ण अधिकार माने। ईरान ने खाड़ी में अमेरिकी सैन्य दबाव घटाने, ईरानी वैज्ञानिकों पर हमले रोकने, इजराइल को हथियार समर्थन सीमित करने और किसी भी समझौते के लिए लिखित सुरक्षा गारंटी की मांग भी रखी है।

दिल्ली में एसी ब्लास्ट से भीषण अग्निकांड


# चार मंजिला इमारत में लगी आग, नौ की मौत

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में एक और बड़ा हादसा हुआ है। शाहदरा के विवेक विहार में एक 4-मंजिला इमारत में आग लग गई। मौके पर दमकल की कई गाड़ियां मौजूद हैं। भीषण अग्निकांड में नौ लोगों की मौत हो गई।

दिल्ली के विवेक विहार में देर रात छह फ्लैटों में अचानक आग लग गई। सुबह 3:47 पर आग लगने की सूचना दमकल विभाग को मिली। जिसके बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग लगने की बाद उसमें कई लोग फंस गए जिन्हें दमकल की टीम ने निकाला। 16 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। नौ लोगों की मौत हो गई है।

फायर ऑफिसर मुकेश वर्मा ने कहा कि 'हमें सुबह करीब 3:47 बजे इस इमारत में आग लगने की सूचना मिली। दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग बुझाने के साथ-साथ हमने बचाव अभियान भी चलाया। हमने 15 लोगों को बचाया। बचाव अभियान के दौरान नौ शव बरामद किए गए। तलाशी अभियान अब समाप्त हो चुका है। जानकारी के अनुसार, विवेक विहार पुलिस स्टेशन में आग लगने की घटना के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही, पुलिसकर्मी एसएचओ विवेक विहार और एसीपी विवेक विहार के साथ तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। आग दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल पर स्थित फ्लैटों में लगी हुई थी। बचाव और आग बुझाने के कार्यों के दौरान इमारत से 10-15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इनमें से दो लोगों को मामूली चोटें आई थीं, जिन्हें चिकित्सा उपचार के लिए गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटनास्थल पर डीडीएमए के कर्मचारियों, ट्रैफिक अधिकारियों और स्थानीय पुलिस के साथ दमकल की 12 गाड़ियां मौजूद हैं। प्रारंभिक जांच के दौरान, यह पाया गया है कि आग लगने की इस घटना में नौ लोगों की जान चली गई है। अधिकारी मुकेश वर्मा ने बताया, 'सुबह 3:47 बजे एक रिहायशी इमारत में आग लगने की रिपोर्ट मिलते ही, हमारी दमकल गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंच गईं। हमने एक साथ आग बुझाने और बचाव अभियान चलाने के लिए पांच सीढ़ियां, कटिंग टूल्स और अपनी खास टर्नटेबल सीढ़ी का इस्तेमाल किया... इस इमारत में 4 मंजिलें हैं और हर मंजिल पर 4बीएचके फ्लैट हैं... आग का ज़्यादातर हिस्सा इमारत के पिछले हिस्से में फैला हुआ था, और वहीं हमें सबसे ज़्यादा हताहत लोग मिले। खिड़कियों पर सुरक्षा के लिए ग्रिल और सलाखें लगी हुई थीं, जिससे बचाव अभियान के दौरान मुश्किलें आईं। हमने लगभग 15 लोगों को बचाया। उनमें से एक व्यक्ति के शरीर का लगभग 30% हिस्सा जल गया था, जिसे बाद में जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया... हमने इमारत की अलग-अलग मंजिलों से कुल नौ शव बरामद किए, जिन्हें हमने दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम को सौंप दिया है... आग लगने की वजह की अभी जांच चल रही है।






# सीएम के निर्देश पर चला रेस्क्यू ऑपरेशन टंकी हादसे में फंसे बच्चों को बचाया गया

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सिद्धार्थनगर के नवगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम बेलसड़ तप्पा थरौली में पानी की टंकी पर हुए हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रशासन ने युद्धस्तर पर राहत बचाव अभियान चलाया। रील बनाने के लिए टंकी पर चढ़े पांच बच्चों में से सीढ़ी टूटने के कारण तीन नीचे गिर गए, जिनमें एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। वहीं दो बच्चे टंकी के ऊपर ही फंस गए थे। घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल संज्ञान लिया और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि फंसे बच्चों को सुरक्षित निकालने में कोई ढिलाई न बरती जाए।

- हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर सुरक्षित निकाले गए 2 बच्चे
- टूटी सीढ़ी ने बढ़ाई मुश्किलें






उत्तर प्रदेश में युवाओं के लिए खुशखबरी

# एक साल में डेढ़ लाख से अधिक पदों पर होगी भर्ती

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक साल के अंदर राज्य के विभिन्न सरकारी विभागों में डेढ़ लाख से अधिक पदों पर भर्ती का ऐलान करते हुए रविवार को कहा कि अपने अब तक के नौ साल के कार्यकाल में नौ लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी दे चुकी उनकी सरकार ने सकुशल और पारदर्शी तरीके से देश में सर्वाधिक नियुक्तियां करने का रिकॉर्ड कायम किया है। मुख्यमंत्री योगी ने नव चयनित कनिष्ठ विश्लेषकों (औषधि) एवं दंत स्वास्थ्य विज्ञानियों के 609 पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण के कार्यक्रम में कहा कि सरकार की स्पष्ट नीति और साफ नीयत की वजह से ही प्रदेश में पिछले नौ वर्षों के अंदर नौ लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी दी गयी है। उन्होंने कहा, ''देश के अंदर किसी भी राज्य में सबसे अधिक नियुक्तियों की प्रक्रिया को सकुशल और पारदर्शी तरीके से संपन्न करने का यह रिकॉर्ड है... और हम अभी लगातार नियुक्तियां कर रहे हैं।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार वित्त वर्ष 2026-27 में राज्य के विभिन्न सरकारी विभागों में डेढ़ लाख से अधिक पदों पर भर्तियां करेगी। आदित्यनाथ ने कहा, अकेले अधीनस्थ सेवा चयन आयोग इस वर्ष 32 हजार से अधिक नियुक्तियों की प्रक्रिया संपन्न करेगा। इसके अलावा शिक्षा सेवा चयन आयोग हजारों शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया पूरी करेगा। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग लगभग 15 भर्तियां इस साल संपन्न कराएगा। इसके अलावा पुलिस में भी भर्तियों की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा, यह मानकर चलिये कि एक वर्ष के अंदर यानी 2026-27 के अंदर उत्तर प्रदेश के विभिन्न विभागों में डेढ़ लाख से अधिक पदों पर भर्तियां होनी हैं। आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार ने भर्ती प्रक्रिया में धांधली को रोकने के लिये सख्त कानून बनाया है जिसमें धांधली करने वालों को आजीवन कारावास और सम्पत्ति जब्त करने के सख्त प्रावधान किये गये हैं, यही वजह है कि सरकार अभी तक नौ लाख पदों पर पूरी पारदर्शिता के साथ भर्तियां कर चुकी है।

- मुख्यमंत्री योगी ने किया ऐलान
- चयनित अभ्यर्थियों को बांटे नियुक्ति पत्र



## ममता के निर्वाचन क्षेत्र में स्ट्रांग रूम के बाहर हंगामा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के मतगणना केंद्र के बाहर रविवार को हंगामा हुआ। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा के झंडे वाले दो वाहनों को उस परिसर में प्रवेश दिया गया, जहां इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) रखी गई हैं। यह घटना उस समय हुई, जब इससे एक दिन पहले ममता बनर्जी ने सखावत बालिका विद्यालय में स्थित इस मतगणना केंद्र के बाहर चार घंटे तक धरना दिया। उन्होंने स्ट्रांग रूम में अनधिकृतिक लोगों के के प्रवेश का आरोप लगाया था। मतदान खत्म होने के बाद अब पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच सत्ता को लेकर तनाव बढ़ गया है। रविवार सुबह टीएमसी कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा के झंडे लगी दो गाड़ियां परिसर में घुसीं और स्ट्रांग रूम के पास तक पहुंच गईं। एक कार्यकर्ता ने कहा कि बिना पहचान पत्र के किसी को अंदर जाने की अनुमति नहीं है। फिर भी इन वाहनों को कैसे प्रवेश मिला।

- टीएमसी का आरोप-भाजपा के झंडे वाले वाहन घुसे

# राष्ट्रीय राइफल्स को मिलेंगे 159 नए 'बुलेटप्रूफ वाहन'

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में तैनात राष्ट्रीय राइफल्स की क्षमता बढ़ाने के लिए 159 आधुनिक बुलेटप्रूफ ट्रूप कैरियर (बीपीटीसी) खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

सेना ने इस परियोजना के लिए भारतीय विक्रेताओं की पहचान करने के उद्देश्य से सूचना के लिए अनुरोध (आरएफआई) जारी किया है। चयनित कंपनी को अनुबंध के बाद हर वर्ष कम से कम 60 वाहनों की आपूर्ति करनी होगी। राष्ट्रीय राइफल्स वर्तमान में पुराने वाहनों पर निर्भर है, खासकर जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियानों के दौरान सैनिकों की आवाजाही के लिए। नए बुलेटप्रूफ ट्रूप कैरियर सैनिकों को कठिन और पहाड़ी इलाकों में सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करेंगे। आरएफआई के अनुसार, इन वाहनों में पर्याप्त गतिशीलता होनी चाहिए और सवार सैनिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। प्रस्तावित बीपीटीसी में हथियार, गोला-बारूद और संचार उपकरण समेत सीमित युद्ध सामग्री ले जाने की क्षमता भी होगी। ये वाहन सड़क पर 80 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे तथा ऑफ-रोड 50 से 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकेंगे।

- सुरक्षा होगी और मजबूत
- आतंकवाद पर होगा कड़ा प्रहार



# बादल और अंधेरे में भी देख सकेगा 'दृष्टि' सैटेलाइट

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'दृष्टि' मिशन की सफलता पर बेंगलुरु स्थित स्टार्टअप गैलेक्जआई की टीम को बधाई देते हुए इसे भारत की अंतरिक्ष यात्रा में बड़ा मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि यह दुनिया का पहला ऑप्टोएसएआर सैटेलाइट है और यह देश के युवाओं की नवाचार क्षमता का उदाहरण है। रविवार को 'दृष्टि' नाम का यह सैटेलाइट अमेरिका के कैलिफोर्निया से स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट के जरिए लॉन्च किया गया। इसे गैलेक्जआई ने विकसित किया है और यह भारत का अब तक का सबसे बड़ा निजी तौर पर बनाया गया पृथ्वी अवलोकन सैटेलाइट है। गैलेक्जआई के सीईओ सुयश सिंह ने बताया कि 'दृष्टि' का मतलब है हर परिस्थिति में देख पाना। यह सैटेलाइट मल्टीस्पेक्ट्रल कैमरा और सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) को एक साथ इस्तेमाल करता है, जो दुनिया में पहली बार किया गया है।

- भारत की अंतरिक्ष ताकत को नई धार

# बृजभूषण के शोषण की मैं भी शिकार : विनेश फोगाट

**नई दिल्ली।** ओलिंपियन रेसलर विनेश फोगाट ने भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर एक बार फिर गंभीर आरोप लगाए हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करके विनेश ने कहा, यूपी के गोंडा में 10 से 12 मई के बीच सीनियर ओपन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट हो रहा है। आज कुछ मजबूरियों के चलते मैं कहना चाहती हूं कि बृजभूषण शरण के खिलाफ कंप्लेंट करने वाले उन 6 विक्टिम में मैं भी शामिल हूं। मेरी गवाही भी कोर्ट में चल रही है। मेरा उसके घर (गोंडा) में जाकर कॉम्पिटीशन लड़ना मुश्किल होगा। मुझे नहीं लगता कि मैं अपना 100% दे पाऊंगी। एक लड़की के लिए ये काफी मुश्किल होगा। बता दें कि करीब 3 साल पहले विनेश ने बृजभूषण पर महिला खिलाड़ियों के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। इसे लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर महिला पहलवानों ने बृजभूषण के खिलाफ धरना भी दिया था। विनेश हरियाणा के जुलाना से कांग्रेस विधायक हैं। बृजभूषण भाजपा के पूर्व सांसद हैं। वर्तमान में उनका एक बेटा यूपी से सांसद और एक विधायक है। विनेश ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए कहा- आप सब को नमस्कार। जैसा की सभी को पता है कि पिछले डेढ़ साल से मैं रेसलिंग मैट से काफी दूर थी। लेकिन अब कुछ महीनों से मैं रेसलिंग की तैयारियां कर रह रही हूं। बड़ी मेहनत और ईमानदारी से मेहनत कर रही हूं।



- कहा गोंडा में कुश्ती लड़ना मुश्किल होगा
- वहां मेरे साथ गलत हुआ तो सरकार जिम्मेदार

## चलती फ्लाइट से कूदा यात्री, हादसा टला

**चेन्नई।** रविवार तड़के चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उस वक्त भारी दहशत फैल गई, जब एक यात्री ने चलती फ्लाइट का आपातकालीन दरवाजा अचानक खोल दिया और बाहर छलांग लगा दी। शारजाह से चेन्नई पहुंची एअर अरेबिया की इस फ्लाइट में 231 यात्री सवार थे। इस दुस्साहसिक और खतरनाक हरकत के कारण विमान में बैठे बाकी यात्रियों की जान हलक में आ गई। घटना के तुरंत बाद सुरक्षाबलों ने मोर्चा संभाला और एक बड़ा हादसा होने से बाल-बाल टल गया। यह खौफनाक घटना तब घटी जब विमान लैंडिंग के बाद मुख्य रनवे से हटकर टैक्सीवे (रनवे और टर्मिनल को जोड़ने वाला रास्ता) पर धीमी गति से आगे बढ़ रहा था। तभी अचानक 34 साल के एक पुरुष यात्री ने इमरजेंसी गेट खोला और चलती फ्लाइट से नीचे कूद गया।

## आंध्र में बनेगी देश की पहली स्पेस सिटी

**अमरावती।** यदि सबकुछ योजना के अनुसार हुआ तो इसी महीने देश की पहली स्पेस सिटी बननी शुरू हो जाएगी। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने पिछले साल इसका आइडिया सामने रखा था। उनकी सरकार अब इसका ब्लू प्रिंट तैयार कर चुकी है। इस 'अंतरिक्ष शहर' में न केवल सैकड़ों छोटी कंपनियां रॉकेट के पुर्जे, सेंसर बनाएंगी, बल्कि स्काईरूट, कल्याणी स्ट्रेटेजिक सिस्टम्स, एचएफसीएल जैसी बड़ी कंपनियां दुनियाभर के लिए प्राइवेट रॉकेट बनाकर देंगी। सरकार ने यहां 570 एकड़ का स्टार्टअप एक्टिवेशन जोन बनाया है, जिसमें अग्निकुल, कॉसमॉस, पिक्सेल जैसे स्पेस स्टार्टअप भविष्य की अंतरिक्ष संभावनाओं को आकार देंगे। यह सिटी गगनयान जैसे भारत के महत्वाकांक्षी मिशनों के लिए बेस कैंप का काम करेगी।

## तिरुपति लड्डू : संगठित नेटवर्क का खुलासा

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश में तिरुमला तिरुपति देवस्थानम के लड्डू प्रसाद के लिए घी खरीद में गंभीर अनियमितताओं और संगठित नेटवर्क का खुलासा हुआ है। एक सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट के अनुसार करीब 70 लाख किलो घी बिना अनिवार्य जांच के खरीदा गया और कई मामलों में लैब रिपोर्ट आने से पहले ही उसे प्रसाद में इस्तेमाल कर लिया गया। समिति ने बड़े स्तर पर प्रशासनिक विफलताओं, प्रक्रिया के उल्लंघन, संभावित मिलीभगत के आरोप लगाए हैं। समिति का कहना है कि इन्हीं वजहों से मिलावटी घी की सप्लाई संभव हो सकी। रिपोर्ट में पूर्व कार्यकारी अधिकारी एवी धर्मा रेड्डी को प्रमुख जिम्मेदार बताया गया है।

# 'बैठे-बैठे दिन बदलेंगे इसके भरोसे मत रहना'

**नवकांत ठाकुर**

जीवन और जमाने की हकीकत बयान करते हुए हस्तीमल 'हस्ती' साहब लिखते हैं कि– 'सावन का महीना आते ही बादल तो छा जाएँगे/ हर हाल में लेकिन बरसेंगे इसके भरोसे मत रहना / सूरज की मानिंद सफ़र पे रोज़ निकलना पड़ता है / बैठे-बैठे दिन बदलेंगे इसके भरोसे मत रहना।'

वाकई सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। तभी तो तुलसीदासजी ने रामचरितमानस में लिखा है कि- 'सकल पदारथ हैं जग माहीं। करमहीन नर पावत नाहीं।।' हालांकि इसके उलट सुवासितसर्वस्व ग्रंथ में भाग्य को ही सबसे प्रबल बताते हुए 'भाग्यं फलति सर्वत्र न विद्या न च पौरुषम्। समुद्रमन्थनाल्लेभे हरिर्लक्ष्मीं हरो विषम्।।' की दलील अवश्य दी गई है लेकिन श्रीमद्भगवदगीता के 18वें अध्याय के 14वें श्लोक में भगवान श्रीकृष्ण बताते हैं कि– 'अधिष्ठानं तथा कर्ता करणं च पृथग्विधम्। विविधाश्च पृथक्चेष्टा दैवं चैवात्र पञ्चमम्।।' इसका भावार्थ यही है कि मन, वचन और कर्म से पूरी ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा के साथ अपने नियत कार्यक्षेत्र में तमाम युक्तियों और संसाधनों का इस्तेमाल करते हुए हरसंभव प्रयास करने में कोई कसर नहीं छोड़ने वाले को ही दैवीय कृपा से सफलता हासिल होती है। यानी भाग्य भी तभी फलित होता है जब कर्म और कर्तव्य का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन किया जाए।

इसी सिद्धांत को अगर दूसरे नजरिये से देखें तो पूरी निष्ठा और ईमानदारी

**नज़र और नज़रिया**

से सफलता हासिल करने का पुरजोर प्रयास करने वाले को भी जब इस बात की कोई गारंटी नहीं होती कि उसे मनचाहा लक्ष्य हासिल हो ही जाएगा तब आधे–अधूरे मन से दिखावे के लिए जरूरत भर की सक्रियता के नतीजे में मनचाही सफलता कैसे हासिल हो सकती है? तभी तो पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजों का जो पूर्वानुमान सामने आया है वह कांग्रेस के लिए ना सिर्फ बेहद निराशाजनक बल्कि काफी हद तक शर्मसार और हतोत्साहित करने वाला भी है। केवल केरल में मुस्लिम लीग से लेकर कई छोटे–छोटे स्थानीय दलों के कांधों पर सवार होकर सत्ता में वापसी करने की उसकी संभावनाओं को अलग कर दें तो बाकी किसी भी राज्य की विधानसभा में अपने दम पर विपक्ष के नेता का पद प्राप्त करने के लिए जरूरी सीटें भी उसे मिलती हुई नहीं दिख रही है।

हालांकि इन संभावित चुनावी नतीजों के कारणों की तलाश कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व अवश्य करेगा। लेकिन सतही तौर पर देखें तो यह कतई अप्रत्याशित नहीं है बल्कि इसकी बुनियाद तभी तैयार हो गई थी जब पश्चिम बंगाल से लेकर तमिलनाडु तक में आधे–अधूरे मन से चुनाव प्रचार किया गया, असम में झूठे तथ्यों के आधार पर मुख्यमंत्री को बदनाम करने की रणनीति को हौसले और हिम्मत के साथ कम से कम मतदान के दिन तक बरकरार रखने का साहस भी नहीं दिखाया जा सका और जिन पर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने का पूरा दारोमदार था वह अंतिम चरण के मतदान से पहले ही मैदान छोड़ कर देश के सुदूर समुद्री क्षेत्र में ऐसे मसले को तूल देने पहुंच गए जो राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा होने के कारण बैक फायर कर गया। ऐसे में सवाल है कि न्यूनतम मेहनत के दम पर किस्मत के सहारे अधिकतम सफलता प्राप्त करने का सपना कैसे पूरा हो सकता है? वह भी तब जबकि विरोधी का भाग्य भी प्रबल हो और वह पुरुषार्थ की पराकाष्ठा भी कर रहा हो। ऐसे में सोहनलाल द्विवेदी के शब्दों से सीख लेने की जरूरत है कि– 'जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम/ संघर्ष का मैदान छोड़ मत भागो तुम / कुछ किये बिना ही जय जयकार नहीं होती / कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।'

**जैसी नज़र, वैसा नज़रिया।**

# उन्नाव समाचार

## मानवता हुई शर्मसारः सड़क पर पड़ी किशोर की लाश, गुजरती रही दुनिया





उन्नाव। घटना के वक्त का सीसीटीवी फुटेज , पोस्टमार्टम हाउस में रोते बिलखते परिजन ।

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो), उन्नाव। उन्नाव-शुक्लागंज राजधानी मार्ग पर रविवार को हुआ एक दर्दनाक सड़क हादसा न सिर्फ एक मासूम की जिंदगी छीन ले गया, बल्कि समाज की संवेदनहीनता को भी बेनकाब कर गया। तेज रफ्तार लोडर की टक्कर से 16 वर्षीय किशोर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। इस पूरे हादसे का वीडियो पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। जिसके आधार पर पुलिस आरोपी लोडर चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल में जुट गई है। घटना के बाद वायरल वीडियो भी लोगो के बीच अब चर्चा का विषय बना हुआ है।

गंगाघाट थाना क्षेत्र के ऋषि नगर निवासी 16 वर्षीय अंश पुत्र दिलीप अपने साथी पवन उम्र करीब 15 वर्ष के साथ बाइक से सरैंया स्टेडियम जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों स्टेडियम के पास पहुंचे ही थे कि उन्होंने आगे चल रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रहे लोडर ने बाइक को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अंश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पवन को मामूली रूप से चुटहिल हो गया। हादसे के बाद लोडर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। लेकिन इस घटना के बाद जो दृश्य सामने आया, उसने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। स्थानीय लोगो में चर्चा है कि घटना में मामूली रूप से घायल पवन अपने मित्र के इलाज के लिए लोगो से मदद की गुहार लगाता रहा लेकिन किसी ने भी उसकी मदद नही की। कई वाहन वहां से गुजरते रहे, मगर कोई भी उसे अस्पताल पहुंचाने या पुलिस को सूचना देने के लिए नहीं रुका। यह दृश्य समाज की गिरती मानवीय संवेदनाओं की भयावह तस्वीर पेश करता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं इस घटना में घायल पवन को प्रारंभिक इलाज के बाद उसे घर भेज दिया गया। पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर अज्ञात लोडर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है। कोतवाली प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि सीसीटीवी वीडियो की मदद से लोडर की पहचान कर ली गई है। जल्द ही पुलिस आरोपी चालक तक पहुंच जायेगी और उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा। पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद मृतक के परिजनों ने बताया कि अंश सरस्वती इंटर कॉलेज में कक्षा 9 का छात्र था। उसकी असमय मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

इस घटना के बाद वायरल सीसीटीवी वीडियों में जो नजारा देखने को मिल रहा है उससे लोगो की रूंह कांप उठेगी साथ ही साथ इस घटना ने मानवीय संवेदनाओं पर भी कई सवाल खड़े कर दिए है। घटना में घायल पवन मित्र की जान बचाने के लिए वहां से गुजर रहे लोगो से मदद की गुहार लगाता रहा लेकिन किसी ने भी उसकी मदद के लिए हाथ आगे नही बढ़ाया और न ही पुलिस को घटना की सूचना देने की जहमत नही उठाई। पवन का मानना है कि उसके साथी को समय पर इलाज और मदद मिल गई होती तो शायद उसका दोस्त आज उसके साथ होता।

इस घटना के बाद हमें जागरूक होने की भी जरूरत है। पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद लोगो में चर्चा थी कि दोनो ही बच्चे नाबालिग थे, फिर इन कमजोर हांथों में मोटरसाइकिल की चाभी कैसे आई। यदि मृतक के परिजन समय पर चेत गए होते तो शायद उनका बेटा अंश भी आज उनके बीच होता।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में आप का प्रदर्शन, डिजिटल लूट का आरोप लगाकर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) नवाबगंज उन्नावस्मार्ट मीटर के खिलाफ आम आदमी पार्टी का विरोध तेज होता जा रहा है। जिलाध्यक्ष को हाउस अरेस्ट किए जाने के बावजूद कार्यकर्ताओं का आक्रोश सड़कों पर नजर आया और प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कड़ी चेतावनी दी गई।

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव को प्रशासन द्वारा हाउस अरेस्ट किए जाने के बावजूद पार्टी कार्यकर्ताओं का आक्रोश थमता नहीं दिखा। स्मार्ट मीटर के खिलाफ चल रहे प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत जनपद में पार्टी पदाधिकारियों ने जिला विद्युत उपकेंद्र पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। हाउस अरेस्ट के बीच जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए स्मार्ट मीटर को ÷स्मार्ट चीटर÷ करार दिया। उन्होंने कहा कि यह योजना आम जनता के आर्थिक शोषण का माध्यम बन चुकी है। उनका आरोप है कि रिचार्ज के बावजूद घंटों बिजली आपूर्ति बहाल नहीं होती, गलत बिलिंग की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं और उपभोक्ताओं पर जबरन प्रीपेड मीटर लगाए जा रहे हैं। प्रदर्शन में शामिल पार्टी पदाधिकारियों, महासचिव शैलेंद्र उपाध्याय, नगर अध्यक्ष मानसिंह, जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र बाजपेई, पंकज सेठ, दीपक राजपूत, दीपू कुमार, यूथ विंग जिलाध्यक्ष भानु प्रकाश, यूथ विंग महासचिव नीलम और आशा ने एक स्वर में सरकार पर ÷डिजिटल लूट÷ का आरोप लगाया। ज्ञापन में 20,000 करोड़ के स्मार्ट मीटर प्रोजेक्ट में संभावित घोटाले की जांच की मांग उठाई गई। साथ ही गलत बिलिंग से परेशान उपभोक्ताओं को राहत देने और किसानों पर थोपे जा रहे 4जी स्मार्ट मीटर की समीक्षा की भी मांग की गई।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि स्मार्ट मीटर व्यवस्था से किसान और आम नागरिक दोनों परेशान हैं। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या के चलते हालात और गंभीर हो रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह लड़ाई अब केवल बिजली तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि आम जनता के अधिकारों और सम्मान से जुड़ा बड़ा मुद्दा बन चुकी है।

## अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी की जयंती पर श्रद्धा और उत्साह का माहौल

पैतृक गांव चंदिका खेड़ा व सीएचसी में दी गई श्रद्धांजलि

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) फतेहपुर चैरासी उन्नावक्षेत्र में अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी जन्म जयंती पूरे सम्मान एवं उत्साह के साथ मनाई गई। शहीद गुलाब सिंह की जन्म जयंती पर ब्लॉक प्रमुख सहित कई गणमान्य लोगों ने उनके पैतृक गांव एवं सीएचसी में लगी प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर मिष्ठान वितरण किया। क्षेत्र में रविवार को अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी की जन्म जयंती पूरे उत्साह एवं सम्मान के साथ मनाई गई। अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी का जन्म 3 मई 1903 को हुआ था।रविवार को ब्लाक प्रमुख मनोज निषाद ने रविवार को क्षेत्र के संभ्रांत जनों के साथ अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी के पैतृक गांव चंदिका खेड़ा स्थित शहीद पार्क में लगी उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।इसके बाद सीएचसी में लगी शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर शहीद की जयंती मनाई तथा एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस अवसर भैयालाल अवधेश आदि काफी लोग मौजूद रहें।

## शिव महापुराण कथा में गूंजा शिव-पार्वती विवाह प्रसंग, कथा सुन श्रद्धालु हुए भावविभोर

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव पी डी नगर स्थित श्री बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर के अटल उपवन में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा महायज्ञ के पांचवें दिन रविवार को शिव-पार्वती विवाह का अद्भुत प्रसंग सुनाया गया। शुक तीर्थ से पधारे पूज्य संत श्री विज्ञानानंद सरस्वती जी महाराज ने कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

उन्होंने बताया कि देवी सती ने आत्मदाह के बाद हिमाचल और मैना के घर पार्वती के रूप में जन्म लिया और बचपन से ही भगवान शिव को पति रूप में पाने का संकल्प लिया। सती के वियोग में भगवान शिव कैलाश पर ध्यानमग्न थे, वहीं पार्वती ने कठोर तपस्या कर उन्हें प्रसन्न किया।

कथा में कामदेव प्रसंग का भी वर्णन हुआ, जिसमें शिवजी ने क्रोधित होकर तीसरी आंख से कामदेव को भस्म कर दिया। बाद में पार्वती की अटूट भक्ति और निष्ठा से प्रसन्न होकर शिवजी ने उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया। विवाह प्रसंग में देवताओं, ऋषियों के साथ भूत-प्रेतों की बारात का वर्णन सुनकर श्रोता भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम में प्रज्ञानं सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में मुख्य यजमान रणजीत सिंह भदौरिया व अरुणा भदौरिया सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कथा के दौरान भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। महिलाओं द्वारा लाए गए प्रसाद का भी वितरण किया गया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का वातावरण बना रहा।

## स्कूल में पूर्व छात्र सम्मेलन-नवाचार व छात्र नेतृत्व की मिसाल, मेधावी छात्रों का सम्मान



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव औरास विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा में आयोजित पूर्व छात्र सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में शिक्षा, नवाचार और छात्र नेतृत्व की अनूठी झलक देखने को मिली। करीब तीन घंटे तक चले इस कार्यक्रम की खास बात यह रही कि संचालन से लेकर समापन तक की पूरी जिम्मेदारी विद्यार्थियों ने संभाली और उसे सफलतापूर्वक निभाया।

कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि यदि छात्रों को अवसर दिया जाए तो उनमें नेतृत्व क्षमता का प्रभावी विकास किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता एथलीट खुशी ने की। उन्होंने कहा कि विद्यालय में मिले अवसरों ने उनके व्यक्तित्व को नई दिशा दी और आत्मविश्वास बढ़ाया।

इस दौरान औरास ब्लॉक के एआरपी मनीष मिश्र ने छात्रा उपासना को साइकिल भेंट कर सम्मानित किया। उपासना का स्टेट ट्रायल के हॉस्टल चयन में चयन होना विद्यालय के लिए गर्व का विषय रहा, जिसकी सभी ने सराहना की।

कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व छात्रों, जिन्होंने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जैसे लक्ष्मी, मोहिनी, पवन, सुधीर, नितिन तिवारी, ईनुस व अरमान सहित आठ विद्यार्थियों को रजिस्टर, पेन और बैज देकर सम्मानित किया गया। शिक्षकों ने इसे विद्यालय की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का परिणाम बताया।

पूर्व छात्रों और वर्तमान विद्यार्थियों के बीच संवाद सत्र भी आयोजित हुआ, जिसमें छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और काउंसलिंग के माध्यम से उन्हें लक्ष्य निर्धारण व भविष्य की पढ़ाई के लिए मार्गदर्शन दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ। विद्यार्थियों को मंच पर स्थान देकर उनकी सहभागिता और आत्मगौरव को बढ़ावा दिया गया।

इस अवसर पर करौंदी प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका लक्ष्मी यादव व सहायक शिक्षक विद्या सागर मिश्र ने कार्यक्रम की सराहना की। एआरपी मनीष मिश्र ने विद्यालय के अनुशासन, शैक्षणिक माहौल और टीम वर्क को सराहनीय बताते हुए नए सत्र में हुए 50 नामांकन को बड़ी उपलब्धि बताया।

कार्यक्रम में शिक्षक प्रदीप कुमार वर्मा, शशि देवी, शाहे खुबा, रमनजीत कौर व इंद्रपाल सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। यह आयोजन बेसिक शिक्षा में नवाचार और सकारात्मक प्रयासों की प्रेरणादायक मिसाल बनकर उभरा।

## 33 केवी लाइन में खराबी से तीन घंटे ठप रही बिजली, मरम्मत के बाद आपूर्ति बहाल

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) पुरवाउन्नावन्मौरावां से पुरवा विद्युत उपकेंद्र को आने वाली 33 केवीए मुख्य लाइन में रविवार सुबह करीब छह बजे अचानक खराबी आ गई, जिससे कस्बा समेत मंगतखेड़ा, चमियानी, बाजीखेड़ा और बेहटा फीडरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।

## नगर पालिका ने शुरू किया शीतल जल प्याऊ, राहगीरों को मिलेगी सुविधा




स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव- बढ़ती गर्मी और तपते तापमान के बीच नगर पालिका परिषद उन्नाव ने आमजन को राहत देने के लिए रानी शंकर सहाय इंटर कॉलेज के सामने शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ किया। इसका उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती श्वेता भानू मिश्रा ने फीता काटकर किया।

अध्यक्ष श्वेता भानू मिश्रा ने कहा कि भीषण गर्मी में राहगीरों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और आम नागरिकों को स्वच्छ व ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना परिषद की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि जनसेवा के उद्देश्य से नगर के अन्य प्रमुख स्थानों पर भी जल्द ऐसे प्याऊ स्थापित किए जाएंगे।उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद लगातार स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और सड़क सुधार जैसे जनहित कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। खासकर गर्मी के मौसम में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करना बेहद आवश्यक है, ताकि किसी भी व्यक्ति को पानी के लिए परेशानी न उठानी पड़े।स्थानीय नागरिकों और विद्यार्थियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह शीतल जल प्याऊ गर्मी में लोगों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने इसे जनकल्याण और मानव सेवा की दिशा में सराहनीय कदम बताया।इस अवसर पर नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी, स्थानीय व्यापारी और गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

# कानपुर देहात समाचार

## दबंग भाइयों ने धर में घुसकर महिला को पीटा

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

शिवली कानपुर देहात। थाना शिवली क्षेत्र के गजा निवादा गांव में पालतू जानवर छोड़ने से मना करने पर दबंग भाइयों ने एक राय होकर गाली गलौज कर ईंट पत्थर से हमला कर महिला को घायल कर दिया।कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

जानकारी के अनुसार थाना शिवली क्षेत्र के गजा निवादा गांव निवासिनी निर्मला देवी पत्नी छोटे लाल ने बताया कि मेरे पड़ोसी अनिल कुमार पुत्र सियाराम आयेदिन अपने पालतू जानवरो को छोड़ देते हैं जिसका उलहना देने पर शनिवार को अनिल उसके घर पर आकर गाली गलौज करने लगा।जब उसने मना किया तो आरोपी अनिल ने अपने भाई सुरेंद्र के साथ एक राय होकर लाठी डंडा ईंट पत्थर से हमला कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर चले गए।पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

## नीट परीक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क, चार केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच होगी परीक्षा

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव- राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-2026 के सफल और निष्पक्ष आयोजन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। रविवार को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक एक पाली में परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसके लिए जिले में कुल चार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

प्रमुख केंद्रों में अटल बिहारी वाजपेयी इंटर कॉलेज और डीएसएन डिग्री कॉलेज शामिल हैं। परीक्षा को शांतिपूर्ण और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस ने व्यापक तैयारियां की हैं।जिलाधिकारी घनश्याम मीणा और एसएसपी जयप्रकाश सिंह ने सभी केंद्र मजिस्ट्रेटों और संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा और प्रवेश द्वारों पर कड़ी जांच व्यवस्था लागू रहेगी।

परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 लागू की गई है, ताकि अनावश्यक भीड़भाड़ और अव्यवस्था को रोका जा सके। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।परीक्षार्थियों को समय से पहले केंद्र पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे जांच प्रक्रिया सुचारु रूप से पूरी हो सके। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। एसएसपी ने अभ्यर्थियों और अभिभावकों से अपील की है कि वे प्रशासन का सहयोग करें और निर्धारित नियमों का पालन करते हुए परीक्षा को सफल बनाने में योगदान दें।

## गांधी मैदान में नाइट टूर्नामेंट सीजन-1 का आगाज, अर्चना राजपूत ने किया उद्घाटन

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) अर्चना राजपूत ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि इस तरह के आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को निखारने का बेहतरीन अवसर देते हैं।इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कामिल, युवा नेता जावेद अख्तर, शहरुल खान, आमिर खान, शोएब, शानू, अजहर, आदिल, नौशाद, मुजम्मिल, अल्फैज, अरहान, शीरान, साहिबे आलम, फैज, यूनुस और आरिफ सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। टूर्नामेंट के पहले ही दिन दर्शकों में भारी उत्साह देखने को मिला। गांधी मैदान में रोशनी के बीच खेले जा रहे इस नाइट टूर्नामेंट ने खेल प्रेमियों के बीच खास आकर्षण पैदा कर दिया है।आयोजन समिति के अनुसार प्रतियोगिता का उद्देश्य क्षेत्रीय खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना और खेल को बढ़ावा देना है। आने वाले दिनों में रोमांचक मुकाबलों की उम्मीद जताई जा रही

## भाजपा की जिला प्रशिक्षण योजना एवं जिला कार्य समिति की बैठक माती कार्यालय में हुई संपन्न

- 1 से 15 तारीख के मध्य जिला पदाधिकारी एवं राजनीतिक कार्य योजना की संपन्न होगी बैठके- क्षेत्रीय अध्यक्ष

-20 27 के चुनाव में दृष्टिगत रखते हुए हमें अभी से कमर कसनी होगी - जिलाध्यक्ष

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**



**माती कानपुर देहात ।** भारतीय जनता पार्टी जिला प्रशिक्षण योजना एवं जिला कार्य समिति की बैठक पार्टी कार्यालय माती में संपन्न हुई मुख्य अतिथि प्रकाश पाल जिला प्रभारी अशोक राजपूत जिला अध्यक्ष रेणुका सचान राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला विधायक पूनम शंखवार जिला पंचायत अध्यक्ष नीरज रानी ने महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पण कर वंदे मातरम गान के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम पांच सत्रों में जिला प्रशिक्षण वर्ग एवं भूमिका तकनीक प्रशिक्षण की जानकारी संचालनए समिति एवं व्यवस्था समिति की बैठक वर्ग व्यवस्था एवं संचालन की चर्चा कार्यक्रम में मुख्य बिंदु रहे क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा वैचारिक प्रतिबद्धता जन सेवा के संकल्प का एक सतत प्रक्रिया है जिनमें लगातार सीखने आत्म मंथन करने व जन सेवा हेतु सदैव समर्पित रहने के साथ ही सैद्धांतिक और व्यावहारिक विषयों पर अपेक्षित कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण होता है इसी कार्य पद्धति से भाजपा अन्य सभी राजनीतिक दलों से अलग है भाजपा संगठन की कार्यपद्धति में सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि गण सदेव सेवा भावी होते हैं जिला प्रभारी अशोक राजपूत ने प्रत्येक माह के प्रथम पक्ष में 1 से 15 तारीख के मध्य जिला पदाधिकारी एवं विस्तृत संगठनात्मक एवं राजनीतिक कार्य योजना की बैठक संपन्न होगी एवं मंडलों की बैठक भी संपन्न होगी एवं मन की बात का प्रसारण बूथ पर ही होगा क्षेत्रीय मंत्री सुनील तिवारी ने संचालन समिति एवं व्यवस्था समिति पर अपने विचार रखें उन्होंने कहा संचालन समिति एक विशेष टीम के रूप में कार्य करती है जो किसी योजना एवं अभियान के संचालन के लिए उत्तरदाई होती है या समिति एक राजनीतिक दिशा प्रदान करती है और सुनिश्चित करती है कार्यक्रम व्यापक संगठनात्मक लक्षण के अनुरूप हो मुख्य उद्देश्य भाजपा के रीति नीति एवं उद्देश्यों को सही समन्वय के साथ क्रियान्वयन किया जा सके जिला अध्यक्ष रेणुका सचान ने कार्य समिति एवं प्रशिक्षण अवसर बोलते हुए कहा 2027 के चुनाव के दृष्टिगत रखते हुए हमें अभी से कमर कसनी होगी पार्टी मुख्यालय पर नियमित कार्य योजना क्रियान्वित की जाएगी एवं प्रत्येक जिला मंडल शक्ति केंद्र बूथ सभी बैठकों में कार्रवाई रजिस्टर बनाया जाएगा कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष रेणुका सचान पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी विधायक पूनम शंखवार क्षेत्रीय सोशल सह मीडिया प्रभारी हर्ष द्विवेदी पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह चौहान राजेश सचान मदन पांडेय महामंत्री बबलू शुक्ला पूर्व विधायक निर्मला शंखवार जिला मंत्री पूनम आर्या चंद्रकला शिव वीर भदोरिया राकेश तिवारी केपी सिंह जनार्दन सिंह ऋषि विकास मिश्रा जिला मीडिया प्रभारी आदि रहे।

## सीएनजी ऑटो से सड़कों पर खतरा, क्षमता से कई गुना सवारियां भरकर दौड़ रहे



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव- क्षेत्र में सीएनजी ऑटो चालकों द्वारा क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर यात्रियों की जान जोखिम में डालने का मामला लगातार सामने आ रहा है। तीन यात्रियों की निर्धारित क्षमता वाले ऑटो में एक दर्जन से अधिक लोगों को ठूंस-ठूंसकर बैठाया जा रहा है, जबकि कई यात्री दरवाजों पर लटककर सफर करने को मजबूर हैं।यह स्थिति न केवल यातायात नियमों की खुली अनदेखी है, बल्कि किसी बड़े हादसे को भी न्योता दे रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार हरदोई मार्ग, उन्नाव मार्ग, संडीला मार्ग, लखनऊ मार्ग और बिल्हौर मार्ग पर ऐसे नजारे आम हो गए हैं।लोगों का आरोप है कि पुलिस और परिवहन विभाग की उदासीनता के चलते ऑटो चालकों के हौसले बुलंद हैं और वे नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। नियमित जांच न होने से यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और नियमित चेकिंग अभियान चलाया जाए। साथ ही यात्रियों से भी अपील की गई है कि वे अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता दें और क्षमता से अधिक सवारी वाले वाहनों में सफर करने से बचें, ताकि संभावित हादसों से बचा जा सके।

## जरूरत पर डॉयल किए जाने वाले हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी



-मिशन शक्ति फेज.5 के दूसरे चरण में महिलाओं.बालिकाओं को किया जा रहा जागरूक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**माती कानपुर देहात ।** मिशन शक्ति फेज.5 के द्वितीय चरण में महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के लिए जागरूक करने का अभियान जारी है। रविवार को जिले की अलग.अलग थानों की पुलिस ने कई जगहों पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। महिलाओं को पंपलेट बांट कर आकस्मिक स्थितियों में डॉयल किए जाने वाले हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। थानों की पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को बाजारोंए सार्वजनिक स्थानोंए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जागरूक किया गया। इस अभियान के माध्यम से सैकड़ों महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षाए सशक्तिकरणए कानूनी अधिकारों तथा अपराधों से बचाव के उपायों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अभियान के दौरान महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर जैसे 181 महिला हेल्पलाइनए 1090 महिला शक्ति लाइनए 1098 चाइल्ड हेल्पलाइनए 112 इमरजेंसी हेल्पलाइनए 1076 पुलिस कंट्रोल रूम आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके अतिरिक्त यूपी कॉप ऐप के माध्यम से पुलिस सेवाओं का त्वरित लाभ उठाने तथा सोशल मीडिया पर व्याप्त साइबर अपराधों ;फिशिंगए साइबर स्टॉकिंगए फर्जी प्रोफाइल.खातों से संबंधित धोखाधड़ी आदिद्ध से बचाव की भी व्यावहारिक जानकारी दी गई।

महिलाओं को उनके कानूनी अधिकार पाक्सो एक्ट ;बाल यौन शोषण से संरक्षणद्धए दहेज निषेध अधिनियमए घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियमए साइबर अपराधों से संबंधित सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के बारे में बताया गया। एसपी ने बताया कि मिशन शक्ति 5०0 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षाए सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने की दिशा में यह अभियान निरंतर संचालित है। इसका मूल उद्देश्य समाज में महिलाओं को सशक्त एवं सुरक्षित महसूस कराना तथा अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को मजबूत करना है। कानपुर देहात पुलिस सभी महिलाओं एवं बालिकाओं से अपील करती है कि वे किसी भी प्रकार की असुरक्षा या अपराध की स्थिति में तुरंत निकटतम पुलिस थाने या बताए गए हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें।

# मकसूदाबाद का मल्टीपर्पज हॉल अंतिम चरण में, मिलेंगी खेल सुविधाएं

**-डीएम ने किया निरीक्षण**
**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**



**कानपुर।** कल्याणपुर विकासखंड के ग्राम मकसूदाबाद में खेलो इंडिया योजना के तहत मल्टीपर्पज हॉल का कार्य अंतिम चरण में है। हॉल शुरू होते ही बास्केटबॉल, वॉलीबॉल और बैडमिंटन जैसी आधुनिक खेल सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी, जिससे खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए अलग-अलग स्थानों पर नहीं जाना पड़ेगा। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि शेष कार्यों को तय समयसीमा में हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता पर किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और हॉल को पूरी तरह उपयोग के लिए तैयार किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मल्टीपर्पज हॉल शुरू होने के बाद खिलाड़ियों को स्थानीय स्तर पर समेकित खेल सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के अवसर बढ़ेंगे। इससे क्षेत्र में खेल गतिविधियों को ठोस आधार मिलेगा और उभरती प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का बेहतर मंच मिलेगा। उल्लेखनीय है कि करीब 8 करोड़ रुपये की लागत से विकसित इस परियोजना को 30 सितंबर 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है। परिसर में मल्टीपर्पज हॉल का मुख्य ढांचा, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल और बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इंटरलॉकिंग, ड्रेनेज व्यवस्था और बाहरी विकास कार्य भी पूरे कर लिए गए हैं, जबकि आंतरिक फिनिशिंगए विद्युत कार्य और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं अंतिम चरण में हैं। निरीक्षण के दौरान युवा कल्याण अधिकारी आरती जायसवाल भी मौजूद रहीं।

## तेज रफ्तार बाइक सवार ने किसान को मारी टक्कर, मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** सचेंण्डी में तेज़ रफ़्तार बाइक सवार ने युवक को टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई। वहीं युवक बाइक छोड़कर मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पलरा गाँव निवासी छोटे किसान थे। परिवार में पत्नी गीता बेटा किशोर, विशाल व दो बेटी है। बेटे किशोर ने बताया की बीते शुक्रवार को सभी खेत में काम कर रहें थे। पिता दोपहर को सभी के लिए खाना लेने साईकिल से घर गए थे। वापसी में वह भैरमपुर पुल के पास पहुंचे थे, तभी तेज़ रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी की पिता उछलकर सड़क पर जा गिरे और उनके सर पर गंभीर चोट लग गई। जिसकी वजह से वह वहीं बेहोश हो गए थे। घटना के बाद युवक बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गया था। कंट्रोल रूम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की मद्द से घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ डॉक्टरों ने युवक की हालत गंभीर होने की बात कहकर उसे हैलट हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया। रविवार दोपहर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। सचेण्डी थाना प्रभारी दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि बीते शुक्रवार को हादसा हुआ था रविवार को मौत हो गई थी। घायल की गाड़ी को पुलिस ने कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## सबस्टेशन के बाहर महिलाओ ने तोड़ा स्मार्ट मीटर, प्रदर्शन



**-समस्या का समाधान न हुआ तो होगा चक्का जाम**
**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** जरौली फेस-1 न्यू केसा सबस्टेशन पर स्मार्ट मीटर के विरोध में महिलाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान महिलाओं ने एक स्मार्टमीटर को जमीन पर पटक कर तोड़ा और उस पर चप्पलें बरसाईं। चेतावनी दी कि अगर स्मार्ट मीटर नहीं हटाए गए तो जल्द ही सड़क पर उतरकर चक्का जाम करके सरकार को घेरेंगी।जरौली फेस-1 न्यू केसा में रविवार को पोस्टर-बैनर लेकर सैकड़ों महिलाओं ने प्रदर्शन किया। महिलाओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर उनके लिए सुविधा के बजाय मुसीबत बन गए हैं। बिजली का बिल दोगुना से भी ज्यादा आ रहा है। ताला बंद घरों का भी मीटर बैलेंस अपने आप माइनस में चल रहा है, जबकि घरों में कोई बिजली का इस्तेमाल नहीं होता तब भी मीटर की रीडिंग चलती रहती है। प्रदर्शन में शामिल स्नेहा मिश्रा ने बताया कि विभाग ने लोगों को गुमराह करके पुराने मीटर हटा दिए और नए स्मार्ट मीटर जबरन लोगों के घरों में लगा दिया है। बिजली इस्तेमाल करने से पहले ही रिचार्ज करना पड़ता है और कई बार बीच में ही बिना किसी सूचना के बिजली काट दी जाती है, बार-बार रिचार्ज करने के दबाव ने आम जनता का जीना मुहाल कर दिया है। प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने मांग की है कि इन स्मार्ट मीटरों को तत्काल हटाकर पुराने मीटरों को दोबारा स्थापित किया जाए, ताकि आम जनता को आर्थिक और मानसिक प्रताड़ना से राहत मिल सके। लोगों कहना है कि सिर्फकानपुर ही नहीं पूरे उत्तर प्रदेश में इस मुद्दे को लेकर उबाल है, लेकिन सरकार की ओर से अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन मीटरों को वापस नहीं लिया गया तो आने वाले दिनों में यह आंदोलन और भी उग्र रूप धारण करेगा और लोग सड़कों पर उतरकर बड़े स्तर पर चक्का जाम करेंगे।

## खबर एक नजर

### प्रेम-प्रसंग में नाबालिग ने फांसी लगाकर दी जान

स्वतंत्र भारत ब्यूरो



कानपुर। सचेंडी में प्रेम-प्रसंग के चलते एक नाबालिग ने पेड़ से लटक कर जान दे दी। सुबह ग्रामीणों ने जंगल में पेड़ से लटकता शव देखा तो परिजनों और पुलिस को सूचना दी। नाबालिग का परिवारिक रिश्ते में बहन लगने वाली किशोरी से दो साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिससे परिजनों ने शादी से मना कर दिया था। जिसके बाद वह मानसिक तनाव में चल रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बिनौर गांव निवासी प्रदीप खेती किसानी के साथ ट्रैक्टर चलाता था। परिवार में मां किरण, भाई छोटू करन है। परिजनों ने बताया कि परिवार में एक किशोरी से बीते दो वर्षो से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन किशोरी रिश्ते में बहन लग रही थी। जिस कारण परिजन विरोध कर रहे थे। परिजन ने दोनों को कई बार बात करने से मना किया, लेकिन वह लोग मानने को तैयार नहीं थे। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले प्रदीप उसे अपने घर भी ले आया था। इसके बाद परिजनों ने उसे समझा बुझाकर घर वापस भेज दिया था। प्रदीप इस बात से काफी आहत था। शनिवार को वह बिना कुछ खाए सुबह घर निकल गया। जब देर शाम तक घर नहीं लौटा तो छोटे भाई और मां ने लगातार कई बार उसे कॉल किया, लेकिन उसने फोन नहीं रिसीव किया। देर रात तक उसके दोस्त और परिजन ढूंढते रहे, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। रविवार सुबह वह लोग तलाश करने निकल ही रहे थे तभी ग्रामीणों ने हुबलाल सविता के खेत में आम के पेड़ से गमछे के सहारे प्रदीप के जान देने की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम भेजा। एसीपी पनकी मनोज कुमार सिंह ने बताया की प्रदीप का उसके परिवार की एक नाबालिग से प्रेम प्रसंग था। दोनों परिवार के लोगों के विरोध करने पर आहत होकर युवक ने खुदकुशी कर ली।

### कारोबारी की थार चोरी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार



स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। पनकी मंदिर से कारोबारी की थार कार चोरी करने वाले दो शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शातिरों के पास कार भी बरामद कर ली गई है।

कल्याणपुर के आवास विकास- एक स्थित आदर्श नगर निवासी अरविंद कुमार पांच दिन पहले परिवार के साथ पनकी मंदिर दर्शन करने गए थे। उन्होंने मंदिर के गेट नंबर चार के बाहर अपनी थार कार खड़ी की और परिवार के साथ अंदर चले गए। दर्शन कर लौटे तो कार गायब थी। इस पर उन्होंने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई और सर्विलांस की मदद से संदिग्धों की तलाश की गई। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि वारदात सुरेंद्रनगर, रावतपुर निवासी शिवम पाल ने अपने साथी केशवपुरम आवास विकास-एक निवासी अमन दीक्षित के साथ मिलकर अंजाम दी थी। इसके बाद पुलिस टीम ने दोनों की लोकेशन ट्रेस कर उनका पीछा शुरू किया। इस दौरान आरोपी अमन दीक्षित चोरी की कार के साथ लगातार अपनी लोकेशन बदलता रहा, ताकि पुलिस को चकमा दे सके। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कपली मार्ग डबल रोड पर घेराबंदी कर दी और थार कार समेत अमन व उसके साथी शिवम को गिरफ्तार कर लिया। एसीपी पनकी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई थी और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं होती तो आरोपी कार को कटवाकर उसके पुर्जे बेचने की फिराक में थे।

### रेलवे ट्रैक के पास मिला शव

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। सरसौल स्टेशन के पास स्थित समाधि बाबा मंदिर के पास रेलवे लाइन किनारे एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। अनुमान है कि यात्रा के दौरान युवक ट्रेन से गिरा है, जिससे उसकी मौत हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रविवार सुबह करीब आठ बजे सरसौल रेलवे स्टेशन के पास स्थित समाधि बाबा मंदिर के पास ट्रैक के किनारे एक अज्ञात युवक का शव पड़ा हुआ था। जिसकी उम्र करीब 40 वर्ष है। मृतक के शरीर में सफेद रंग की शर्ट, स्लेटी कलर पेंट तथा भगवा रंग की बनियान पहने हुए है। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव के शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। महाराजपुर थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि मृतक युवक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है। शव को मोर्चरी हाउस में रखवा दिया गया है।

## 14 खाद्य तेल उद्योगों पर लगाए प्रतिबंध को हटाने की मांग

**-सरकारी प्रयोगशाला से नमूनों की कराई जाएं जांच**
**-व्यापारियों ने विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन**
**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**



**कानपुर।** भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के नेतृत्व में खाघ तेज उद्यमियों ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग की कि यूपी में 14 तेल निर्माण कंपनियों/फर्मों को लेड मात्रा प्रकरण में राहत प्रदान करते हुए आदेश की कार्यवाही पर पुनः विचार कर वापस किए जाने की मांग की है।

प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र ने कहा कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा 23 फरवरी 2026 को उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में 14 तेल निर्माता कंपनियों/ फर्मों के सरसों तेल, साल्वेंट ऑयल एवं पाम ऑयल आदि के नमूने लिए गए थे। उक्त नमूनों की जांच एक निजी प्रयोगशाला में कराए जाने के बाद 21 अप्रैल को कुछ नमूनों को अनसेफ घोषित करते हुए उनमें लेड की मात्रा निर्धारित मानक से अधिक बताई गई। श्री मिश्र ने कहा कि खाद्य तेल निर्माता अपने उत्पाद में लेड की मात्रा को न तो बढ़ा सकते हैं और न ही घटा सकते हैं। लेड की उपस्थिति का संभावित स्रोत खेती की प्रक्रिया, मिट्टी अथवा सिंचाई जल में निहित तत्व हो सकते हैं। ऐसे में केवल एक निजी प्रयोगशाला की रिपोर्ट के आधार पर कठोर कार्रवाई करते हुए उत्पादन, बिक्री एवं स्टॉक पर प्रतिबंध लगाना न्यायसंगत प्रतीत नहीं होता। इस कार्रवाई से प्रदेश के खाद्य तेल उद्योग एवं व्यापारियों में भय का वातावरण उत्पन्न हो गया है। लाखों श्रमिकों के रोजगार पर संकट मंडरा रहा है तथा राज्य सरकार को भी करोड़ों रुपये के राजस्व का संभावित नुकसान हो सकता है। साथ ही सोशल मीडिया में इस प्रकरण के एकतरफा प्रसारण के कारण बाजार में उपलब्ध स्टॉक का भुगतान भी डीलरों द्वारा रोक दिया गया है, जिससे खाद्य तेल का उद्योग व व्यापार पूर्णतः प्रभावित हुआ है। मंटोरा ऑयल बावर्ची ब्रांड के जगदीश गुप्ता व वैभव एडबिल ऑयल के विजय गुप्ता ने बताया कि इन 14 खाद्य निर्माताओं में से एक निर्माता द्वारा एनएबीएल,फेयर लैब गुरूग्राम से जांच कराने पर लेड की मात्रा 0.02 एमजी आई है, जिससे यह भी साबित होता है कि उक्त खाद्य तेल में लेड की मात्रा विभाग के द्वारा घोषित अधिकतम मानक से भी बहुत कम है। विधानसभा अध्यक्ष से उद्यमियों ने मांग की कि प्रभावित सभी 14 खाद्य तेल उद्योगों पर तत्काल प्रभाव से लगाए गए प्रतिबंध को स्थगित किया जाए तथा नमूनों की जांच किसी मान्यता प्राप्त सरकारी प्रयोगशाला में पुनः कराई जाए। अंतिम रिपोर्ट के आधार पर ही नियमानुसार कार्रवाई की जाए और तिलहन की बुआई के समय मिट्टी एवं जल में लेड की मात्रा की वैज्ञानिक जांच कर उसी के अनुरूप खाद्य तेल में मानक निर्धारित किए जाएं। जिस पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने लखनऊ में खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण आयुक्त से वार्ता कर समस्या का समाधान का आश्वासन दिया।

### नौकरानी पर लगा चोरी का आरोप

कानपुर। गुलमोहर एक्सोटिका निवासी भावना अग्रवाल ने बताया कि सितंबर 2025 में अपनी सात वर्षीय बेटी की देखभाल और घर के कामकाज के लिए साहब नगर निवासी शिवानी कटियार को रखा था। आरोप है कि शिवानी ने अपनी मां के साथ मिलकर घर की अलमारी से दो कंगन और दो अंगूठियां चोरी कर लीं। पीड़िता ने बताया कि तीन अप्रैल 2026 को शिवानी ने बीमारी का हवाला देकर अचानक काम छोड़ दिया। पांच अप्रैल को जब वह एक पारिवारिक कार्यक्रम में जाने के लिए अलमारी से गहने निकालने पहुंचीं, तब चोरी का पता चला। घटना के बाद पीड़िता ने कल्याणपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नौकरानी और उसकी मां के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कल्याणपुर इंस्पेक्टर संतोष सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपों की पुष्टि के बाद संबंधित आरोपियों के खिलाफआवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर साक्ष्य जुटाने में लगी है।

## केंद्र के समान राजकीय पेंशनर्स को मंहगाई भत्ता देने की मांग

-सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में हुई बैठक
स्वतंत्र भारत ब्यूरो



कानपुर। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कोषागार स्थित संगठन कार्यालय में सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में हुई। बैठक की अध्यक्षता बीएल गुलाबिया ने की। जिसमें सभी राजकीय विभागों एवं स्थानीय निकायों के पेंशनर्स शामिल हुए। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों एंव पेंशनर्स को मंहगाई भत्ता के भुगतान की घोषणा अप्रैल माह में कर दिया था, लेकिन प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को मंहगाई भत्ता देने पर विचार नहीं किया जा रहा है,जिसकी वजह से राजकीय पेंशनर्स में आक्रोष व्याप्त है। एडवोकेट राजेन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि आज विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एडवोकेट राजेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि कलम के उपासक और ख़बरों के लिए दिन रात सजग रहने वाले पत्रकार जो सत्य, न्याय और समाज के हित में निडर होकर अपनी कलम और आवाज से अंधकार को मिटा कर प्रकाश फैलाते हैं और सरकार की सभी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का उनका भारी योगदान रहता है। सरकार उनकी सेवाओं के आधार पर भत्ता एंव सुरक्षा दिया जाना चाहिए। बैठक में बेचे लाल कुशवाहा, रविन्द्र कुमार मधुर, सुनील सुमन, हीरालाल शर्मा, भोलानाथ पाल, दुर्गा प्रसाद अनुरागी, रमाकांत वर्मा, मेवालाल कनौजिया, ऊषा चौहान, शाहजहां नाज गांव, रामरानी कटियार, विजय कुमार श्रीवास्तव समेत कई लोग मौजूद रहे।

## करोड़ों की सरकारी जमीन लील गए भू-माफिया

**-शिकायतों के बाद केडीए अफसर बने अंजान**
**-पूर्व में भी हो चुकी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई**
**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** भले की केडीए अवैध प्लाटिंग पर धड़ाधड़ बुल्डोजर चला रहा हो, लेकिन भूमाफियाओं के अभी भी दहशत नहीं है। ताजा चकेरी के मवईया गांव का है। जहां भूमाफिया व अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों ने चारागाह की जमीन पर पक्के निर्माण तैयार करा लिया। पीड़ित ने इसकी शिकायत केडीए उपाध्यक्ष से की, तो अफसरों द्वारा आश्वासन की घुट्टी पिलाई जा रही है। मामला चकेरी के मवईया गांव का है। हरजेन्द्र नगर मवइया के रहने वाले मकेश शर्मा ने ग्राम मवईया की आराजी संख्या-794 रकबा-0.3280, जो कि राजस्व अभिलेखों में चारागाह के रूप में दर्ज है। मौके पर तालाब के रूप में पूर्व से चला आ रहा है। उक्त जमीन पर कुछ दबंग प्रवृत्ति के लोगों ने पक्का निर्माण करा लिया और जो जमीन बची है उस पर भी उनकी निगाहे लगी हुई हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 में भूमाफियाओं ने तालाब की भूमि पर अवैध तरीके से निर्माण करा लिया गया था। ग्रामीणों ने विरोध करते हुए अफसरों से शिकायत की थी, जिसके बाद अवैध रूप से



बने निर्माणों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई थी। कुछ समय बीतने के बाद भूमाफियाओं ने अधिकारियों से सांठ-गांठ कर फिर से पक्का निर्माण करा दिया। गांव के लोगों ने केडीए उपाध्यक्ष से लेकर अन्य अफसरों तक शिकायत की, लेकिन दो सालों से कार्रवाई का आश्वसन देकर लोगों को चक्कर लगवाया जा रहा है। पूरे प्रकरण में सवाल यह उठता है कि उक्त सरकारी जमीन पर पूर्व बुल्डोजर चलाकर निर्माण ध्वस्त करा दिया गया था, तो कुछ समय बीतने के बाद यह खेल कैस हो गया।

## शहर की बदहाल व्यवस्था को लेकर सपा ने किया विरोध प्रदर्शन का एलान

**-नगर अध्यक्ष ने मासिक बैठक में तय की रणनीति**
**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**




**कानपुर।** रविवार को सपा नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्ष में मासिक बैठक हुई। बैठक का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया। बैठक में शहर की बिगड़ती व्यवस्था, प्रशासनिक लापरवाही और जनता की अनदेखी को लेकर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई। नगर अध्यक्ष ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने के लिए सभी विधानसभा अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्ष पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि मतदाता सूची का गहन परीक्षण किया जाए और जिन मतदाताओं को निर्वाचन आयोग द्वारा अयोग्य घोषित किया गया है, उन्हें चिन्हित कर हर संभव प्रयास के माध्यम से पुनः योग्य बनाया जाए, ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपने मतदान के अधिकार से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा पर सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। शहर में बढ़ती घटनाएं यह दर्शाती हैं कि महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि जब तक ठोस और कड़े कदम नहीं उठाए जाते, तब तक यह समस्या समाप्त नहीं हो सकती और समाज में भय का माहौल बना रहेगा। बिजली संकट और स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। नगर अध्यक्ष ने कहा कि शहर की टूटी हुई सड़कें और रोजाना लगने वाला ट्रैफिक जाम प्रशासन की नाकामी का जीवंत उदाहरण बन चुके हैं। प्रमुख बाजारों और सड़कों पर आम नागरिकों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ता है, जिससे उनका समय और काम दोनों प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि साउथ क्षेत्रों में थोड़ी सी बारिश में जलभराव हो जाता है। जिससे पूरा जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर लगे हुए है। नियमित सफाई के अभाव में बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। नगरग अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि नगर निगम ने तत्काल इन समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो 7 मई को समाजवादी पार्टी द्वारा कानपुर महानगर में एक विशाल और ऐतिहासिक धरना-प्रदर्शन नगर निगम में किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव के के शुक्ला, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, नरेंद्र सिंह, सत्यनारायण गहरवार, फखरे आलम, रजत मिश्रा, सौरभ सिंह, अर्पित त्रिवेदी, दीपक खोटे, शादाब आलम, रमेश यादव समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### संदिग्ध हालात में बस चालक की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**



**कानपुर।** चकेरी में संदिग्ध परिस्थितियों में बस चालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अहिंरवा निवासी विपिन कुमार रोडवेज के इलेक्ट्रिक बस के चालक थे। परिवार में पत्नी पिंकी, बेटा मुकुल व चार भाई रामबाबू, राजू, धर्मेन्द्र मृतक सबसे छोटा था। बड़े भाई राजू ने बताया की विपिन शनिवार दोपहर को करीब तीन बजे घर से चकेरी बस डिपो जाने के लिए निकला था। वह सरकारी इलेक्ट्रिक बस चलाता था। घर से निकलने के बाद करीब 3.20 बजे पर वह डिपो के अंदर जाते दिखे हैं। करीब 20 मिनट बाद ही डिपो के एक कर्मचारी ने उन्हें फोन कर बताया की विपिन की तबियत खराब हो गई। जानकारी मिलते ही वह अपने अन्य भाइयों के साथ मौके पर पहुंचे और बस से ही उन्हें काशीराम हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरो ने देखते ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के बड़े भाई राजू ने बताया की घर से ज़ब विपिन निकला था तो खाना खाकर निकला था वह पूरी तरह ठीक था। डिपो पहुंचते ही अचानक उसकी तबियत खराब हो गई और उसकी मौत हो गई उनको घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। उन्होंने कहा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर वह थाने में तहरीर लिखकर देंगे और घटना की निष्पक्ष जाँच कराएंगे। चकेरी थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि अभी तक परिजनों कि ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## खबर एक नजर



## राजपूत करणी सेना की नगर इकाई की समीक्षा बैठक

-समीक्षा बैठक में वरिष्ठजन हुए सम्मानित, संगठन विस्तार पर चर्चा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** उपांशु सिंह भदौरिया को दी गई जिला सचिव की जिम्मेदारी। जिलाध्यक्ष गौरव सिंह भदौरिया श्री राजपूत करणी सेना की नगर इकाई की समीक्षा बैठक तथा सम्मान समारोह जिलाध्यक्ष गौरव सिंह भदौरिया के नेतृत्व में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। सम्मान समारोह में आए वरिष्ठजनों को जिलाध्यक्ष गौरव सिंह भदौरिया ने अंग वस्त्र तथा स्मृति चिन्ह भेंटकर किया। संगठन के प्रति लगन निष्ठा को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष की संस्तुति पर जिलाध्यक्ष गौरव सिंह भदौरिया ने उपांशु सिंह भदौरिया को जिला सचिव की जिम्मेदारी देते हुए संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा ईमानदारी से कार्य करने की बात कहते हुए उन्हें मनोनयन पत्र सौंप उज्जवल भविष्य की कामना की। वही बड़ी संख्या में मौजूद पदाधिकारियों ने नवनियुक्त जिला सचिव उपांशु सिंह भदौरिया का माल्यार्पण कर गर्मजोशी से किया। इस मौके पर वरिष्ठजनों ने श्री राजपूत करणी सेना के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। पद ग्रहण करते हुए जिला सचिव उपांशु सिंह भदौरिया ने कहा कि उनका उद्देश्य सम्पूर्ण समाज का उत्थान करना है तथा जल्द ही संगठन के सिपाही क्षेत्र मुहल्ले वार्ड ब्लॉक तहसील स्तर पर सदस्यता अभियान चलाकर जोड़े जायेंगे। कार्यक्रम में करणी सेना के वरिष्ठ सदस्य पंकज सिंह राजावत ने सभी सदस्यों को समाज के प्रत्येक वर्ग के हित एवं गौ सेवा में निस्वार्थ भाव से कार्य करने का संकल्प दिलाया इस मौके पर मुख्य रूप से पंकज सिंह राजावत हिमांशु सिंह भदौरियाए अरुण सिंहए शैलजा सिंह चौहानएअरविंद सिंह सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे

## लापरवाही के चलते पार्षद ने आम जनमानस के साथ कार्य रुकवाया



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** दी चेतावनी सीवर लाइन के कार्य में ठेकेदार की लापरवाही के चलते पार्षद ने दी प्रोजेक्ट हेड को चेतावनी नौबस्ता पश्चिम वार्ड 65 के पार्षद योगेन्द्र शर्मा के द्वारा दामोदर नगर क्षेत्र में चल रहे सीवर लाइन के कार्य में ठेकेदार और उसके कर्मचारियों की लापरवाही के चलते कार्य को रुकवाकर मानक के अनुरूप कार्य करने की चेतावनी दी गई। पार्षद योगेंद्र शर्मा ने बताया कि कार्य के दौरान अवैध रूप से खुदाई की गई और निकली हुई मिट्टी को नालियों में डाल दिया गयाए जिससे जल निकासी पूरी तरह बाधित हो गई। नालियां जाम होने के कारण क्षेत्र में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि थोड़ी सी बारिश या पानी के बहाव में ही सड़कों पर जलभराव हो जाता हैए जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है और गंदगी फैलने से बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। लोगों में इस समस्या को लेकर खासा रोष देखने को मिल रहा है और उन्होंने जल्द से जल्द समाधान की मांग की है। पार्षद योगेन्द्र शर्मा ने नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने तत्काल ठेकेदार और प्रोजेक्ट हेड शैलेंद्र को मौके पर बुलाकर कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिए। पार्षद योगेन्द्र शर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा कि कार्य को व्यवस्थित और मानकों के अनुरूप किया जाएए ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पार्षद ने कहा कि नालियों में डाली गई मिट्टी को तुरंत साफ कराया जाए और जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त की जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि कार्य में लापरवाही जारी रही तो संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर मुख्य रूप से दीपक दुबे संजय दुबे राजीव गुप्ता विकास बाजपेई अंकित सुमित अमित तिवारी विकास बाजपेई ऋतिक शर्मा सहित काफी संख्या में क्षेत्रीय मौजूद रहे।

## मासूम को बचाने में बाइक सवार युवक घायल

**घाटमपुर।** कस्बे के मूसानगर रोड़ पर रविवार को मासूम बच्चे को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।मखौली गांव निवासी शिवमोहन 26 और प्रियांशु कुमार 22 किसी काम से घाटमपुर आ रहे थे। जैसे ही वे जनता स्कूल के पास पहुंचेए अचानक एक मासूम बच्चा बाइक के सामने आ गया। बच्चे को बचाने के प्रयास में चालक ने अचानक ब्रेक लगा दीए जिससे बाइक फिसलने पर दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

## गंगा टास्क फोर्स ने एक पेड़ मां के नाम उपलक्ष में चलाया जागरूकता अभियान

कानपुर द्य भारतीय सेना की 137 सी ई टी एफ बटालियन टी ए 39 गोरखा राइफल गंगा टास्क फोर्स ने पी एम श्री छावनी परिषद विद्यालय गोलाघाटए कानपुर कैंट मे विद्यालय के छात्र. छात्राओं के साथ मिलकर एक पेड़ मां के नाम के उपलक्ष में जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रधानाध्यापिका श्रुति कीर्ति दीक्षित एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे। गंगा टास्क फोर्स के कमान अधिकारी कर्नल रोहित श्रीवास्तव और कानपुर स्थित कंपनी कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल प्रफुल्लित कुमार वर्मा के दिशा निर्देश पर विगत 7 सालों से गंगा स्वच्छत अभियानएपौधा रोपणए घाटों की गश्तए जागरूकता अभियान निरंतर कर रही है। इस अवसर पर गंगा टास्क फोर्स के नायब सूबेदार रणवीर सिंह ने विद्यालय परिसर में उपस्थित छात्र.छात्राओ को संबोधित करते हुए बताया कि ष्एक पेड़ मां के नामष् एक ऐसी पहल है जो हमें अपनी मां के प्रति सम्मान व्यक्त करने के साथ.साथ प्रकृति की रक्षा का संदेश देती है। इस अभियान का उद्देश्य है कि हर व्यक्ति अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाए और उसकी देखभाल करें। आज जब पर्यावरण प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्या बढ़ रही है ऐसे में पेड़ लगाना और उन्हें बचाना हमारी जिम्मेदारी बन जाती है अगर हर व्यक्ति अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाये तो देश के कोने.कोने में हरियाली ही हरियाली हो सकती है और आने वाली पीढियां के लिए स्वच्छ और सुंदर पर्यावरण बनाया जा सकता है। इसलिए हम सभी को इस पहल का हिस्सा बनकर अपनी मां के प्रति प्रेम को प्रकृति की सेवा में बदलें क्योंकि एक पेड़ लगाना मां के आशीर्वाद को सहेजने जैसा है। इस अवसर पर गंगा टास्क फोर्स के जवानों ने छात्र.छात्राओं के साथ मिलकर विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया और पौधे वितरित किए एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलायी गयी।

# शक्ति डिग्री कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने निकाली जागरूकता रैली

**■ एनसीसी प्रभारी के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स द्वारा जनगणना जागरूकता हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई रैली**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, घाटमपुर।** जनगणना जागरूकता रैली निकाले जाने का सिलसिला शनिवार को भी जारी रहा।साखाहारी में स्थित श्री शक्ति डिग्री कॉलेज के एनसीसी प्रभारी कैप्टन विवेक त्रिवेदी के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स द्वारा जनगणना जागरूकता रैली निकाली गई। जिसे हरी झंडी दिखाकर महाविद्यालय से रवाना किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य जनगणना 2027 में सभी को अपनी.अपनी सही जानकारी देते हुए आपके घर पधारे ष्विकास व प्रगतिष् ;सरकारी जनगणना कार्यकर्ताद्ध का सहयोग करने हेतु जागरूक करना था।इस रैली में महा विद्यालय के यू पी 59 बी एन एनसीसी कैडेट्स वा छात्र.छात्राएं प्रमुख रूप से अपने.अपने हाथों में हर परिवार की भागीदारीएदेश के विकास की जिम्मेदारी जनगणना में सहयोग करें देश का विकास करें जैसे स्लोगन लिखी तख्तियां हाथों में लेकर चल रहे थे। रैली में प्रमुख रूप से महाविद्यालय के प्राध्यापक शिवशरण वर्माए मनोज कुमारए राऊनंदन विद्यार्थीए सुभाष सिंह आदि भी मौजूद रहे।



## छोटी काशी के नाम से विख्यात साढ़ में हुआ शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन

**-बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने त्रयंबकेश्वर के दर्शन कर चखा प्रसाद**



स्वतंत्र भारत ब्यूरो भीतरगांव कानपुर। विकासखंड भीतरगांव क्षेत्र में छोटी काशी के नाम से विख्यात कस्बा साढ़ में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा समारोह का तीन दिवसीय भव्य आयोजन श्रद्धा भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ अंतिम दिवस पहुंचे बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने दर्शन कर प्रसाद चखा।श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथा व्यास आचार्य श्री सुशील जी महराज ने अपने प्रवचन में कहा कि सनातन धर्म भारतीय संस्कृति संस्कार और सामाजिक एकता से ही समाज में भाईचारा सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना को जागृत किया जा सकता है। तीन दिन चले भव्य धार्मिक आयोजन ने पूरे कस्बे को शिवमय बना दिया हर ओर बोल बम का नारा है महादेव हमारा है की गूंज सुनाई देती रही कार्यक्रम के दौरान राजा त्रिवेदी अनूप शुक्ला धर्मेंद्र शुक्ला अनूप त्रिवेदी प्रदीप त्रिवेदी राजन मिश्रा विधायक प्रतिनिधि दिलीप सैनी प्रधान लल्ला सिंह धर्मेंद्र अवस्थी अमन सिंह आदि लोग मौजूद रहे

## 180 करोड़ से बन रहा देश का दूसरा स्पीच.हियरिंग इंस्टीट्यूट

. इलाजए शिक्षा और शोध सब एक ही छत के नीचेए अक्टूबर तक पूरा होगा काम

.अत्याधुनिक सुविधाएं हो रहीं विकसित

कानपुर। बोलने और सुनने से जुड़ी समस्याओं के इलाजए विशेष शिक्षा और शोध का काम जल्द ही कानपुर में शुरु होगा।

जिले के सुरार क्षेत्र में बन रहा ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट आफ स्पीच एंड हियरिंगए मैसूर के सेटेलाइट केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। इसके पूरा होने पर यह देश का दूसरा और उत्तर भारत का पहला स्पीच एंड हियरिंग इंस्टीट्यूट होगा। वर्तमान में इस स्तर का प्रमुख संस्थान केवल मैसूर में संचालित है। करीब 81 हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में 180 करोड़ रुपये की लागत से बन रही इस परियोजना को 31 अक्टूबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने निर्माणाधीन परिसर का निरीक्षण कर प्रगति और गुणवत्ता की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं होगा और निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। परिसर में 102 पुरुष और 102 महिला विद्यार्थियों के लिए अलग.अलग छात्रावास बनाए जा रहे हैंए जिससे देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा मिल सकेगी।

पूर्व.प्राथमिक ब्लॉक में छोटे बच्चों में शुरुआती अवस्था में ही सुनने और बोलने से जुड़ी समस्याओं की पहचान और उपचार की व्यवस्था रहेगीए जिससे समय पर हस्तक्षेप संभव होगा। इस केंद्र में मैसूर स्थित संस्थान की तर्ज पर अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। यहां आधुनिक ऑडियोलॉजी प्रयोगशालाएंए वाक् चिकित्सा कक्षए श्रवण परीक्षण इकाइयांए विशेष जरूरत वाले बच्चों के लिए प्रारंभिक हस्तक्षेप सेवाएं तथा प्रशिक्षण और शोध के उन्नत संसाधन उपलब्ध होंगे।

## पुलिस आयुक्त द्वारा परीक्षा केंद्रों का किया गया निरीक्षण

कानपुर द्य नीट ;यूजीद्ध 2026 की लिखित परीक्षा के दृष्टिगतए पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने श्री सुभाष स्मारक इण्टर कॉलेज साकेत नगरए कानपुर कन्या महाविद्यालय इंटर कॉलेज किदवई नगरए महिला महाविद्यालय पीजी कॉलेज किदवई नगर एवं अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्थाए सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलताए अभ्यर्थियों की सुव्यवस्थित प्रवेश.व्यवस्थाए बैठने की समुचित व्यवस्थाए प्रकाशए स्वच्छता एवं पेयजल सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं जायजा लिया गया। इस दौरान केंद्र व्यवस्थापकों से समन्वय स्थापित करते हुए परीक्षा को निष्पक्षए शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। परीक्षा केंद्रों के आसपास यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखनेए भीड़.भाड़ नियंत्रित करने एवं सुदृढ़ कानून.व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा.निर्देश दिये।

# विधायक ने सड़कों का लोकार्पण कर कहा कि उन्होंने किया वादा पूरा

**– वित्तीय वर्ष 2025.2026 के विकास कार्यों का लोकार्पण के साथ सम्पन्न हुआ शुभारंभ**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो घाटमपुर।** विधानसभा क्षेत्र घाटमपुर में करोड़ों की लागत से बनने वाली सड़कों के लोकार्पण व शिलान्यास का सिल सिला रविवार को भी जारी रहा। विधायक सरोज कुरील ने विधायक निधि योजना से वित्तीय वर्ष 2025.2026 में रविवार को भी विकास कार्यों का लोकार्पण व शुभारंभ किया। विधान सभा क्षेत्र के शाखाहारी ;भीतरगांवद्ध गांव में राकेश साहू की दुकान से मिस्त्री के दरवाजे तक 11ण10 लाख की लागत से इंटरलॉकिंग निर्माण कार्यए इसी तरह ग्राम हरबसपुर;भीतरगांवद्ध में मेन रोड सीताराम मेहतर के दरवाजे से गंगाराम के घर तक 13ण70 लाख की लागत से नाली एवं इंटरलॉकिंग निर्माण कार्यों का



लोकार्पणध्शिलान्यास किया गया। जिस ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए विधायक को हाथों हाथ लेने के साथ फूल मालाओं से लाद दिया। लोगों खासतौर पर महिलाओं ने खुशी जताते हुए कहा कि इन सड़कों के बनने का वह लोग सालों से इंतजार कर रही थीं।

जिसे अपने पूरा किया। वहीं विधायक ने कहा कि वह कहने से ज्यादा करने पर विश्वास करती हैं। आने वाले समय में भी न सिर्फ बिना भेद भाव के विकास कार्य होंगेएबल्कि आप सबकी सेवक के रूप में काम करती रहूंगी।

उन्होंने आगे कहा कि इन दोनों विकास कार्यों से क्षेत्रीय जनमानस को आवागमन में सुविधा के साथ जल निकासी की भी समस्या दूर होगी।

# लिंक एक्सप्रेस.वे के माध्यम से गंगा एक्सप्रेस.वे से जुड़ेगा कानपुर

**■ .विधानसभा अध्यक्ष ने दिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश**

**■ विधानसभा अध्यक्ष ने की जनपद के समग्र विकास कार्यों के समीक्षा बैठक दिए आवश्यक निर्देश**

कानपुर द्य विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में सरसैयाघाट स्थित नवीन सभागार में जनपद के समग्र विकास की समीक्षा बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक में गंगा एक्सप्रेसवे से कानपुर को जोड़ने के लिए शीघ्र प्रस्ताव तैयार करनेए रामादेवी से गोल चौराहा तक प्रस्तावित एलीवेटेड ट्रैक निर्माण में तेजी लाने और जाजमऊ से चकेरी एयरपोर्ट तक सुगम एवं निर्बाध मार्ग विकसित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में यातायात प्रबंधन को प्राथमिकता देते हुए आईटीबीपी नरवल मोड़ पर अंडरपास निर्माणए जाजमऊ से एयरपोर्ट तक सड़क को जाम मुक्त बनाने तथा शहर के प्रमुख मार्गों को व्यवस्थित करने पर जोर दिया गया। एयरपोर्ट के वैकल्पिक मार्ग को भी सुव्यवस्थित कर कम समय में यात्रियों की पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विधानसभा अध्यक्ष ने सैमसी झील के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण के संबन्ध में आवश्यक निर्देश दिए। बताया गया कि सैमसी झील के रखरखाव के लिए पीपीपी मॉडल पर ग्राम पंचायत द्वारा अनुबंधित संस्था मत्स्य जीवी सहकारी समिति द्वारा जलकुंभी की सफाई का कार्य किया जा रहा है जिसे दो माह में पूर्ण कर लिया जाएगा। गंगा नदी पर स्थित डोमनपुर सेतु के सुदृढ़ीकरण के संबन्ध में बताया गया कि उक्त सेतु की मॉडल स्टडी आईआईटी बीचयू द्वारा किया गया है। उक्त सेतु की लंबाई 1000 मीटर से बढ़कर 1300 मी करने की संस्तुति की गई है जिसका प्रस्ताव शासन स्तर पर लंबित है। विधानसभा अध्यक्ष ने डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत ग्राम गोपालपुरए दौलतपुर व मोहीपुर में भूमि अधिग्रहण के तहत किसानों को उचित मूल्य दिलाने का निर्देश दिया। बताया गया कि उक्त क्रयध् पुनरग्रहण के संबंध में यूपीडा को पत्र भेजा गया है। बैठक में जन प्रतिनिधियों ने विद्युत ट्रिपिंग का मुद्दा उठाया पर केस्को के एमडी ने अवगत कराया की ओवरलोडिंग वाले क्षेत्रों में मोबाइल ट्रांसफार्मर स्थापित किए जा रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने बतियापुरवा में सीटीपी का निर्माण 30 जून 2026 तक पूर्ण करने का निर्देश दिया रामादेवी से गोल चौराहा तक प्रस्तावित एलीवेटेड ट्रैक निर्माण में आ रही बाधाओं को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए गएए जिससे कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरा हो सके। बैठक में बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश भी दिए गए। सोमनाथ मंदिर तालाब पर अतिक्रमण की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कमेटी गठित कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही शहर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने के लिए संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने को कहा गयाए जिससे आमजन को जाम की समस्या से राहत मिल सके। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में प्राइवेट अस्पतालों की मनमानी पर सख्ती बरतते हुए मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता योजना और आयुष्मान योजना के अंतर्गत पीजीआई की निर्धारित दरों पर ही उपचार सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। निर्धारित दरों का पालन न करने वाले अस्पतालों को पैनल से हटाने की चेतावनी भी दी गई। विधानसभा अध्यक्ष ने सरायमीता क्षेत्र में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक में डिफेंस कॉरिडोर के विस्तार के तहत जनपद में मिसाइल निर्माण इकाई स्थापित किए जाने की जानकारी दी गईए जिससे क्षेत्र के औद्योगिक और सामरिक महत्व को बल मिलेगा। माननीय अध्यक्ष ने सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने और कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में महापौर प्रमिला पाण्डेयए जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुणए विधायक नीलिमा कटियारए विधायक सरोज कुरीलए विधायक राहुल बच्चा सोनकरए विधायक सुरेंद्र मैथानीए संयुक्त पुलिस आयुक्त संकल्प शर्माए जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंहए सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## आयोग की अध्यक्ष व विधायक ने किया मूर्ति का अनावरण



**-उन्होंने कर्तव्यनिष्ठ जीवनएउनके साहस एवं समाज के प्रति उनके योगदान को सराहा**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, घाटमपुर।** रविवार को क्षेत्र ग्राम ओरिया में स्वर्गीय शिवपाल सिंह यादव ;उपनिरीक्षकद्ध की मूर्ति का अनावरण मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची साध्वी निरंजन ज्योति ;अध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग व क्षेत्रीय विधायक सरोज कुरील द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परास जिला पंचायत क्षेत्र की पूर्व प्रत्याशी श्वेता रामजी शुक्ला द्वारा की गयी।कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने स्वर्गीय शिवपाल सिंह यादव के कर्तव्यनिष्ठ जीवनए उनके साहस एवं समाज के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि उप निरीक्षक का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत रहेगा।साथ उनकी सेवाओं को सदैव स्मरण किया जाएगा।विधायक सरोज कुरील ने कहा कि ऐसे कर्मठ और ईमानदार अधिकारी समाज के लिए आदर्श होते हैंए जिनकी स्मृति में स्थापित यह मूर्ति लोगों को सदैव प्रेरित करती रहेगी।कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकए सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर स्वर्गीय शिवपाल सिंह यादव जी को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।इस मौके पर अनुराग यादवएसूर्यकान्त तिवारीए रोहित यादवएअनूप यादवए विक्रम सिंह मयंक अवस्थीएशाहरुख मंसूरीएसोमनाथ सचानएअभिषेक यादवए राज कुमार द्विवेदी आदि लोग उपस्थित रहे ।

## अधेड़ ने मानसिक तनाव के चलते फंदा लगाकर की आत्मकथा

कानपुर। हरवंश मोहाल थाना क्षेत्र में घरेलू कलह के कारण मानसिक तनाव में चल रहे अधेड़ ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त वह घर पर अकेले थे। भाई ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम बुलाकर जांच पड़ताल की। पुलिस को कमरे से एक सुसाइड नोट मिला। जिसमें लिखा था कि मेरी मौत के बाद संपत्ति मंदिर में दान करने की बात लिखी हुई थी। कछियाना मोहाल निवासी संदीप कुमार पांडेय ;57द्ध कॉस्मेटिक दुकानदार थे। परिवार में पत्नी प्रीतिए बेटा शिवम और एक शादीशुदा बेटी है। पुलिस ने बताया कि उनका बेटा बहू और पौत्र के साथ गुजरात में रहता है। जबकि उनकी पत्नी कुछ दिनों पहले बेटी के पास वृंदावन गई है। घरेलू कलह और एकांकी जीवन के कारण वह कई दिनों से मानसिक तनाव में चल रहे थे। शनिवार को भाई राजाराम उन्हें बुलाने गए तो उनका शव दुपट्टे के सहारे पंखे से लटकता हुआ मिला। एसीपी कोतवाली आशुतोष कुमार ने बताया कि मृतक के कमरे में एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें घरेलू कलह के साथ मौत के बाद उनकी सम्पत्ति मंदिर में दान करने की बात लिखी है। फिलहाल मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है।

# शबाब पर पहुंचने लगी है डग्गामार वाहनों की अराजकता

**ऽ चौराहे के आस पास से लेकर रोड़वेज बस स्टैण्ड तक रहता है इनका कब्जा ही कब्जा**

**घाटमपुर।** शासन द्वारा घाटमपुर के रोड़ वेज बस स्टैण्ड के कायाकल्प के लिए भले ही अब तक करोड़ों खर्च कर दिए गए होंए मगर बस स्टैण्ड का न ही अब तक कायाकल्प कल्प हुआ है और न रोड़ वेज बसों का संचालन बस स्टैण्ड से शुरू हो सका। विधायक सरोज कुरील के नाराजगी जताने पर इतना फर्क जरूर पड़ा है कि ओवर ब्रिज से गुजरने वाली रोडवेज बसें सर्विस रोड़ से आने के साथ बस स्टैण्ड के अन्दर जाने के बजाए सड़क पर सवारियां उतारने व बैठाने लगी हैं। लोगों की माने तो मगर डग्गामार वाहनों की अराजकता पर अभी भी कोई फर्क नहीं पड़ा है।चौराहे के आस पास के सर्विस रोड़ से लेकर रोड़वेज बस स्टैण्ड तक इनका व ई रिक्शों का न सिर्फ कब्जा रहता हैए बल्कि जिम्मेदारों की खामोशी से अराजकता ही अराजकता देखने को मिलती है। जिसमे सबसे बुरा हाल रोड़ वेज बस स्टैण्ड के बाहर का हो गया है। जहां वैनए ऑटो खुलेआम सवारियां भर रही हैंए लोगों का कहना



है है कि यहां की तो ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।घाटमपुर से पतारा व लखनऊ रूट तक की गाड़ियां यहीं खड़ी होकर यात्रियों को बैठाती हैंए जिसके कारण हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। चौराहे पर फंसे लोग घंटों जाम में परेशान रहते हैं। चारों तरफ हॉर्नए भीड़ और अफरा.तफरी का माहौल बना रहता है। जिसका नजारा चौराहे व रोड़ वेज बस स्टैण्ड के सामने ओवर ब्रिज के नीचे खड़ी ट्रैफिक पुलिस देखती रहती है।

### बीमारी से तंग वृद्ध ने लगाई फांसी

फतेहपुर। बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम जरारा में बीमारी से तंग 70 वर्षीय वृद्ध ने गांव के बाहर खेत में पेड़ से फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार जरारा गांव निवासी स्व0 सोनी यादव का पुत्र रामऔतार यादव टीबी की बीमारी से पीड़ित था। काफी इलाज कराया गया लेकिन कोई फायदा न मिला जिससे तंग आकर वृद्ध शनिवार की शाम घूमने के बहाने निकला और गांव के बाहर खेत में नीम के पेड़ में रस्सी का फंदा डाल फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई को परिजनों में कोहराम मच गया।

## नवागंतुक सेल्स ऑफिसर जरीन अकरम का पेट्रोलियम ट्रेडर्स एसो. ने किया स्वागत



फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। पेट्रोलियम ट्रेडर्स एसोसिएशन के बैनर तले रविवार को शहर के पटेल नगर चैराहा स्थित एक होटल में स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन की नवागंतुक सेल्स ऑफिसर सुश्री जरीन अकरम का स्वागत किया गया, साथ ही पूर्व सेल्स ऑफिसर निलय शंकर को उनके सफल कार्यकाल के लिए सम्मानित करते हुए विदाई दी गई।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता मौजूद रहे। उन्होंने नवागंतुक अधिकारी का जनपद में स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में जिले के पेट्रोलियम व्यापारियों को बेहतर मार्गदर्शन मिलेगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रिंस रियासत अली ने भी अपने विचार साझा किए।

एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने नवागंतुक अधिकारी सुश्री जरीन अकरम का परिचय कराया और उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। महासचिव डॉ. ज्ञानेन्द्र सचान ज्ञानू ने निवर्तमान अधिकारी निलय शंकर के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनके सहयोगपूर्ण व्यवहार को सदैव याद रखा जाएगा।

इस अवसर पर भारी संख्या में जिले के आई.ओ.सी.एल. डीलर्स उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से शिशिर गुप्ता, आदर्श पटेल, पप्पू द्विवेदी, अंकित सिंह चैहान, मनोज तिवारी, सुरेश शुक्ला, मुकेश पटेल, राजा गुप्ता, पवन सरावगी, प्रेम शंकर गुप्ता शामिल हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने सामूहिक भोज में भाग लिया और व्यापारिक हितों पर चर्चा की। एसोसिएशन ने नवागंतुक अधिकारी को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## कलेक्ट्रेट में बुलडोजर कार्रवाई पर महासंग्राम वकीलों और एसडीएम के बीच तीखी झड़प

**फतेहपुर।** जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर में रविवार को उस समय भारी हंगामा खड़ा हो गयाए जब जिला प्रशासन अवैध अतिक्रमण हटाने की मंशा से बुलडोजर लेकर पहुंचा। अधिवक्ताओं के शेड और चैंबरों को ध्वस्त करने की इस कार्रवाई का वकीलों ने पुरजोर विरोध कियाए जिससे मौके पर प्रशासन और बार के सदस्यों के बीच तीखी झड़प और धक्का.मुक्की की नौबत आ गई।

नोटिस के बाद गरमाया मामला मिली जानकारी के अनुसारए सदर तहसील परिसर की सरकारी जमीन पर कुछ अधिवक्ताओं द्वारा अवैध रूप से शेड और चैंबर बनाए गए थे। प्रशासन का दावा है कि इस संबंध में पहले ही नियमानुसार नोटिस जारी किए जा चुके थे। रविवार की छुट्टी का लाभ उठाते हुए जैसे ही प्रशासनिक टीम बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंचीए वकीलों का गुस्सा फूट पड़ा। देखते ही देखते सैकड़ों अधिवक्ता वहां जमा हो गए और कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया।



ैक्ड और बार अध्यक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हंगामे के दौरान एसडीएम सदर और बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के बीच जमकर कहासुनी हुई। दोनों पक्षों के बीच हुई इस तीखी बहस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा हैए जिसमें प्रशासनिक अधिकारी और वकील आमने.सामने नजर आ रहे हैं। वकीलों ने प्रशासन पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की।

भारी पुलिस बल की तैनाती

हालात हाथ से निकलते देख मौके पर कई थानों की पुलिस और भारी पीएसी बल तैनात कर दिया गया। अधिकारियों ने वकीलों को समझाने की कोशिश कीए लेकिन अधिवक्ता अपनी जगह से हटने को तैयार नहीं थे। पुलिस की मुस्तैदी के चलते फिलहाल बड़ी हिंसा तो टल गईए लेकिन परिसर में तनाव चरम पर है।

आगे की राह

फिलहाल प्रशासन ने कार्रवाई को लेकर कड़ा रुख अपनाया हुआ हैए वहीं अधिवक्ताओं का कहना है कि यह उनके कार्यस्थल का अपमान है। इस घटना के बाद बार एसोसिएशन ने आगामी रणनीति बनाने के लिए बैठक बुलाई है। कलेक्ट्रेट परिसर में अभी भी सुरक्षा घेरा सख्त बना हुआ है।

### पुलिया के नीचे बरामद हुआ वृद्ध का शव

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम देवलान में शनिवार की दोपहर जानवरों के लिए चारा लेने गये 60 वर्षीय वृद्ध का शव गांव के समीप स्थित नर्सरी के पास पुलिया के नीचे से पुलिस ने बरामद कर विच्छेदन गृह भेजा है। जानकारी के अनुसार देवलान गांव निवासी श्रीराम का पुत्र अमृत चन्द्र उर्फ अमृत लाल शनिवार की दोपहर जानवरों के लिए चारा लेने खेत गया था। काफी देर बीतने जाने के बाद जब वह घर नहीं आया तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की लेकिन कोई सुराग न लगा। रविवार की सुबह गांव के समीप स्थित नर्सरी पुलिया के नीचे से वृद्ध का शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया। वहीं मृतक पुत्र के अनुसार हो सकता है कि किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से पिता की मौत हो गयी है।

## 40 वर्षों का इंतजार खत्म- पूर्वी रानी कॉलोनी में जल निकासी परियोजना का शुभारंभ

**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** आवास विकास वार्ड नं 02 स्थित पूर्वी रानी कॉलोनी के लिए आज का दिन इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया। लगभग 40 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय बी.पी. सिंह के क्षेत्र के विकास से जुडे स्वप्न को साकार होते देखा गया। कॉलोनी में जलभराव की समस्या से मुक्ति दिलाने हेतु विकास कार्यों का विधिवत उद्घाटन किया गया, जिससे स्थानीय निवासियों में हर्ष की लहर दौड गई।



इस ऐतिहासिक अवसर पर उपस्थित जनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पूर्व सदर विधायक विक्रम सिंह और राष्ट्रीय पिछडा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की। वक्ताओं ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व की प्रबल इच्छाशक्ति के कारण ही दशकों पुरानी इस समस्या का समाधान संभव हो पाया है। परियोजना के सफल क्रियान्वयन की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश जल निगम के मार्गदर्शन में ई.डबल्यू.एस. कंपनी को सौंपी गई है। उद्घाटन समारोह के दौरान कार्यदायी संस्था की तकनीकी टीम और ठेकेदारों की उपस्थिति सराहनीय रही। इस अवसर पर प्रोजेक्ट मैनेजर अभिजीत कुमार पांडे, साइट इंजीनियर प्रांशु जी और पेटी कॉन्ट्रैक्टर शुभ कॉन्ट्रैक्टर एंड सप्लायर के दिनेश कुमार ने कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता का भरोसा दिलाया।

समारोह में क्षेत्र के विशिष्ट जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें श्रीमती संध्या त्रिपाठी, आशीष अग्निहोत्री, सभासद विनय तिवारी, विवेक नागर, आनंद मान सिंह, अरुण तिवारी, विजय कृष्ण त्रिपाठी उर्फ लाला त्रिपाठी, उदय सिंह एड. और बृजेश अवस्थी प्रमुख रहे। कार्यक्रम के अंत में वक्ताओं ने कहा कि आज का दिन कॉलोनी के लिए एक नए युग की शुरुआत है। जल निकासी का मार्ग प्रशस्त होने से न केवल वर्तमान की समस्याएं दूर होंगी, बल्कि भविष्य के उज्ज्वल और स्वच्छ वार्ड की परिकल्पना भी साकार होगी। इस अवसर पर असंख्यनागरिक विकास कार्य के साक्षी बने।

## शहर में जाम से मुक्ति के लिए नया ट्रैफिक प्लान

- मंगलवार और शनिवार को वन-वे व्यवस्था

फतेहपुर। शहर के व्यस्त बाजारों को जाम से राहत दिलाने के लिए यातायात पुलिस ने नया ट्रैफिक प्लान लागू किया है। पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया। अब सप्ताह में दो दिन, मंगलवार और शनिवार को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक पीलू तले चैराहे से चैक चैराहे तक वन-वे व्यवस्था लागू रहेगी। इस दौरान प्रमुख बाजार मार्गों पर बसों और ट्रैक्टरों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

नए प्लान के तहत स्कूल प्रबंधन से भी अपील की गई है कि वे इन दो दिनों में बडे वाहनों की जगह छोटी वैन या मैजिक का उपयोग करें। स्कूल वाहनों के लिए अलग मार्ग निर्धारित किया गया है। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया कि पत्थरकटा से चैक और वर्मा चैराहे से बाकरगंज मार्ग पर भारी वाहनों की श्नो एंट्रीश् रहेगी। इस व्यवस्था का दो सप्ताह तक परीक्षण किया जाएगा, जिसके बाद इसे स्थायी रूप देने पर विचार होगा। पुलिस ने व्यापारियों और नागरिकों से इस व्यवस्था को सफल बनाने में सहयोग की अपील की है।

## एक युग का अंत- 103 वर्षीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्वनाथ खन्ना का निधन, जिले में शोक की लहर

- मलवां ब्लॉक के अंतिम जीवित सेनानी थे खन्ना, प्रशासनिक अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने दी श्रद्धांजलि



चैडगरा (फतेहपुर)। देश की आजादी की लडाई में अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले मलवां ब्लॉक के एकमात्र जीवित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्वनाथ खन्ना का शनिवार की रात निधन हो गया। 103 वर्षीय खन्ना लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर फैलते ही जनपद के राजनीतिक और सामाजिक गलियारों में शोक की लहर दौड गई।

कल्यानपुर गांव में पसरा मातम- दिवंगत सेनानी मलवां विकास खंड के कल्यानपुर गांव के निवासी थे। उनके नाती एडवोकेट सत्यम खन्ना ने बताया कि बाबा का अंतिम संस्कार गांव के बाहर उनके निजी खेतों में ससम्मान किया जाएगा। 103 वर्ष की आयु में उनके देहावसान को क्षेत्र के लोग एक गौरवशाली युग का अंत मान रहे हैं।

प्रशासन ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि- स्वतंत्रता सेनानी के सम्मान में उप जिलाधिकारी प्रियंका अग्रवाल और सीओ बिदकी गौरव शर्मा ने गांव पहुंचकर पुष्पचक्र अर्पित किए और उनके योगदान को नमन किया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने भी जनपद के इस अनमोल रत्न के खोने पर गहरा दुःख प्रकट किया है।

विश्वनाथ खन्ना के निधन पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख जितेंद्र सिंह जीतू, प्रधानाचार्य रणविजय सिंह, समाजसेवी विनोद विश्वकर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष उदयभान गुप्ता, समिति प्रवक्ता आलोक गौड, शिवशंकर सिंह सहित बडी संख्या में ग्रामीणों और गणमान्य नागरिकों ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। लोगों का कहना है कि खन्ना जी का जीवन राष्ट्रभक्ति का जीवंत दस्तावेज था।

**- साहित्यिक कीर्तिमान- शैलेन्द्र साहित्य सरोवर की 435वीं साप्ताहिक काव्य गोष्ठी संपन्न**

### परोपकार और मानवीय मूल्यों की कविताओं से सराबोर हुए श्रोता

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। मुराइन टोला स्थित हनुमान मंदिर में श्शैलेन्द्र साहित्य सरोवरश् के बैनर तले 435वीं साप्ताहिक रविवासरीय सरस काव्य गोष्ठी का भव्य आयोजन हुआ। के.पी. सिंह कछवाह की अध्यक्षता एवं शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी के सफल संचालन में कवियों ने अपनी लेखनी से भक्ति, प्रेम और सामाजिक सरोकारों के विविध रंग बिखेरे। मंदिर के पुजारी विजय कुमार शुक्ल ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। गोष्ठी का आगाज करते हुए अध्यक्ष के.पी. सिंह कछवाह ने मां सरस्वती की वंदना की और पढ़ा- बुद्धि-मन निर्मल करो मां, हम उतारें आरती। उन्होंने परोपकार पर जोर देते हुए कहा कि जो दूसरों के लिए जीता है, वही जग में पूजा जाता है। डॉ. सत्य नारायण मिश्र ने सच्ची मित्रता को रेखांकित करते हुए कहा- जो जन दुख में साथ दे, सच्चा साथी होय। अनिल कुमार मिश्र ने काव्यमयी आग्रह करते हुए पढ़ा- प्रेरणा बनकर हमारी, गीत में ढल जाओ तुम। प्रदीप कुमार गौड ने प्रभु भक्ति और नारद जी के प्रसंग को अपनी पंक्तियों में पिरोया। डॉ. शिव सागर साहू ने वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य पर पढ़ा- वैश्विक संकट है बना, होर्मुज का टकराव। शांतिवार्ता सफल हो, हो जल्दी निपटाव।। राम अवतार गुप्ता ने अपनी रचना से नारद महिमा का गुणगान किया। शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी ने प्रेम की शक्ति को सबसे सुंदर बताते हुए पढ़ा- प्यार सभी से सुंदर, जो सबको सुंदर करता है।

### विवाहित महिला 30 घंटे से लापता, पति ने पुलिस को दी तहरीर

बिंदकी (फतेहपुर)। कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के फिरोजपुर गांव से एक 20 वर्षीय विवाहित महिला शनिवार सुबह से लापता है। 30 घंटे से अधिक बीत जाने के बाद भी महिला का कोई सुराग न मिलने पर पति ने पुलिस को सूचना दी है। जानकारी के अनुसार, फिरोजपुर निवासी दिनेश की 20 वर्षीय पत्नी अर्चना देवी शनिवार सुबह करीब 11रू30 बजे अचानक घर से लापता हो गई। पति दिनेश ने बताया कि वह शनिवार को एक अंतिम संस्कार में बाहर गया था और घर पर उसकी मां तथा पत्नी अर्चना थीं। जब वह वापस लौटा तो पत्नी घर पर नहीं थी।

परिजनों द्वारा रविवार शाम 5 बजे तक (करीब 30 घंटे) महिला की काफी खोजबीन की गई, लेकिन कहीं पता नहीं चला। इसके बाद पति दिनेश ने रविवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच-पडताल शुरू कर दी है।

## हर घर बिजली का दावा हवा: फतेहपुर के पॉश इलाके में अंधेरा

- विभाग ने भाजपा नेता से कहा- अपने पैसे से लगवाएं ट्रांसफार्मर


फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। केंद्र और प्रदेश सरकार जहाँ अमृत काल में हर घर को रोशन करने और अंतिम व्यक्ति तक बिजली पहुँचाने का दम भर रही है, वहीं जिला मुख्यालय के घने इलाकों की हकीकत इन दावों को ठेंगा दिखा रही है। ताजा मामला शहर की स्टार सिटी कॉलोनी (लाल कोठी, देवीगंज) का है, जहाँ वर्षों से बिजली कनेक्शन के लिए भटक रहे एक उपभोक्ता को विभाग ने न केवल आर्थिक और मानसिक रूप से प्रताडित किया, बल्कि अब बुनियादी ढांचा विकसित करने के लिए खुद के पैसे खर्च करने की अजीबोगरीब सलाह दे डाली है। भाजपा नेता राजा सिंह कछवाह ने मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी को भेजे शिकायती पत्र में विभाग की तानाशाही उजागर की है। उन्होंने बताया कि अपनी पत्नी सरस्वती देवी के नाम से घरेलू कनेक्शन के लिए उन्होंने अक्टूबर 2024 में ऑनलाइन आवेदन किया था। विभाग ने कनेक्शन देने के बजाय उनकी फाइल दबा दी और उल्टा उनके खिलाफ बिजली चोरी की एफ आई आर दर्ज करा दी। इस विभागीय उत्पीडन और कानूनी दबाव के चलते उन्हें जबरन 68,000 रुपये जमा करने पडे, जो एक साधारण परिवार के लिए बडी आर्थिक चोट थी।

भाजपा नेता ने हार मानकर मार्च 2026 में पुनः आवेदन किया। इसके बाद 07 अप्रैल 2026 को आनन-फानन में लाइनमैन भेजकर घर का कनेक्शन तो जोड दिया गया, लेकिन लगभग एक महीना बीतने के बाद भी विभाग ने न तो कनेक्शन की आधिकारिक रसीद दी है और न ही मीटर लगाया है। उपभोक्ता का आरोप है कि बिना मीटर और रसीद के कनेक्शन जोडना विभाग की सोची-समझी साजिश है, ताकि भविष्य में दोबारा उन्हें अवैध बिजली के नाम पर फंसाया जा सके।

हैरानी की बात यह है कि शहर का मुख्य और घना इलाका होने के बावजूद यह क्षेत्र पूर्ण विद्युतीकरण से वंचित है। विभागीय अधिकारी भाजपा नेता को ही नसीहत दे रहे हैं कि यदि उन्हें सुचारू बिजली चाहिए, तो वह अपने निजी खर्चे पर ट्रांसफार्मर और बिजली लाइन की व्यवस्था करवाएं। यह स्थिति तब है जब सरकार बुनियादी ढांचे के विकास के लिए करोडों का बजट आवंटित करती है। सवाल यह उठ रहा है कि अगर रसूखदार लोगों को भी कनेक्शन के लिए खुद का ट्रांसफार्मर लगवाना पडे, तो आम जनता का क्या होगा?

राजा सिंह कछवाह ने अधीक्षण अभियंता को अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि यदि 15 दिनों के भीतर विद्युत मीटर नहीं लगा और वैध कागजात उपलब्ध नहीं कराए गए, तो वह बिजली विभाग के खिलाफ माननीय न्यायालय की शरण लेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया है कि भविष्य में किसी भी कानूनी विसंगति के लिए विभाग स्वयं जिम्मेदार होगा। अब देखना यह है कि मुख्यमंत्री और डीएम तक मामला पहुँचने के बाद विभागीय अधिकारियों की नींद टूटती है या भ्रष्टाचार और लापरवाही का यह खेल यूं ही जारी रहता है।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव- संस्कार और शौर्य से मजबूत होगा समाज - साध्वी




फतेहपुर। अमौली विकास खंड के कौंह गांव में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची राष्ट्रीय पिछडा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। समारोह की अध्यक्षता पूर्व विधायक आदित्य पांडेय ने की, जबकि विधायक सरोज कुरील विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर बकेवर से जहानाबाद होते हुए कौंग गांव तक विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सजे-धजे रथ, ढोल-नगाडों और शंखध्वनि के साथ हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। साध्वी निरंजन ज्योति ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान परशुराम न्याय, शौर्य और तप के जीवंत प्रतीक हैं। उन्होंने जोर दिया कि संस्कारहीन समाज कभी मजबूत नहीं हो सकता, इसलिए युवाओं को अपनी सनातन परंपरा और संस्कृति से जुडना चाहिए। पूर्व विधायक आदित्य पांडेय ने इसे सामाजिक चेतना का महापर्व बताया। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। देर शाम तक जय परशुराम के जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा।

## खबर एक नज़र

### पूर्व सैनिकों ने क्रूज दुर्घटना के मृतकों को दी श्रद्धांजलि



- बार एसोसिएशन से मांगा सहयोग

फतेहपुर। पूर्व सैनिक उत्थान एवं लोक कल्याण समिति की मासिक बैठक कैप्टन प्रेम सागर शुक्ला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम जबलपुर में हुई क्रूज दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बाबू सिंह यादव और महासचिव अनुराग नारायण मिश्र का स्वागत किया गया। बैठक में पूर्व सैनिकों ने अधिवक्ताओं के साथ मिलकर सामाजिक समस्याओं के समाधान पर चर्चा की।

समिति के अध्यक्ष विद्याभूषण तिवारी ने अदालतों में झूठे मुकदमों और रंजिश के तहत लगाए जाने वाले गंभीर आरोपों पर चिंता व्यक्त की। इस पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बाबू सिंह यादव ने आश्वासन दिया कि वे जल्द ही अधिवक्ताओं और पूर्व सैनिकों का एक सेमिनार आयोजित करेंगे। इसमें नए अधिवक्ताओं को जागरूक किया जाएगा कि यदि कोई झूठा मुकदमा संज्ञान में आता है, तो उसे समझाइश से समाप्त कराया जाए। इस दौरान महिला थाना प्रभारी संगीता सिंह ने भी पारिवारिक विवादों के निपटारे के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

### स्टंट करना पडा भारी- नाबालिग को ट्रैक्टर देने पर पिता गिरफ्तार, वाहन सीज

फतेहपुर। सोशल मीडिया पर ट्रैक्टर से खतरनाक स्टंट करने का वीडियो वायरल होने के बाद बिंदकी पुलिस ने कडी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में बकेवर पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए स्टंट में प्रयुक्त ट्रैक्टर को सीज कर दिया है। जांच में पाया गया कि ट्रैक्टर संख्या यूपी -71 एपी -8360 का चालक नाबालिग था, जो खेतों में अनियंत्रित तरीके से वाहन दौडाकर लोगों की जान जोखिम में डाल रहा था। पुलिस ने वाहन स्वामी अजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। अजय पर आरोप है कि उन्होंने पुत्र के नाबालिग होने और स्टंटबाजी की आदत को जानते हुए भी उसे ट्रैक्टर चलाने के लिए दिया। पुलिस ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए वाहन स्वामी और स्टंट करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि इस तरह की स्टंटबाजी न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि इससे आमजन की जान-माल को भी गंभीर खतरा रहता है।

### मिशन शक्ति- महिलाओं और बालिकाओं को दी गई हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी

फतेहपुर। जिले में महिलाओं की सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति 5.0 के तहत व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले के सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों ने बाजारों, गांवों और सार्वजनिक स्थलों पर जाकर ग्राम चैपालों का आयोजन किया। इस दौरान महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया और उनके विधिक अधिकारों के प्रति उन्हें जागरूक किया गया।

पुलिस टीमों ने बालिकाओं को आपातकालीन स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त करने के लिए हेल्पलाइन नंबरोंकृमहिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास बढाना और उन्हें भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना है। यह अभियान जिले भर में लगातार जारी रहेगा।

### मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कर कराया भंडारा

फतेहपुर। खागा तहसील अन्तर्गत थाना सुल्तानपुर घोष क्षेत्र के नौबस्ता पुलिस चैकी नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कर्मकांडी ब्राह्मणों द्वारा वेद मंत्रो उच्चारण उपरान्त विधि विधान से हवन पूजन प्रारम्भ किया गया। नौबस्ता पुलिस चैकी के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एंव हवन पूजन के साथ भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। हवन पूजन में उपस्थित सभी पुलिस कर्मियों एंव समाज सेवियों ने क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि की ईश्वर से कामना किया। मंदिर निर्माण के अगुवा थाना प्रभारी तेजबहादुर सिंह, हेड कॉन्स्टेबल ओमप्रकाश पाण्डेय, उपनिरीक्षक रविंद्र कुमार और समस्त स्टॉफ के सौजन्य से मंदिर का निर्माण कराया गया। इस मौके पर गोपी निषाद, रामनारायण, मोनू आदि लोग मौजूद रहे।

### पांच दिन से लापता वृद्धा का शव गोहरारी गांव से बरामद

फतेहपुर। विगत पांच दिनो से लापता 65 वर्षीय वृद्ध महिला का शव चांदपुर थाना क्षेत्र के गोहरारी गांव के समीप रोड़ किनारे से ग्रामीणो की सूचना पर पुलिस शव बरामद करते हुए विच्छेदन गृह भेजा है। बताते चलें कि कानपुर नगर के थाना सजेती गांव मनीहारपुर निवासी दीपचन्द्र की पत्नी सोमवाती मानसिक रूप से विक्षिप्त थी। बताया जा रहा है कि 28 अप्रैल को वह खेतों की तरफ जा रही थी तभी से लापता हो गयी। काफी देर बीत जाने पर जब वह घर नहीं पहुंची तो परिजनो ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी लेकिन वृद्ध महिला का कोई पता न चला। शनिवार की शाम ग्रामीणो की सूचना पर चांदपुर थाने की पुलिस गोहरारी गांव के समीप रोड़ किनारे वृद्ध महिला का शव बरामद किया। उधर पुलिस ने महिला की शिनाख्त के लिए वृद्ध का फोटो वायरल किया। जिसके जरिये जानकारी हुयी। मौके में पहुंचे घर वालों ने मृतका की पहचान सोमवती के रूप में की है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### शिक्षा के भगवाकरण और मोदी तत्व के पाठ पर कांग्रेस का तीखा प्रहार- सुधाकर अवस्थी

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। अमृत काल के नाम पर देश की शिक्षा व्यवस्था में किए जा रहे बदलावों को जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता सुधाकर अवस्थी ने ज्ञान के पतन की पराकाष्ठा करार दिया है। उन्होंने उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रमों में मोदी तत्व के वैज्ञानिक विश्लेषण और आरएसएस के इतिहास को शामिल करने के निर्णय पर कडी आपत्ति जताते हुए इसे देश का दुर्भाग्य बताया है। सुधाकर अवस्थी ने कहा कि उच्च शिक्षा में उस व्यक्तित्व के अध्ययन का प्रस्ताव रखा गया है, जिन पर स्वयं उनकी पार्टी के नेताओं- सुब्रमण्यम स्वामी, सत्यपाल मलिक, आर.के. सिंह और समाजसेविका मधु किश्वर ने ऐसे गंभीर आरोप लगाए हैं जो आज भी अनुत्तरित हैं। उन्होंने प्रश्न किया कि जिस व्यक्ति का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विवादों से जुड़ा रहा हो और जिसने भारतीय संस्कृति के विपरीत अपनी धर्मपत्नी का परित्याग किया हो, उसे युवाओं के लिए शोध का विषय बनाना अनैतिक है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने अपने प्रहार में कहा कि न खाऊंगा, न खाने दूंगा का नारा देने वाले व्यक्ति के शासन में भ्रष्टाचार के नित नए कीर्तिमान स्थापित हुए हैं। उन्होंने सत्ता पक्ष पर लोकतंत्र को कलंकित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि देश में विधायक और सांसदों की खरीद-बिक्री की मंडी सजाकर चुनावी व्यवस्था को भ्रष्ट कर दिया गया है। ऐसे में जुमलेबाजी के जरिए प्रसिद्धि पाने वाले व्यक्ति को शैक्षिक पाठ्यक्रम में स्थान देना भारत की बौद्धिक गरिमा को चोट पहुँचाना है।आरएसएस को पाठ्यक्रम में शामिल करने पर अवस्थी ने संगठन के अतीत को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि जिस संगठन ने भारत की आजादी के आंदोलन का विरोध कर अंग्रेजों का साथ दिया, तिरंगे का अपमान किया और भारतीय संविधान की मूल भावना के विरुद्ध कार्य किया, वह आज युवाओं को राष्ट्रवाद का पाठ पढ़ाने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि धर्म के आधार पर देश का बंटवारा कराने और समाज में नफरत का प्रोपोगेंडा फैलाने वाला यह संगठन कभी भी शिक्षा के लिए आदर्श नहीं हो सकता। अपने वक्तव्य के समापन पर सुधाकर अवस्थी ने कहा कि सत्ता के लालच में छद्म राष्ट्रवाद का चोला पहनकर इस विचारधारा ने हिंदू सनातन धर्म को भी नुकसान पहुँचाया है। नकली शंकराचार्य और महामंडलेश्वर बनाकर धर्म के स्वरूप को विकृत करने वाले संघ को विश्वविद्यालयी पाठ में शामिल करना देश के भविष्य के लिए विनाशकारी कदम है। उन्होंने इसे भारतीय शिक्षा के स्तर में गिरावट की चरम सीमा बताते हुए सरकार के इस निर्णय की घोर निंदा की है।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## मौसम का खेल

पिछले लगभग एक पखवाड़े से ज्यादा समय के दौरान पूरे देश के लोगों को भीषण गर्मी का प्रकोप झेलना पड़ा है। इधर कुछ दिनों हल्की तेज बारिश और तेज हवाओं से कुछ राहत जरूर मिली मगर अभी गर्मी का पूरा सीजन बाकी है। यानी यह फौरी राहत थी और ज्यादा दिन नहीं चलने वाली। मौसम विभाग भी कह रहा है कि मई महीने में जोरदार गर्मी पड़नी है। उसका कहना है कि गए दौरान देश के कई हिस्सों सामान्य से अधिक दिनों तक हिट हीटवेव चल सकती है। कुछ राज्यों में गर्मी का जबरदस्त असर रहेगा। इसकी गंभीरता को यही तथ्य स्पष्ट करता है कि पिछले दिनों देश के कुछ हिस्सों में 42 से 49 डिग्री तक के तापमान ने लोगों का जीना दूभर कर दिया। जब तेज गर्मी का पूर्वानुमान है तो यह स्थिति दोहराने की भी पूरी संभावना है। यह सही है कि मौसम अपने हिसाब से चलता है और उसी तरह से उसमें उतार चढ़ाव भी आते हैं। लेकिन पिछले काफी समय से वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी के कारण गर्मी के दिनों में जो तमाम तरह की जटिलताएं खड़ी हो रही हैं, वे स्वाभाविक रूप से दुनियाभर के लिए गंभीर चिंता का विषय होनी चाहिए। इस जटिलता का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले दिनों तापमान की जो स्थिति रही, वह आमतौर पर मई के अंत और जून के दौरान रहती है। इस बार पश्चिम विक्षोभ और तूफानों में भी कभी देखी गई तो आसमानों को अल नीनो के प्रभाव से भी गर्मी में सामान्य से ज्यादा का इजाफा रहा। इस समय मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले कुछ दिनों के दौरान देश के अलग-अलग हिस्सों में मौसम मिला जुला रहेगा लेकिन कहीं-कहीं राहत के साथ भीषण गर्मी की वजह से स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ेंगी। यह बात इसलिए भी ध्यान देने कि सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ की वजह से उत्तर भारत के कई राज्यों में लू, उमस भरी गर्मी और गर्म रातों में आम आदमी परेशान रहा है । कुछ क्षेत्रों में आंधी पानी और बिजली गिरने की घटनाएं भी अधिक हुई हैं। मौसम के इस तरह से बदले स्वरूप को आगे के लिए बड़ी चेतावनी के रूप में देखा जाना चाहिए। इसके प्रति किसी भी तरह की लापरवाही नुकसानदेह हो सकती है। फिलहाल गर्मी के प्रति सावधान रहने के दिन अभी पूरे नहीं हुए हैं। पूरी सतर्कता बरतनी लंबे समय तक आवश्यक है।

## परियोजनाओं का प्रदेश

कभी बीमारू राज्य की श्रेणी में गिना जाने वाला उत्तर प्रदेश अब तेजी के साथ विकसित हो रहे राज्य के रास्ते पर आ गया है। तमाम बड़ी परियोजनाओं के तेज रफ्तार के साथ जमीन पर उतरने का क्रम लगातार जारी है तो सामाजिक स्तर पर भी कई कल्याणकारी प्रमुख का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। बड़ी बात है यह कि प्रदेश सरकार ने विभिन्न योजनाओं की घोषणाओं को केवल औपचारिकता तक ही सीमित नहीं रखा बल्कि उससे भी ज्यादा जोर उन्हें समय पर पूरा करने पर दिया है। इसका ताजा उदाहरण गंगा एक्सप्रेसवे है जिसका शिलान्यास 2021 की दिसंबर में हुआ और इस साल 26 अप्रैल को इसे जनता को समर्पित किया गया। इसी तरह बहुचर्चित जेवर एयरपोर्ट के पहले चरण का उद्घाटन भी बेहद कम समय में किया गया। इसके अलावा पूर्वांचल एक्सप्रेस वे तीन साल और बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे जैसी बड़ी योजनाएं रिकॉर्ड समय में पूरी हुई हैं। इन कामों का परिणाम यह है कि देश के एक्सप्रेसवे नेटवर्क में उत्तर प्रदेश की सहभागिता करीब 60% तक पहुंच गई है। उपलब्धि केवल यहीं तक नहीं है बल्कि रक्षा उत्पादन जैसे अति महत्वपूर्ण क्षेत्र में यूपी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल यूनिट और यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर इसके प्रभाव प्रबल उदाहरण हैं। इसी कड़ी में हवाई अड्डों का निर्माण भी है। करीब नौ साल पहले जहां प्रदेश में केवल दो हवाई अड्डे थे, वही अब यह 21 एयरपोर्ट के नेटवर्क की ओर तेजी के साथ बढ़ रहा है। मेट्रो और रैपिड रेल परियोजनाओं में भी तेजी आई है। लखनऊ में तो मेट्रो काफी पहले शुरू हो चुकी है। अब आगरा मेट्रो और मेरठ मेट्रो को भी चालू किया जा चुका है। अन्य शहरों में भी इसके विस्तार की परियोजनाओं पर तेजी के साथ काम चल रहा है। इस तरह सभी श्रेणियां के तेज यातायात और आयुध निर्माण की दिशा में प्रदेश तेजी के साथ कदम बढ़ा चुका है। इससे जहां एक ओर उच्च स्तरीय सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, वहीं आम लोगों को रोजगार भी सुलभ हो रहा है। महत्वपूर्ण बात यह है कि सीएम योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देशन में अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर भी काम चल रहा है और वे भी रिकार्ड समय में पूरी होने की ओर किसी के साथ अग्रसर हैं।

## काँव-काँव

♦♦♦

**सरकारी पुष्टाहार से वंचित बीकेटी क्षेत्र के बच्चे**
बड़ी बात ये कि रामनगरी में पर्यटक बढ़ रहे हैं!
**कामर्शियल एलपीजी सिलेंडर तीन हजार के पार**
अब बेरोजगार युवा पकौड़े भी नहीं तल पायेंगे!
**विश्वशांति के लिये बुद्ध मार्ग सर्वोत्तम-केपी मौर्या**
बुद्ध ने हथियार,शराब बेचने से मना किया था!
**कश्मीर में तनाव बढ़ाने की तैयारी में पाकिस्तान**
इधर चुनावी भाषणों में आपरेशन सिंदूर जारी!
**काम का दबाव बनता जा रहा खामोश कातिल**
इसीलिये लोग सरकारी नौकरी पसंद करते हैं!
**आगे युवा पीढ़ी तय करेगी देश की दिशा- महाना**
अभी पचहत्तर पार वाले हटने को तैयार नहीं है!

♦♦♦

# महाशक्ति के पतन का कारण बनती मासूमों की शहादत



-तनवीर जाफ़री

अमेरिका व इस्राईल द्वारा गत 28 फ़रवरी से ईरान पर किये गये संयुक्त हमलों में हालाँकि ईरान में मरने वालों की संख्या सूत्रों द्वारा अलग अलग बताई जा रही है। परन्तु अनुमानतः इन हमलों में अब तक लगभग 6,000 से भी अधिक ईरानी नागरिकों लोगों के मारे जाने की संभावना है। जबकि लगभग 26,500 से भी अधिक लोगों के घायल होने के आंकड़े सामने आये हैं। परन्तु ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह सैय्यद अली ख़ामनेई, अनेक उच्चस्तरीय नेता,अधिकारी व वैज्ञानिकों की हत्या से भी अधिक चर्चा ईरान में हुये जिस एक हमले को लेकर हो रही है वह है दक्षिणी ईरान के मिनाब शहर के एक प्राइमरी स्कूल पर 28 फ़रवरी को अमेरिकी वायु सेना द्वारा किया गया वह हमला जिसने हमले के समय स्कूल में पढ़ रहे 168 मासूम बच्चों को शहीद कर दिया। ईरान ने मुख्य रूप से इसी एक हमले को रेखांकित करते हुये विश्वशांति की बात करने वाले अमेरिका को पूरी दुनिया में बेनक़ाब करने की मुहिम चलाई। इतना ही नहीं बल्कि इसी हमले ने मानवीय संवेदना रखने वाले कई अमेरिकी सांसदों व उच्चाधिकारियों को भी आवाज़ उठाने को मजबूर किया।


याद कीजिये गत 10 अप्रैल 2026 को जब एक ईरानी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान की मध्यस्थता में अमेरिका से बात चीत करने के मक़सद से इस्लामाबाद पहुंचा था और अमेरिका की तरफ़ से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस वार्ता का नेतृत्व कर रहे थे उस समय ईरानी प्रतिनिधिमंडल जिस # Minab 168 अंकित विमान में बैठकर इस्लामाबाद आया था उस विमान ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा था। ईरानी स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ़,ईरानी विदेश मंत्री अरागची व ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने इसी # Minab 168 नामक विमान से ही तेहरान से पाकिस्तान की यात्रा की थी। इस विमान में आगे की 168 सीटों पर अमेरिकी हमले में शहीद हुये बच्चों की तस्वीरें रखी गईं। हर सीट पर उनके खून से सने हुये क्षतिग्रस्त स्कूल बैग व शहीद बच्चों के जूते व साथ ही उन्हें श्रद्धांजलि देने हेतु फूल भी रखे गये थे। यह पहला मौक़ा था जबकि ईरान जैसे किसी साहसी देश ने स्वयं को महाशक्ति बताने वाले अमेरिका के वास्तविक क्रूर चेहरे को इस निराले अंदाज़ से बेनक़ाब किया था। # Minab 168 विमान केवल पाकिस्तान ही नहीं आया बल्कि अरागची 26-27 अप्रैल को इसी विमान पर सवार होकर इस्लामाबाद और ओमान के दौरे के बाद रूस भी पहुंचे। जहां उन्होंने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से महत्वपूर्ण मुलाक़ात की।

अमेरिका में भी मिनाब के शहीद मासूमों का खून सर चढ़कर बोलता दिखाई दे रहा है। इस हमले को लेकर राष्टपति ट्रंप को राजनीतिक और सड़क स्तर पर भी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। डेमोक्रेट्स द्वारा साफ़ तौर पर इसे ग़ैर ज़िम्मेदाराना अमेरिकी हमला मानकर ट्रंप प्रशासन से इस हमले की ज़िम्मेदारी स्वीकार करने की मांग रहे हैं। क्योंकि जांच में अमेरिकी टोमाहॉक मिसाइल इस्तेमाल होने की पुष्टि हो चुकी है। यह मिसाइल केवल अमेरिका के पास ही है। अमेरिकी डेमोक्रेट सांसदों ने पेंटागन से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुये रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से जवाब भी तलब किया है। इन अमेरिकी सीनेटर्स ने इसे हताहत होने वाला दशकों का सबसे बुरा नागरिक मामला बताया है साथ ही ट्रंप प्रशासन पर अपनी जवाबदेही स्वीकार न करने का भी आरोप लगाया गया है। कई सीनेटर्स तो इसे अमेरिकी सेना की 'भयानक ग़लती' भी बता रहे हैं। इसी मिनाब घटना को लेकर अमेरिका में कई जगह सड़कों पर भी प्रदर्शन हुये हैं। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर से लेकर सैन फ्रांसिस्को, शिकागो और मिल्वौकी तक में कई जगह में हज़ारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे और उन्होंने 'हैंड्स ऑफ़ ईरान' के नारे लगाए। यहाँ की कैपिटल हिल पर प्रतीकत्मक रूप से बच्चों के स्कूल बैग रखकर विरोध प्रदर्शन हुआ। इसमें कई डेमोक्रेट सांसद भी शामिल हुये थे। हद तो यह है कि व्हाइट हाउस के बाहर इसी अप्रैल में हुए व्यापक प्रदर्शनों में ट्रंप को युद्ध अपराधी बताकर उसे हटाने की भी ज़ोरदार मांग हुई।

बहरहाल, इस्राईल हो या उसका संरक्षक अमेरिका,इन दोनों ही देशों ने विश्व अनेक देशों में 'युद्धापराध ' अंजाम देने के अनेक क्रूरतम इतिहास लिखे हैं। सही मायने में तो 'युद्धापराध' अंजाम देने के यह आदी हो चुके हैं। याद कीजिये 1960-70 के मध्य लंबे समय तक चले वियतनाम युद्ध को। यही अमेरिका है जिसने बड़ी बेरहमी से यहाँ लाखों लोगों की हत्यायें की थीं। इनमें एक दिल दहलाने वाली घटना दक्षिण वियतनाम के माई लाई गांव में हुई थी जहाँ न केवल 500 से अधिक निहत्थे नागरिकों जिनमें महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग शामिल थे की हत्या की गई थी बल्कि उनका सामूहिक बलात्कार किया गया उनके शवों का जलाया गया व अपमान किया गया था। पूरे के पूरे कई गांव जला दिए गये थे। इसी तरह 2003 के ईराक़ युद्ध के दौरान अबूग़रेब जेल में क़ैदियों की प्रताड़ना के अलावा इराक़ में कई नागरिक नरसंहार की घटनाएं हुईं। इसी तरह अफ़ग़ानिस्तान में भी नागरिक हत्या,बलात्कार जैसे कई कारनामे उजागर हुए थे। अमेरिका की तर्ज़ पर इस्राईल भी लेबनॉन, पश्चिमी किनारे व ग़ज़ा के इलाक़ों में मानव नरसंहार के कई इतिहास लिख चुका है। यह तो इतने क्रूर हैं कि भूखे बच्चों को पहले खाने पानी की लालच देकर भीड़ इकट्ठी करते हैं उसके बाद उन मजबूरों को खाना पानी देने के बजाये उनपर बंबारी कर हत्याएं कर देते हैं। इस्राईली प्रधानमंत्री तो इस समय अंतर्राष्ट्रीय अदालत का वांछित मुजरिम भी है। परन्तु इस बार इनका पाला पड़ा था ईरान में मिनाब के मासूमों से। इनकी चीख़ पुकार व बद्दुआएं पूरे विश्व में इस क़द्र गूँज रही हैं कि मानवीय ह्रदय रखने वाले अमेरिकी भी इस घटना से सदमे में हैं तथा वे यह महसूस कर रहे हैं कि यह घटना कहीं वैश्विक अमेरिकी चौधर के पतन का कारण न बन जाये। तभी ट्रंप प्रशासन इस घटना से पल्ला झाड़ने की असफल कोशिश करता भी दिखाई देता है। परन्तु वास्तविकता तो यह है कि मिनाब स्कूल हमले की वजह से और ईरान युद्ध नीति के चलते ही अमेरिका में ट्रंप की लोकप्रियता नकारात्मक 20-23 प्रतिशत तक गिर गई है। इसी तरह के विरोध के चलते ट्रंप ने अपने कई अधिकारियों को बर्ख़ास्त कर दिया जबकि कई ने इस्तीफ़ा देकर अपनी इज़्ज़त बचने में ही अपनी भलाई समझी। कहना ग़लत नहीं होगा कि मासूमों की शहादत को याद दिलाने वाला प्रतीक '# Minab 168' पूरे विश्व में नरसंहार की इबारत लिखने वाली महाशक्ति को बेनक़ाब कर छोड़ेगा तथा इसके पतन का कारण भी बनेगा।



## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### दशम् अध्याय

(गतांक से आगे

दोनों एक दूसरे के पूरक हैं) उत्पन्न होते हैं। इस संसार में ये (सम्पूर्ण दैवी सम्पद्) इन्हीं की प्रजा है। क्योंकि सप्त भूमिकाओं के संचार में 'दैवी सम्पद्' ही है, अन्य नहीं।

एतां विभूतिं योगं च मम यो वेत्ति तत्त्वतः।
सोऽविकम्पेन योगेन युज्यते नात्र संशयः ।।7।।

जो पुरुष योग की और मेरी उपर्युक्त विभूतियों को साक्षात्कार के साथ जानता है, वह स्थिर ध्यानयोग द्वारा मुझमें एकीभाव से स्थित होता है। इसमें कुछ भी संशय नहीं है। जिस प्रकार वायुरहित स्थान में रखे दीपक की लौ सीधी जाती है, कम्पन नहीं होता, योगी के जीते हुए चित्त की यही परिभाषा है। प्रस्तुत श्लोक में 'अविकम्पेन' शब्द इसी आशय की ओर संकेत करता है।

अहं सर्वस्य प्रभवो मत्तः सर्वं प्रवर्तते। इति मत्वा भजन्ते मां बुधा भावसमन्विताः ।।8।।

मैं सम्पूर्ण जगत् की उत्पत्ति का कारण हूँ, मुझसे ही सम्पूर्ण जगत् चेष्टा करता है- इस प्रकार मानकर श्रद्धा और भक्ति से युक्त विवेकीजन मेरा निरन्तर भजन करते हैं। तात्पर्य यह है कि योगी द्वारा मेरे अनुरूप जो प्रवृत्ति होती है, उसे मैं ही किया करता हूँ।

वह मेरा ही प्रसाद है। (कैसे है? इसे पीछे स्थान-स्थान पर बताया जा चुका है।) वे निरन्तर भजन किस प्रकार करते हैं? इस पर कहते हैं-

मच्चित्ता मगतप्राणा बोधयन्तः परस्परम्। कथयन्तश्च मां नित्यं तुष्यन्ति च रमन्ति च।।9।।

अन्य किसी को स्थान न देकर मुझमें ही निरन्तर चित्त को लगानेवाले, मुझमें ही प्राणों को लगानेवाले सदैव परस्पर मेरी प्रक्रियाओं का बोध करते हैं। गुणगान करते हुए ही सन्तुष्ट होते हैं तथा निरन्तर मुझमें ही रमण करते हैं। **क्रमशः...**

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**आत्मवर्गं परित्यज्य परवर्ग समाश्रितः।**
**स्वयमेव लयं याति यथा राजात्यधर्मतः।।**

जिस प्रकार कोई राजा अपने अधर्माचरण के कारण नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार अपनों को छोड़कर दूसरों को अपनाने वाला व्यक्ति भी अपने आप नष्ट हो जाता है।

♦♦♦

# वर्ल्ड लाफ्टर डे : बिना वजह हँसिए, क्योंकि यही असली जीना है



- कृति आरके जैन

चेहरे पर जमी थकान की परतें और आँखों में ठहर गया तनाव कई बार मुस्कान को भी एक औपचारिक अभिनय जैसा बना देते हैं। इसी बीच 04 मई को मनाया जाने वाला वर्ल्ड लाफ्टर डे समय की धारा में एक ऐसा विराम बनकर आता है, जो मन के भीतर जमा बोझ को हिलाकर हल्कापन की ओर मोड़ देता है। यह स्पष्ट करता है कि मनुष्य केवल जिम्मेदारियों का बोझ ढोने वाला अस्तित्व नहीं है, बल्कि उसके भीतर एक सहज, जीवंत और स्वतः प्रकट होने वाली ऊर्जा छिपी होती है, जो बिना किसी कारण पूरे वातावरण को हल्का कर सकती है। हँसी कोई सजावटी भाव नहीं, बल्कि भीतर जमे तनाव को पिघलाकर जीवन को पुनः सरल, खुला और सांस लेने योग्य बनाने वाली स्वाभाविक प्रक्रिया है। मुंबई के एक साधारण पार्क की जमीन पर खड़ा वह छोटा-सा प्रयोग आज दुनिया के कोने-कोने में फैल चुकी एक शांत लेकिन गहरी क्रांति का रूप ले चुका है। डॉ. मदन कटारिया ने जब हँसी को बिना किसी चुटकुले, बिना मंच और बिना प्रदर्शन के एक साधना के रूप में प्रस्तुत किया, तब यह विचार लोगों को असामान्य और नया लगा था। लेकिन समय के साथ यह पहल केवल अभ्यास नहीं रही, बल्कि हजारों लोगों की दिनचर्या में शामिल होने लगी। आज अनेक देशों में सुबह के समय लोग समूह बनाकर बिना किसी कारण के हँसते हैं। यह दृश्य साधारण मनोरंजन से आगे बढ़कर एक मानसिक पुनर्जागरण जैसा प्रतीत होता है, जहाँ हर व्यक्ति कुछ क्षणों के लिए अपने भीतर जमा तनाव और बोझ को छोड़कर हल्केपन का अनुभव करता है।

शरीर के भीतर चल रही सूक्ष्म प्रक्रियाओं पर यदि ध्यान दिया जाए तो हँसी एक ऐसी शक्ति प्रतीत होती है, जिसका असर किसी अदृश्य उपचार से कम नहीं होता। जब व्यक्ति खुलकर हँसता है, तो भीतर तनाव उत्पन्न करने वाले तत्व धीरे-धीरे कम होने लगते हैं और मन में हल्कापन बढ़ने लगता है। श्वास की लय बदल जाती है, हृदय की गति संतुलित होने लगती है और मानसिक दबाव धीरे-धीरे कम होता चला जाता है। इसी कारण अनेक चिकित्सकीय अध्ययन हँसी को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी मानते हैं। यह बिना किसी लागत के प्राप्त होने वाली ऐसी प्राकृतिक ऊर्जा है, जो शरीर और मन दोनों को संतुलन और स्थिरता की दिशा में ले जाती है। हँसी का सबसे विलक्षण गुण यही है कि उसे समझने के लिए किसी शब्द या अनुवाद की आवश्यकता नहीं पड़ती। एक ठहाका दुनिया के किसी भी कोने में समान अर्थ और समान प्रभाव रखता है, चाहे वह किसी भी संस्कृति या समाज से जुड़ा हो। जब दो अनजान लोग भी एक साथ हँस पड़ते हैं, तो उनके बीच की अनदेखी दूरी कुछ ही क्षणों में मिटने लगती है। इसी वजह से वर्ल्ड लाफ्टर डे केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं रह जाता, बल्कि मानवता को जोड़ने वाला एक सशक्त सेतु बन जाता है। यह दिन यह भी स्पष्ट करता है कि दुनिया को एकजुट करने के लिए बड़े-बड़े शब्दों की नहीं, बल्कि सच्ची, सहज और दिल से निकली मुस्कान की आवश्यकता होती है। डिजिटल युग में हँसी का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। मोबाइल स्क्रीन, छोटे वीडियो और मीम्स ने मनोरंजन को आसान जरूर बना दिया है, लेकिन असली हँसी धीरे-धीरे पीछे छूटती जा रही है। वास्तविक हँसी केवल चेहरे तक सीमित नहीं रहती, बल्कि पूरे शरीर को हल्का और तरोताजा कर देती है। यह दिन याद दिलाता है कि हँसी देखने या पढ़ने की चीज नहीं, बल्कि जीने की अनुभूति है। जब परिवार या मित्रों के बीच बिना कारण ठहाके गूंजते हैं, तो वही पल जीवन की सबसे सच्ची याद बन जाते हैं। न उम्र की दीवार, न पद की पहचान–हँसी हर इंसान के भीतर समान रूप से धड़कती एक सहज शक्ति है, जो बस बाहर आने का रास्ता चाहती है। लाफ्टर क्लबों में जब लोग बिना किसी कारण ठहाके लगाने लगते हैं, तो वह शुरुआत में अभ्यास लगता है, लेकिन कुछ ही समय में वही हँसी सच्ची प्रसन्नता में बदलकर मन का भार उतार देती है। धीरे-धीरे यह स्थिति आदत नहीं, स्वभाव बन जाती है, जो भीतर जमा तनाव को हल्केपन में बदल देती है। यह अनुभव साफ कर देता है कि खुशी बाहर तलाशने की चीज नहीं, बल्कि भीतर ही मौजूद वह ऊर्जा है जिसे केवल जगाने की जरूरत होती है। सामाजिक जीवन में हँसी एक अदृश्य मरहम की तरह काम करती है, जो रिश्तों की कठोरता को सहज ही नरम कर देती है। जहाँ तनाव बढ़ता है, वहाँ एक हल्की मुस्कान भी पूरे माहौल की दिशा बदल सकती है। कार्यस्थलों पर हल्कापन रहने से संवाद सहज होता है और सहयोग बढ़ता है। वर्ल्ड लाफ्टर डे केवल एक दिन नहीं, बल्कि सोच और व्यवहार को नई दिशा देने का अवसर है। जब लोग साथ हँसते हैं, तो उनके बीच की अनदेखी दीवारें कमजोर होती हैं और विश्वास मजबूत होकर समाज को सकारात्मक बनाता है। जीवन की भीड़ में अक्सर लोग गंभीरता को ही सब कुछ मान लेते हैं, लेकिन असली संतुलन हँसी में छिपा होता है। यह बिना किसी मूल्य के मिलने वाली वह शक्ति है जो मन के अंधकार को घटाकर रिश्तों में सहज गर्माहट भर देती है। जब इंसान हँसना सीख लेता है, तो उसका नजरिया बदल जाता है और जीवन को देखने का ढंग भी नया हो जाता है। वर्ल्ड लाफ्टर डे यही संदेश देता है कि गंभीरता जरूरी है, पर हल्कापन उससे भी ज्यादा आवश्यक है। हँसी वह ऊर्जा है जो इंसान को भीतर से जीवित रखती है और दुनिया को अधिक मानवीय बनाती है।




## प्रेरक प्रसंग

### खुशियों की खोज

रवि एक छोटे से शहर में रहने वाला युवक था, जिसके पास सिर्फ एक सपना था खुद को खुश देखना। उसने कभी नहीं सोचा था कि यह सपना उसको एक अद्वितीय सफर पर ले जाएगा।

एक दिन, वह अपने दोस्तों के साथ शहर की लाइब्रेरी घूमने गया। लाइब्रेरी में उसका काफी मन लगा, और वह वहीं ठहर गया। वहां उसे एक पुरानी पुस्तक मिली जिसमें अत्यंत खुशी की खोज के बारे में लिखा था।

रवि ने उस पुस्तक को खोला और पढ़ा, और फिर उसने तय किया कि वह खुशी की खोज करेगा।

उसके दोस्त विचलित रहे, लेकिन उसकी उम्मीद और संवाद के जादू ने उन्हें भी अपने साथ ले लिया।

वे तीनों एक अनोखी यात्रा पर निकल पड़े, खुशी की खोज में। उन्होंने अलग-अलग लोगों से बात की, विभिन्न स्थलों का अन्वेषण किया, और नई चुनौतियों का सामना किया। इस सफर में, उन्होंने जीवन के असली मतलब को समझा और खुशी को अपने अंदर पाया।

कुछ सालों बाद, वे तीनों वापस अपने गाँव लौटे, लेकिन तब सब बदल गया था। अब वे खुद को खुश और संतुष्ट महसूस करते थे और उनकी खुशियां उनके चारों ओर के लोगों को प्रेरित कर रही थीं।

इस प्रेरक प्रसंग से हमें यह सिखने को मिलता है कि खुशी की खोज हमारे अंदर होती है, और हमें किसी खास स्थान पर जाने की आवश्यकता नहीं होती। हमें सिर्फ अपनी आंतरिक यात्रा पर निकलना होता है, और हम अपने जीवन को सजाने के लिए अपने अंदर के संसाधनों का सही तरीके से उपयोग कर सकते हैं।

## आपका पत्र मिला

### बारगी बाँध की दुखदायी बानगी

बारगी बाँध में क्रूज के डूबने और सैलानियों की उसमें डूबकर हुई महिला/पुरुष/बच्चों की दुखदायी मौतों ने प्रशासनिक लापरवाही को तो उजागर किया ही है साथ ही प्रशासनिक लापरवाहियों को दुरुस्त करने की भी संकेत दिए हैं ताकि भविष्य में जोखिमभरे कामों के महकमों के संचालक सावधान की स्थिति में रहकर अपने कार्यों के प्रति कर्तव्यों/दायित्वों को ईमानदारी से निभाएं ताकि किसी भी तरह के हादसे जन्म न लें और वे लोगों/सैलानियों/यात्रियों की मृत्यु का कारण न बनने पाएं. ''नजर हटी दुर्घटना घटी'' के मुहावरे तो सरकार ने जगह-जगह चस्पा रखे हैं किन्तु सरकार के महकमें कितने उसके प्रति परवाहगार हैं इस पर भी सरकार ध्यान दे. सड़क दुर्घटनाएं क्यों बढ़ रही हैं. कहीं हमारी सड़कें तो बीमार नहीं हैं. बनते पुल क्यों धंस जाते हैं. कहीं जिम्मेदारों की लापरवाही तो नहीं ? पुराने पुलों की रेलिंग से वाहन क्यों गिर रहे हैं कहीं उसकी समय रहते मरम्मत में तो कमी नहीं रह रही है ? निर्माणाधीन कार्यों के लिए खोदे गए गड्ढों/खुले मेनहोल्स में वाहन चालक/खेलते बच्चे क्यों गिरकर शिकार हो रहे हैं ? वहां जवाबदार लोग लापरवाही तो नहीं बरत रहे हैं ? डेढ़ महीने बाद बारिश का मौसम आने वाला है. देखें जिम्मेदार महकमें कि कहीं नदी-नालों की रपटों की रेलिंग टूट तो नहीं रही है जो दुर्घटनाओं को आने वाले समय में इशारा कर रही हो. अतः ऐसी अनेक प्रशासनिक लापरवाहियां अगर हैं तो समय रहते उसे सुधारने हेतु विशेष और शीघ्र कदम उठायें ताकि अनहोनियों को रोका जा सके. और बारगी बाँध जैसी दुखदायी बानगी (उदाहरण/ नमूना) ( (छोटी/बड़ी) न होने/ बनने पाए और फिर चाहे राहगीर हो या सैलानी, यात्री हो या नासमझ बच्चे अथवा अन्य लोग वे सुरक्षित रह सके।

**शकुंतला महेश नेनावा**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
संपादक,
स्वतंत्र भारत
1, जॉपलिंग रोड,
लखनऊ-226001
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com



# मानसून में केरल घूमने का है अपना अलग ही मजा

# जन्नत जैसी नजर आती हैं ये जगहें



केरल एक ऐसी जगह है, जहां आप बीच और हिल स्टेशन दोनों के मजे ले सकते हैं।

केरल में चारों तरफ फैली हरियाली का जादू इस कदर है कि देश ही नहीं, विदेशी पर्यटक भी यहां खिचे चले आते हैं। हरी-भरी वादियों के लिए हाउस बोट में रूकना, आयुर्वेदिक स्पा, बैकवाटर्स की सैर सिर्फ केरल में ही मुमकिन है। वैसे तो सर्दियां यहां घूमने के लिए बेस्ट हैं, लेकिन मानसून के दौरान भी यहां घूमने की प्लानिंग अच्छा एक्सपीरियंस साबित होगी। केरल की इन जगहों को आप बारिश के मौसम में कर सकते हैं एक्सप्लोर।



**अलेप्पी-**

पूर्व के वेनिस नाम से मशहूर अलेप्पी ऐसी शानदार जगह है, जहां आकर आप केरल के सबसे खूबसूरत नजारे का दीदार कर सकते हैं। अलेप्पी वैसे तो हनीमून कपल्स के बीच ज्यादा पॉपुलर है, लेकिन आप यहां फैमिली, दोस्तों के साथ भी जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। अलेप्पी की सुबह जितनी खूबसूरत होती है, शाम उतनी ही सुहानी। यहां के वैकवाटर्स में बोट की सवारी करने का मौका बिल्कुल भी मिस न करें।

**वायनाड-**

वायनाड भी मानसून में घूमने वाली अच्छी जगह है। जो अपने झरनों के लिए खासतौर से मशहूर है और बारिश के दौरान तो इन झरनों की खूबसूरती देखने लायक होती है। रिमझिम बारिश में वायनाड की शाम बिताना वाकई यादगार रहेगा। अगर आप इस सीजन में यहां आने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो ट्री हाउस का एक्सपीरियंस जरूर लें। यहां ट्रेकिंग के शौकीनों के लिए भी काफी ऑप्शन्स हैं।

**मुन्नार-**

मुन्नार केरल की सबसे खूबसूरत जगहों में शामिल है। इसमें चार चांद लगाने का काम करते हैं चाय के बागान।

पार्टनर के साथ आएं या दोस्तों के साथ, फुल टू एन्जॉय की गारंटी है। टी गार्डन के अलावा यहां ट्रेकिंग के भी कई ठिकाने हैं, फुर्सत मिले तो झरनों के किनारे बैठकर सुकून के दो पल बिताने से अच्छा क्या होगा।

**थेक्कड़ी-**

थेक्कड़ी की खूबसूरत को दोगुना कर देती हैं बारिश की बूंदें। चारों और फैली हरियाली तन और मन को खुश कर देती है। पेरियार नेशनल पार्क देखने के लिए यही सीजन सबसे मुफीद माना जाता है।

बोट राइड करते हुए हाथी, बाघ जैसे कई जानवर देखे जा सकते हैं। प्राकृतिक सुंदरता के अलावा थेक्कड़ी अपने मसालों के लिए जाना जाता है, तो यहां आकर मसालों की खरीददारी तो बिल्कुल भी मिस न करें।

# रिश्तों में मिठास लाती है ये आदतें



रिलेशनशिप कोई भी परफेक्ट नहीं होता। एक रिश्ते में प्यार के साथ-साथ लड़ाई झगड़े होना आम बात है और ये ही रिश्ते को मजबूत बनाते हैं। हालांकि, जब प्यार कम और लड़ाई-झगड़े ज्यादा होने लगे तो संभल जाना चाहिए। ऐसे में अपने पार्टनर से बात करना, उनकी सुनना और कमी को सुधारना जरूरी होता है। कई बार हम छोटी-छोटी चीजों को अनदेखा कर देते हैं, जिससे आगे चलकर वे रिलेशनशिप टूटने का कारण बन जाते हैं।

आज हम आपको ऐसे ही कुछ टिप्स दे रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपने रिश्ते को मजबूत और खुशहाल कर सकते हैं। तो आइए जानते हैं इनके बारे में।

**बात करें :** रिश्ते में खुश रहने के लिए अपने पार्टनर के साथ रोजाना कुछ देर बैठें और उनके सामने अपने विचार रखें और उनके विचारों को एहमियत दें। साथ ही, उनकी समस्याओं को समझें और भावनात्मक तौर पर उनको प्रोत्साहित करें। इससे आपका रिश्ता मजबूत होता है।

**क्वालिटी टाइम :** रिश्ते में खुश रहने के लिए एक-दूसरे को समय देना बहुत जरूरी है। रोजाना वॉक पर जाएं, साथ खाना खाएं और भी कई तरह की एक्टिविटीज कर सकते हैं। घर पर डेट प्लान, साथ मूवी देखने आदि से भी आप दोनों को साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। इससे आपका रिश्ता और भी मजबूत होगा।

कोई हॉबी जैसे डांसिंग, सिंगिंग आदि साथ में करें इससे आप आगे चलकर अपने पार्टनर के साथ यादगार मेमोरी बनेंगी, जो आपके रिश्ते को और मजबूत बनाएंगे।

**आभार व्यक्त करें :** अपने पार्टनर की प्रशंसा करना, आभार व्यक्त करना दोनों के रिश्ते को मजबूत करता है और प्यार बढ़ाता है। एक थैंक्यू आपने पार्टनर के चेहरे पर एक स्माइल ला सकता है। इससे यह भी पता चलता है कि आप अपने पार्टनर के कामों की कद्र करते हैं।

**टीमवर्क :** एक हैप्पी और हेल्दी रिलेशनशिप टीमवर्क से चलती है। जिम्मेदारियों को साझा करने से किसी एक पर भार नहीं पड़ता है जिससे लड़ाई-झगड़े नहीं होते। जिम्मेदारियों को बांट कर चलने से आगे चलकर पार्टनर से सपोर्ट न मिलना, दोष मड़ना जैसी शिकायत नहीं होती।

**सपोर्ट :** रिश्ते में एक-दूसरे का समर्थन करना और उनका आदर करना बहुत महत्वपूर्ण है। अपने पार्टनर के ग्रोथ में उनका साथ देना चाहे वह करियर में हो फाइनेंशियल रिश्ते को मजबूत बनाएं रखता है।

# मई की भीषण गर्मी में भी में लगा सकते हैं ये पेड़-पौधे



मई का महीना भारत में भीषण गर्मी लेकर आता है, जब तापमान कई शहरों में 45 डिग्री के पार पहुंच जाता है। ऐसे मौसम में लोग जहां घर से बाहर निकलने से बचते हैं, वहीं पौधे लगाने के बारे में सोचते ही कई लोग पीछे हट जाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि ऐसे समय में लोगों को लगता है कि इस समय पौधे लगाना मुश्किल है और वे जल्दी सूख जाएंगे। लेकिन सही जानकारी और सही पौधों का चयन किया जाए, तो गर्मियों में भी बागवानी आसानी से की जा सकती है। दरअसल, कुछ ऐसे पौधे होते हैं जो तेज धूप और गर्मी को सहन कर लेते हैं और कम पानी में भी अच्छी तरह बढ़ते हैं। अगर आप अपने घर, बालकनी या गार्डन को हरा-भरा बनाना चाहते हैं, तो मई की गर्मी में भी सही पौधों का चयन करके आप शानदार गार्डनिंग कर सकते हैं।

**गुड़हल** – गुड़हल का पौधा गर्मियों के लिए बेहद उपयुक्त माना जाता है क्योंकि यह तेज धूप को आसानी से सहन कर लेता है। इसे रोजाना अच्छी धूप मिलने पर यह तेजी से बढ़ता है और बड़े, आकर्षक फूल देता है। इसकी खासियत यह है कि थोड़ी देखभाल में भी यह लंबे समय तक हरा-भरा रहता है। मिट्टी में हल्की नमी बनाए रखना जरूरी है, लेकिन पानी जमा न होने दें। समय-समय पर हल्की खाद देने से फूलों की संख्या बढ़ती है और पौधा स्वस्थ रहता है।

**मनी प्लांट** –मनी प्लांट सबसे आसान और कम मेंटेनेंस वाला पौधा है। यह गर्मी में भी आसानी से जीवित रहता है और इसे आप पानी या मिट्टी दोनों में उगा सकते हैं। इसे सीधी धूप की बजाय हल्की रोशनी या छांव में रखना बेहतर होता है। यह पौधा घर की हवा को साफ करने में भी मदद करता है, इसलिए इसे इनडोर प्लांट के रूप में भी काफी पसंद किया जाता है।

**एलोवेरा** – एलोवेरा गर्मी के मौसम का सबसे मजबूत पौधा माना जाता है। यह कम पानी में भी लंबे समय तक जीवित रह सकता है। इसे ज्यादा देखभाल की जरूरत नहीं होती और तेज धूप में भी यह आसानी से बढ़ता है। इसकी पत्तियों में मौजूद जेल त्वचा और बालों के लिए बेहद फायदेमंद होता है। ध्यान रखें कि इसे जरूरत से ज्यादा पानी न दें, वरना इसकी जड़ें खराब हो सकती हैं।

**गेंदा-** गेंदा का पौधा गर्मियों में आपके गार्डन को रंगीन बना सकता है। यह पौधा तेज धूप में भी खिलता है और ज्यादा देखभाल की जरूरत नहीं होती। इसे नियमित पानी और अच्छी धूप मिलती रहे तो यह लगातार फूल देता रहता है। गेंदा न केवल सजावटी है, बल्कि यह कीड़ों को दूर रखने में भी मदद करता है।

**पोर्टुलाका-**

पोर्टुलाका, जिसे सन प्लांट भी कहा जाता है, गर्मियों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। यह तेज धूप में भी खूब खिलता है और बहुत कम पानी में भी जीवित रहता है। इसके छोटे-छोटे रंग-बिरंगे फूल गार्डन को बेहद आकर्षक बनाते हैं। यह पौधा खासतौर पर उन लोगों के लिए अच्छा है, जो कम समय में गार्डनिंग करना चाहते हैं और ज्यादा देखभाल नहीं कर सकते।

# कम रुपये में पाएं पार्लर जैसा ग्लो

आज के समय में ग्लोइंग और हेल्दी स्किन पाने के लिए लोग महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स पर हजारों रुपये खर्च कर देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सिर्फ 100 रुपये में भी त्वचा में निखार लाया जा सकता है? थोड़ी समझदारी और सही चीजों का चुनाव करके आप कम बजट में भी अपनी त्वचा को प्राकृतिक ग्लो दे सकते हैं। घरेलू और आसानी से मिलने वाली चीजें जैसे बेसन, गुलाब जल, हल्दी और एलोवेरा न सिर्फ सस्ते होते हैं, बल्कि त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद भी होते हैं। ये नेचुरल इंग्रेडिएंट्स आपकी स्किन को बिना किसी साइड इफेक्ट के साफ, मुलायम और चमकदार बना सकते हैं। **क्लीनिंग-** त्वचा को साफ करने के लिए महंगे क्लिंजिंग प्रोडक्ट, फेसवॉस पर व्यय करने की जरूरत नहीं है। आप सिर्फ बेसन से चेहरे और पूरे शरीर को साफ कर सकते हैं। बेसन एक नेचुरल क्लींजर की तरह काम करता है। घर पर क्लींजर बनाने के लिए एक चम्मच बेसन में पानी या दूध मिलाकर चेहरे पर लगाएं। फिर हल्के हाथ से मसाज करके धो लें। यह स्किन से गंदगी और ऑयल हटाता है।

## रेसिपी

# ट्राई करें टेस्टी और हेल्दी पालक कॉर्न चीज मोमोज

बच्चों की फेवरेट स्ट्रीट फूड में से एक मोमोज भी हैं। मोमोज का नाम सुनते ही हर किसी के चेहरे पर बड़ी सी मुस्कान आ जाती है। लेकिन सेहत की ओर से देखा जाए तो बाजार से मिलने वाले मोमोज हेल्दी नहीं होते। इससे आपकी सेहत को भी नुकसान हो सकता है। ऐसे में आप घर पर पालक कॉर्न चीज मोमोज बना सकती हैं जो बाहर से ज्यादा स्वादिष्ट और बेहद हेल्दी भी होंगे। तो चलिए इसी के साथ अब

### सामग्री

मैदा - 1 कप
नमक - स्वादानुसार
पानी - आवश्यकतानुसार
ऑलिव ऑयल - 1 चम्मच
पालक - 1 कप
स्वीट कॉर्न - 1/2 कप
बारीक कटा लहसुन - 3 कलियां
काली मिर्च पाउडर - 1/2 चम्मच
चिली फ्लेक्स - 1/2 चम्मच
कद्दूकस किया चीज - 1/2 कप

### विधि



इसकी विधि के बारे में -

सबसे पहले मैदा में नमक मिलाएं और आवश्यकतानुसार पानी की मदद से गूंथ कर दो घंटे के लिए ढककर छोड़ दें। पालक को अच्छी तरह से धोकर बारीक काट लें। पैन में तेल गरम करें और उसमें लहसुन की कलियां डालें। दो से तीन मिनट तक भूनें। अब पैन में पालक और कॉर्न डालें और 5-6 मिनट तक पकाएं। नमक, काली मिर्च पाउडर और चिली फ्लेक्स डालकर मिलाएं और गैस बंद कर मिश्रण को ठंडा होने दें। मोमो स्टीमर या इडली स्टीमर में पानी गरम करने के लिए रख दें। गूंथे हुए मैदे से छोटी-छोटी लोई काटें और उन्हें बेल लें। उनमें 1-1 चम्मच तैयार भरावन डालें। उसके ऊपर थोड़ा-सा कद्दूकस किया चीज डालें और मोमो को मनचाहा आकार दें। भरे हुए मोमो को गीले सूती कपड़े से ढक दें ताकि मोमो सूखें नहीं। मोमो स्टीमर पर हल्का-सा तेल लगाएं और उसमें मोमो को रखकर 10 से 15 मिनट तक पकाएं। इसे चटनी के साथ गरमागरम सर्व करें।

# बिस्तर पर खाते हैं खाना? तो पहले जान लें ये वास्तु नियम

वास्तु शास्त्र के कई ऐसे नियम हैं, जिससे हम अनजान हैं और ये ही वजह है कि डेली लाइफ में हम ऐसी गलतियां करते हैं, जिसका सीधा असर हमारी जिंदगी पर पड़ता है। इससे घर में रह रहे लोग कंगाली की ओर भी जा सकते हैं। आजकल कई सारे लोग डाइनिंग टेबल की जगह बेड पर बैठकर खाना पसंद करते हैं। लेकिन ये आदत बहुत ही अशुभ है और घर में नेगेटिविटी का माहौल लेकर आती है। इसके पीछे ज्योतिषीय और वास्तु संबंधी कारण है।

**वास्तु टिप्स**

घर के बेडरूम को ज्योतिषीय भाषा में शैय्या भाव कहते हैं जो कुंडली के 12वें घर में होता है, जो हमारे खर्चे और नुकसान को भी रिप्रजेंट करता है । वहीं खाना कुंडली के दूसरे घर से जुड़ा है जो हमारी संपत्ती और स्वास्थ्य को भी रिप्रजेंट करता है। जब हम बेड पर बैठकर खाना खाते हैं तो अनजाने में दोनों घरों को जोड़ देते हैं, जो बहुत ही नुकसानदायक होता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार बेड में खाया गया खाना पुष्टिवर्धक नहीं होता है और साथ ही ये हमें कंगाली की ओर ले जाता है। हिंदू धर्म में 8 प्रकार के धन बताए गए हैं और उसमें से अन्न भी एक धन है। अन्न की देवी मां अन्नपूर्णा जब कुंडली के बारहवें घर में जाती हैं तो व्यय यानी खर्चे को बढ़ता है और कर्जों में इजाफा होता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार हमेशा डाइनिंग टेबल पर बैठकर या जमीन में बैठकर पलथी मार कर आराम से खाना खाएं। । इस बात का भी ध्यान रखें कि खाने की थाली बैठने के स्थान से ऊपर हो। ऐसा करने से आपके घर में कभी भी धन की कमी नहीं होगी।

वास्तु शास्त्र के मुताबिक आप किस ओर मुख करके भोजन कर रहे हैं यह भी बहुत जरूरी हैं। इसलिए हमेशा पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके ही खाना खाएं।

# अच्छा समय आने से पहले घर में दिखते हैं ये संकेत



वास्तु शास्त्र और शकुन शास्त्र में कुछ ऐसे संकेत बताए गए हैं, जिनके दिखने पर व्यक्ति को समझना चाहिए उसका बुरा वक्त जल्द ही समाप्त होने वाला है। इस संकेतों का एक अर्थ यह भी माना जाता है कि आपके जीवन में कोई सकारात्मक बदलाव होने वाले हैं। इसमें कई तरह के संकेत शामिल हैं।

**मिल सकती है खुशखबरी**

अगर आपके घर के आंगन या छज्जे पर कोई पक्षी घोसला बनता है, तो वास्तु शास्त्र में इसे भी एक शुभ संकेत माना जाता है। इसका अर्थ है कि जल्द ही आपको कोई खुशखबरी मिलने वाली है। ऐसे में उस घोंसले को हटाना नहीं चाहिए।

**जब दिखाई दे चीटियों का झुंड**

वास्तु शास्त्र में माना गया है कि यदि आपको अपने घर में लाल चीटियों का झुंड दिखाई देता है, तो यह एक शुभ संकेत हो सकता है। इसका अर्थ है कि जल्द ही आपके ऊपर धन की देवी लक्ष्मी की कृपा बरसने वाली है, जिससे आपकी धन संबंधी समस्याएं दूर हो सकती हैं।

**शरीर से जुड़े संकेत**

वास्तु शास्त्र के साथ-साथ शकुन शास्त्र में भी कुछ ऐसे संकेत बताए गए हैं, जो व्यक्ति के अच्छे समय की शुरुआत की ओर इशारा करते हैं। इसके अनुसार, पुरुष के दाहिने हाथ और महिला के बाएं हाथ पर अचानक खुजली होने लगे तो इसे धन लाभ से जोड़कर देखा जाता है। वहीं आंख का फड़कना भी अच्छी खबर के आने से माना जाता है। जहां महिला की बाईं आंख फड़कना शुभ होता है, वहीं पुरुषों की दाईं आंख का शुभ माना जाता है।

**यह भी हैं शुभ संकेत**

सुबह-सुबह मंत्रों का सुनाई देना या फिर शंख की ध्वनि सुनना भी एक शुभ संकेत माना जाता है। इसका अर्थ है कि जिस कार्य के लिए आप प्रयास कर रहे हैं, आपका वह कार्य बन सकता है।

# बारिश के मौसम में बनाएं अरबी के पत्तों के पकौड़े

आपने आलू, प्याज, बैंगन आदि के पकौड़ों को खूब खाएं होंगे। मगर क्या आपने कभी अरबी के पत्तों से तैयार पकौड़े खाएं है? जी हां, अरबी के पत्तों के पकौड़ों का अलग ही टेस्ट आता है। इसे दूसरों पकौड़ों की तरह सीधा तलने की जगह पहले स्टीम किया जाता है। ऐसे में अगर आपका मन कुछ अलग खाने का है तो आप आज इसे ट्राई कर सकती है। चलिए जानते हैं कुछ अलग और ट्रेडिशनल स्टाइल अरबी के पकौड़े बनाने की रेसिपी...

### सामग्री

अरबी के पत्ते- जरूरत अनुसार
बेसन- 2 कप
लहसुन की कलियां- 7 से 8
प्याज- 2 (कटे हुए)
हरी मिर्च- 3 से 4
हल्दी पाउडर- 1/2 छोटा चम्मच
नमक- स्वाद अनुसार
तेल- तलने के लिए
पानी- जरूरत अनुसार

### विधि

सबसे पहले एक बाउल में तेल और अरबी के पत्ते छोड़कर बाकी की चीजें मिलाएं। अब इसमें पानी मिलाकर गाढ़ा घोल बनाएं। पैन में पानी गर्म करें। अब एक-एक अरबी के पत्ते पर बेसन का घोल लगाकर फैलाएं। अब एक के ऊपर एक पत्ता रखकर इसे गोल करें। 4-4 पत्तों के 2-3 सेट बना लें। अरबी के पत्तों को गोलकर रोल बनाएं। अब स्टील की छन्नी पर ये पकौड़े रखकर गर्म पानी के पैन पर रखें। प्लेट से इसे ढककर स्टीम करें।

10 से 15 मिनट तक अरबी के पत्ते स्टीम हो जाएंगे।

अब इसे प्लेट में निकालकर चाकू से गोल काटकर तेल में डीप फ्राई करें। पकौड़ों को प्लेट में निकाल कर टोमैटो कैचअप व हरी चटनी के साथ सर्व करें।



# कैसे भगवान कृष्ण ने की थी अभिमन्यु पुत्र की रक्षा?

महाभारत का युद्ध आज भी लोगों के लिए एक सीख की तरह काम करता है। ऐसा कहा जाता है कि उस दौरान हुई हर घटना का अर्थ आने वाले कल के लिए एक प्रत्यक्ष उदाहरण की तरह है। अगर जब कभी महाभारत काल की चर्चा होती है या कथा पढ़ी जाती है, तो लोगों के मन में अर्जुन पुत्र अभिमन्यु का नाम अवश्य आता है, जिन्होंने अपनी बहादुरी से कुरु वंश का सामना किया था।

पौराणिक कथाओं के अनुसार, अभिमन्यु का वध चक्रव्यूह में घुसने के कारण हुआ था, जिससे निकलना सिर्फ श्रीकृष्ण और उनके पिता अर्जुन को ही आता था। वहीं, आज हम वीर अभिमन्यु के पुत्र की रक्षा भगवान कृष्ण ने कैसे की थी इसके बारे में जानेंगे, जो इस प्रकार-

ऐसे भगवान कृष्ण ने अभिमन्यु पुत्र को किया था जीवित आपको बता दें, उत्तरा और अभिमन्यु के पुत्र राजा परीक्षित पांडवों के एकमात्र उत्तराधिकारी थे।

ग्रंथों और पौराणिक कथाओं के अनुसार, अश्वत्थामा ने ब्रह्मास्त्र चलाकर उत्तरा के गर्भ में पल रहे शिशु यानी अभिमन्यु के बेटे को मारने की कोशिश की थी।

हालांकि उसके इस प्रयास को भगवान कृष्ण ने निरर्थक साबित कर दिया था। दरअसल, मुरलीधर ने ब्रह्मास्त्र के प्रभाव को बेअसर कर दिया और अपनी पूर्ण शक्तियों का प्रयोग कर उस शिशु को जीवनदान दिया।

**राजा परीक्षित की मृत्यु के बाद हुई थी कलयुग की शुरुआत**

बता दें, पांडवों के बाद राजा परीक्षित को हस्तिनापुर का सिंहासन मिला था, जिन्होंने न्यायपूर्ण उस राज्य पर शासन किया और शांति की स्थापना की।

ऐसा कहा जाता है कि एक श्राप के कारण राजा परीक्षित की सांप डसने से मृत्यु हुई थी। वहीं, उनकी मृत्यु के बाद से ही कलयुग की शुरुआत हुई थी।





-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**सोमवार, 4 मई, 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते बसंत ऋतौ प्रथम ज्येष्ठ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, तृतीया तिथौ सोम वासरे 29/23/ अनुराधा नक्षत्रे 09/58/ परिध योग 23/20/ वणिज करणे 16/13/ वृश्चिक राशिगत चन्द्रमा घं.मि.से।

**व्रत एवं त्यौहार –** भद्रा प्रारम्भ घं.16 मि.13 से।

**मेष :** परिश्रम से ही महान कार्यों की सिद्धि होगी। दूसरों को आरोपित करना उचित नहीं होगा। शुभ कार्यों का परिणाम उत्साहवर्धक होगा। दुविधाएं समाप्त होंगी।

**वृष :** श्रेष्ठजनों का सहयोग रहेगा। रुके धन की प्राप्ति होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा। घरेलू सुख उत्तम रहेगा।

**मिथुन :** स्वास्थ्य नरम रहेगा। आकस्मिक व्यय होगा। कार्य बंधन से मन में खिन्नता रहेगी। वाद-विवाद व आरोप का भय होगा।

**कर्क :** रुके धन की प्राप्ति होगी। कारोबारी प्रगति होगी। स्वजन हित पीडा देंगे। निजी कार्यों में प्रगति होगी। प्रसन्न रहेंगे।

**सिंह :** रचनात्मक प्रवृत्ति बढ़ेगी। अधीनस्थों से उपेक्षा मिलेगी। वाणिज्यिक कार्यों पर व्यय बढ़ेगा। आस्था बढ़ेगी।

**कन्या :** संदेह और संकोच नष्ट हो जाएंगे। नवीन योजनाओं के प्रति उत्साह प्रबल होगा। मनस्ताप भी समाप्त होंगे।

**तुला :** कारोबारी विषमता दूर होगी। धन प्राप्ति का मार्ग बनेगा। सम्मान प्राप्ति होगी। चोट का भय रहेगा।

**वृश्चिक :** भविष्य की योजनाएं पूरी होंगी। अभिभावकों की मदद मिलेगी। नये संपर्कों पर व्यय होगा।

**धनु :** आय व्यय समानता रहेगी। स्वास्थ्य शिथिल रहेगा। मनोकूल कार्य की सिद्धि होगी। सश्रम सफलता मिलेगी।

**मकर :** जनसंपर्क बढ़ेगा। संचित धन व्यय होगा। पारिवारिक उलझनें बढ़ेंगी। वृद्ध परिजन को स्वास्थ्य हानि मिलेगी।

**कुंभ :** मित्रों से उपहार मिलेंगे। धार्मिक कृत्यों में आस्था होगी। पत्नी का सुख उत्तम रहेगा।

**मीन :** धार्मिक कार्यों में आस्था रहेगी। पराक्रमों में वृद्धि होगी। लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। विशेष प्रयास सार्थक होंगे।

### नलकूप की मोटर खराब होने से कांशीराम कालौनी की जलापूर्ति ठप्प

कालपी(जालौन)। नगर के आलमपुर में स्थित कांशीराम कालौनी के नलकूप का मोटर फुक जाने से जलापूर्ति ठप्प हो गई ।
मालूम हो कि कांशीराम कालौनी वर्ष 2008 में पड़ी मोटर केबिल 18 वर्ष के बाद खराब हो गई।टयूबबेल की मोटर फुक जाने के कारण कालौनी के वाशिंदों को पानी की समस्या पैदा हो गई है।जल संस्थान के अवर अभियंता बासित अली की देखरेख में नलकूप का समरसेविल मोटर बदलने की कार्यवाही शुरू हो गई है।

## खबर एक नज़र




### स्मार्ट मीटर के विरोध में आम आदमी पार्टी ने किया प्रदर्शन

उरई (जालौन)। बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने का आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शहर के शहीद भगतसिंह चैराहा पर आज रविवार को प्रदर्शन विरोध किया बाद में प्रदेश के राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भेंट किया।
इस मौके पर प्रमुख रूप से आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष विनय चैरसिया, भूपसिंह राजपूत प्रदेश सचिव, प्रखर बाजपेई, रामानंद श्रीवास, प्रमोद, प्रवीण रायकवार, धीरेन्द्र चैधरी, गौरव चैधरी, आर्दश कुमार सहित आदि संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।
इस दौरान उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर से आम जनता और किसानों का शोषण किया जा रहा है।आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष विनय चैरसिया ने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार की स्मार्ट मीटर की योजना जनविरोधी है और स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता से मनमाना बिल वसूल किया जा रहा है।

### नगर अध्यक्ष गायत्री ओमप्रकाश वर्मा के तीन साल पूरे, जन्मदिन बना समर्थन का महोत्सव

रामपुरा(जालौन)। रामपुरा नगर पंचायत की नगर अध्यक्ष गायत्री वर्मा के तीन वर्षों के सफल कार्यकाल पर रविवार को पूरा क्षेत्र उत्सव में डूबा रहा। उनके जन्मदिन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम जनसमर्थन के ऐसे जनाबंदी में तब्दील हो गया, मानो कोई बड़ा शक्ति प्रदर्शन हो रहा हो।
भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पूजा शुक्ला के नेतृत्व में यह आयोजन विशेष अंदाज में मनाया गया। गायत्री वर्मा ने सबसे पहले भैरव बाबा मंदिर में पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इसके बाद कान्हा गौशाला में गायों को चारा, गुड़ व चना खिलाकर सेवा कार्य किया, जिससे धार्मिक और सामाजिक दोनों संदेश स्पष्ट हुए।
पूजा शुक्ला ने कहा, ÷गायत्री वर्मा सिर्फ नगर पंचायत अध्यक्ष नहीं, बल्कि जिले की मातृ शक्ति की पहचान हैं।÷ उन्होंने ईश्वर से उनकी दीर्घायु व उन्नति की कामना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, समर्थक और कार्यकर्ता शामिल हुए, जिससे गायत्री वर्मा की बढ़ती लोकप्रियता साफ झलकी। समर्थकों ने नारेबाजी कर माहौल को उत्सवमय बना दिया। राजनीतिक संदेश भी साफ रू तीन साल के कार्यकाल के जश्न के बहाने यह आयोजन आगामी राजनीतिक समीकरणों का संकेत भी दे गया। अपार भीड़ और समर्थन विपक्ष के लिए बड़े संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

### वाटर पार्क में नाबालिग को पीटा, आरोपी पति-पत्नी फरार

-सीसीटीवी में कैद हुई वारदात, पत्रकार पिता की तहरीर पर त्वरित एफआईआर दर्ज



उरई (जालौन)। उरई कोतवाली क्षेत्र के नया शांति नगर स्थित बुंदेलखंड फन वाटर पार्क में एक दबंग अपराधी द्वारा नाबालिग बच्चे के साथ की गई बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, जिसके बाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के आदेश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कर ली गई।
प्रार्थी अवनीश कुमार द्विवेदी, पुत्र सुरेश कुमार द्विवेदी, निवासी नया पाठकपुरा, कोंच रोड, उरई, पेशे से पत्रकार हैं। उन्होंने बताया कि उनका नाबालिग पुत्र केशव कुमार दिनांक 01.05.2026 को दोपहर करीब 12रू30 बजे बुंदेलखंड फन वाटर पार्क (झांसी रोड) नहाने गया था। वहां मौजूद संतोष सोनी नामक व्यक्ति ने उसके पुत्र को जान से मारने की नीयत से बेरहमी से डंडों, लात-घूसों से पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया। जिससे बच्चे के हाथ और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं।
पीड़ित पिता ने आरोप लगाया कि शाम लगभग 2 बजे आरोपी संतोष सोनी और उसकी पत्नी पूजा उनके घर पहुंचे और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के समय राम पचैरी, दलजीत सिंह और हसन नामक तीन अन्य लोग भी मौके पर मौजूद थे।
मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के आदेश पर तत्काल प्रभाव से संतोष सोनी और उसकी पत्नी पूजा के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाटर पार्क का दौरा किया और सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में मनाया गया गुजरात स्थापना दिवस

### विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



ललितपुर। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के द्वारा राज्यपाल, कुलाधिपति के निर्देशानुसार ÷गुजरात स्थापना दिवस÷ के अवसर पर एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक एवं जागरूकता कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मयंक कुमार शुक्ला द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ व अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि, गुजरात की धरा ने देश को महात्मा गांधी और सरदार पटेल जैसे महान व्यक्तित्व दिए हैं व राज्यपाल सचिवालय के निर्देशों के क्रम में आयोजित ये कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम' छात्र-छात्राओं द्वारा गुजरात की समृद्ध परंपरा को दर्शाते हुए ''गरबा, रास एवं लोक नृत्य'' की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं व स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर विभाग द्वारा वैक्सीन गर्भाशय कैंसर रोकथाम के महत्व पर जागरूकता सत्र आयोजित किए गए व 'सद्भावना यात्रा संस्थान के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता हेतु एक पदयात्रा निकाली गई व भ्रमण कार्यक्रम विद्यार्थियों को स्थानीय मंदिर में भ्रमण कराया गया व अकादमिक सत्र में विचार प्रस्तुति डॉ. सूरवीर सिंह सहायक आचार्य उत्तर प्रदेश और गुजरात के सांस्कृतिक संबंध व डॉ. आशीष निरंजन सहायक आचार्य आत्मनिर्भर भारत में गुजरात का योगदान व कार्यक्रम में महाविद्यालय के संकाय सदस्य, रेजिडेंट, इंटर्न, नर्सिंग स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# नीट (यूजी) परीक्षा में कड़ी निगरानी, डीएम-एसपी ने केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**-नकलविहीन, पारदर्शी व शांतिपूर्ण परीक्षा के लिए प्रशासन रहा पूरी तरह मुस्तैद**



उरई : परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते आला अधिकारी ।

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, उरई(जालौन)।** जनपद में आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (छम्म्ज्-न्ळ) 2026 को निष्पक्ष, नकलविहीन एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने जवाहर नवोदय विद्यालय, दयानंद वैदिक कॉलेज, सर्वोदय इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, अभ्यर्थियों की चेकिंग प्रक्रिया, बैठने की व्यवस्था एवं प्रश्नपत्र वितरण प्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक केंद्र पर पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता रहे और किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुचित गतिविधि को बिल्कुल भी बर्दाश्त न किया जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है, इसके लिए सभी नामित मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं संबंधित अधिकारी पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने निर्देश दिए कि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, साथ ही परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित किया जाए।

पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि प्रत्येक केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित रहे तथा प्रवेश द्वार पर सघन चेकिंग की जाए। उन्होंने कहा कि संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए परीक्षा की गरिमा बनाए रखें। जिला प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी, जो लगातार निगरानी बनाए हुए थे। परीक्षा को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु प्रशासनिक अमला पूरी तरह सक्रिय रहा।

# चैकी इंचार्ज संजना के साथ जीआरपी जवानों ने चैकिंग कर 14 लोगों के काटे चालान



उरई : स्टेशन में चेकिंग अभियान में जुटी चैकी इंचार्ज संजना सिंह व जवान ।

**कालपी(जालौन)।** सहालग के दौर में बढ़ते यात्रियों को मद्देनजर रखते हुये रेलवे पुलिस के द्वारा सतर्कता तेज कर दी गई है। कालपी से होकर गुजरने वाली ट्रेनों तथा रेलवे स्टेशनों में जीआरपी चैकी इंचार्ज संजना सिंह की टीम के द्वारा चैकिंग की गई तथा संदिग्ध लोगों की तलाशी अभियान चला कर नियम विरुद्ध कार्य करने वाले 14 दोषियों के चालान काटने की कार्यवाही की गयी।

विभागीय सूत्रों के मुताबिक पुलिस अधीक्षक रेलवे झांसी बिपुल श्रीवास्तव के निर्देशन में जीआरपी चैकी इंचार्ज महिला सब इंस्पेक्टर संजना सिंह की अगुवाई में पुलिस जवानों हेड कांस्टेबल सुशील कुमार, सिपाहियों आशीष कुमार, अभिषेक कुमार, अशोक कुमार के द्वारा माह अप्रैल में निरंतर अभियान चला कर चैकिंग की गई। चैकी इंचार्ज के मुताबिक अप्रैल महीने में एमवी एक्ट के 7 लोगों के चालान काटे गए। जबकि नियम विरुद्ध हरकत करने पर अलग-अलग स्थानों में 7 लोगों के खिलाफ पुलिस एक्ट के अंतर्गत चालान किया गया है। एसपी के निर्देश पर 2-3 मई को कालपी के रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 01 तथा 02 में एवं वेटिंग हॉल, बुकिंगहाल, टिकट घर, सर्कुलेटिंग एरिया, आउटर आदि स्थानो में तथा आने जाने वाली ट्रेनो में अपराध के रोकथाम एंव पुलिस की सक्रियता एंव यात्रियो के बीच सुरक्षा का मजबूत विश्वास पैदा करने हेतु आपराधिक तत्वों की सघन चेकिंग की गई । व ट्रेनो में लगे स्कोर्ट कर्मियो की चेकिंग करते हुये रेलवे स्टेशन कालपी में गस्त व भ्रमण किया गया। तथा यात्रियो को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस जवानों ने यात्रियों को चेताया

कि किसी भी अनजान या संदिग्ध वस्तु को छूना नही है। तुरन्त जीआरपी व आरपीएफ के जवानों को सूचना देनी है । जीआरपी चैकी इंचार्ज संजना सिंह ने बताया कि जीआरपी के जवानों के द्वारा कालपी रेलवे स्टेशन में ठहराव करने वाली कुशीनगर एक्सप्रेस, साबरमती एक्सप्रेस आदि ट्रेनों की चेकिंग की गई। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में चैकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ऊसरगांव,आटा तथा सरसौखी रेलवे स्टेशनों में भी सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

# वीरांगना झलकारी बाई के नाम से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं- कोरी समाज

- चैराहा नाम बदलने के विरोध में बैठक, आंदोलन की चेतावनी



उरई(जालौन)। कोंच बस स्टैंड स्थित वीरांगना झलकारी बाई चैराहा का नाम बदलने के प्रयासों को लेकर कोरी समाज में भारी आक्रोश है। इस मुद्दे को लेकर राजेन्द्र नगर स्थित कोरी कुटिया में बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के लोगों ने कड़ा विरोध जताया।
बैठक की अध्यक्षता अयोध्या प्रसाद वर्मा ने की, जबकि संचालन डॉ. नरेश वर्मा ने किया। संयोजक प्रमोद वर्मा एडवोकेट पूर्व (डी0जी0सी) ने कहा कि वर्ष 1996 में वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा स्थापित होने के बाद से यह चैराहा उनके नाम से ही जाना जाता है, लेकिन अब राजनीतिक लाभ के लिए नाम बदलने की कोशिश की जा रही है।
समाज के लोगों ने आरोप लगाया कि इस पूरे प्रकरण में कुछ जनप्रतिनिधि सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं, जबकि अन्य मौन साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि कोरी समाज ने हमेशा एकजुट होकर जनप्रतिनिधियों का समर्थन किया, लेकिन अब समाज अपने महापुरुषों का अपमान कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। बैठक में चेतावनी दी गई कि यदि वीरांगना झलकारी बाई के इतिहास को मिटाने का प्रयास बंद नहीं हुआ तो कोरी समाज पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगा और अपनी ताकत का अहसास कराएगा।
इस मौके परबैठक का संचालन डा0 नरेश वर्मा ने किया बैठक में जिला कोरी समाज के महामन्त्री वैजनाथ वर्मा एड0, उपाध्यक्ष विनोद प्लम्बर, कोषाध्यक्ष राजेश आनन्द, पूर्व चेयरमैन उरई मीना वर्मा, श्री मति सुमन वर्मा, मधु अनुरागी,आडीटर गोविन्द विद्रोही, सूचना मन्त्री रमेश चन्द्र वर्मा, पूर्व अध्यक्ष रमेश चन्द्र वर्मा, रामकिशोर वर्मा एड0 संगठन मन्त्री प्रेमनरायण,रामशंकर वर्मा एड0, ई-रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष रवि वर्मा, राजेश खन्ना, फूल सिंह वर्मा, लल्लू वर्मा, लच्छी घड़ी साज, मनोज वर्मा वेस्टर्न टेलर्स, राघवेन्द्र वर्मा सुरेन्द्र वर्मा, भोले वर्मा, बी0डी0सी0 रामकुमार वर्मा (मुस्कान) रवि वर्मा दिरावटी, निर्मल वर्मा, उप मन्त्री परमलाल वर्मा, अनिल मास्टर, कैलाश नारायण, राजबहादुर, दयाशंकर, प्रेम आजाद, जीतू वर्मा, जे0पी0 वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, लाखन बैरागी, जानकी शरण, जितेन्द्र वर्मा, घनश्याम सिंह, डा0 मुरलीधर आर्या, अयोध्याप्रसाद, गौरव वर्मा, धमेन्द्र प्रधान, बाबू सिंह, छक्कीलाल,आशीष राज वर्मा,सुशील कुमार, अनिल वर्मा, राजकुमार पूर्व प्रधान, गजेन्द्र वर्मा एड0, डा0 दुर्गाचरन सुरेश वर्मा, अतुल वर्मा, सचेन्द्र वर्मा, अजय वर्मा, सुनील वर्मा जालौन, डा0 हरी सिंह, रामप्रताप मुन्ना, अमन वर्मा, परमानन्द जालौन, मनीराम वर्मा मंगोली पिण्डारी, मनोज वर्मा गांधीनगर सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

### छिरिया चैकी के पास सड़क पर बढ़ते अतिक्रमण से आए दिन हादसे

जालौन। जालौन के छिरिया चैकी के पास सड़क पर बढ़ते अतिक्रमण के चलते आए दिन हादसे होने की घटनाएं सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के निर्माण के बाद इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही में काफी वृद्धि हो गई है, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है।

# कैफे संचालक की दबंगई, युवक के साथ मारपीट, नकदी भी छीनी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के कस्बा जालौन में एक कैफे संचालक की दबंगई का मामला सामने आया है, जहां खाने की शिकायत करना एक युवक को भारी पड़ गया। आरोप है कि कैफे संचालक ने अपने स्टाफ के साथ मिलकर युवक के साथ मारपीट की और उसकी जेब से नकदी भी छीन ली। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुहल्ला नया खण्डेराव निवासी अनिल गुप्ता का पुत्र प्रांजल गुप्ता, जो दिल्ली में रहकर एसएससी की तैयारी कर रहा है, अपने चाचा के एक्सीडेंट की सूचना पर 29 अप्रैल को जालौन आया था। अगले दिन 30 अप्रैल को वह कस्बे के एक कैफे टाउन पर खाना खाने गया था। आरोप है कि खाना खराब होने की शिकायत करने पर कैफे संचालक पुनीत मुगदल व उसके साथियों ने युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए लात-घूसों से मारपीट कर दी।

पीड़ित के अनुसार मारपीट के दौरान उसके कपड़े फट गए और जेब में रखे 400 रुपये भी छीन लिए गए। घटना के समय पीड़ित का पिता बाहर था, लौटने पर बेटे ने पूरी जानकारी दी। पीड़ित पक्ष का यह भी आरोप है कि कैफे संचालक ने खुद को बचाने के लिए पुलिस को झूठी सूचना दी।

बताया जा रहा है कि घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सच्चाई सामने आई, जिससे कैफे संचालक की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं।

पीड़ित के पिता ने कोतवाली जालौन में तहरीर देकर आरोपी कैफे संचालक पुनीत मुगदल व अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# मुख्यमंत्री जनआरोग्य मेलों में 149 मरीजों का हुआ उपचार

-लू तथा भीषण गर्मी के मौसम से बचाव के लिये सतर्क किया



उरई : मरीजों का उपचार करते चिकित्सक डा पोरवाल।

कालपी (जालौन)। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की योजना के तहत रविवार को कालपी, बाबई, नियामतपुर तथा महेवा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकीय टीमों के द्वारा 149 मरीजों का उपचार करके लूं तथा गर्मी के मौसम में स्वस्थ रहने का परामर्श दिया गया। रविवार नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा कालपी में चिकित्साधिकारी डॉक्टर अमित पोरवाल की अध्यक्षता में आयोजित मेले में 54 मरीजों का इलाज किया गया। जिसमें 23 पुरुष, 31 महिला मरीज शामिल रहे। इस दौरान शुगर के 5 टेस्ट किए जबकि बुखार तथा स्किन के 6- 6 मरीजों की जांच की गयी।

राजकीय होम्योपैथी महिला चिकित्साधिकारी डॉ रंजना सिंह ने परिवार कल्याण कार्यक्रमों तथा स्वास्थ्य के बारे में जानकारियां देते हुये बताया कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से उपचार करने के लिये जागरूक किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महेवा में चिकित्साधिकारी डॉ शेख शहरयार, कर्मचारियों मनीष कुमार, कमलेश कुमार की मौजूदगी में आयोजित मेले में 22 मरीजों का इलाज किया गया। सरकारी चिकित्सालय बाबई में 45 मरीजों का इलाज हुआ। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नियामतपुर में चिकित्साधिकारी डॉ आदर्श गौतम की अगुवाई में आयोजित मेले में कर्मचारियों के द्वारा 28 मरीजों का इलाज किया गया। मेलों में कंडोम, टेबलेट तथा सामग्रियों का वितरण कर परिवार कल्याण कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर दिनेश गुप्ता ने बताया कि भीषण गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। इसलिए सभी लोग दोपहर में सतर्कता बरतें तथा किसी प्रकार की बीमारी होने पर डॉक्टर की सलाह पर उपचार करें। बिना वजह दोपहर में घूमने से बचाव करें।

# आम आदमी पार्टी ने स्मार्ट मीटर की खराब बिद्युत व्यवस्था सुधारने नियमित बिद्युत अपूर्ति हेतु राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा



ललितपुर। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एडवोकेट ने जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश में बिजली के स्मार्ट मीटर के नाम पर आम जनता के साथ व्यापक स्तर पर आर्थिक शोषण किया जा रहा है व प्रदेश के उपभोक्ता मनमाने बिजली बिल, गलत रीडिंग, अत्यधिक दरों और तकनीकी खामियों के कारण परेशान हैं, जिससे जनाक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है व प्रदेश में लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर पारदर्शिता और सुविधा देने के बजाय जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रहे हैं व आम उपभोक्ताओं की शिकायत है कि जहां पहले लगभग 1500 तक का बिजली बिल आता था, वहीं अब बिल बढ़कर 6000 से 7000 हजार रूपये तक पहुंच रहा है व प्रीपेड मीटर व्यवस्था के तहत उपभोक्ताओं को अग्रिम भुगतान करने के बावजूद 10-12 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहती है, जो इस पूरी प्रणाली की विफलता को दर्शाती है व प्रदेश में लगाये गये लगभग 80 लाख स्मार्ट मीटरों में से करीब 70 लाख प्रीपेड मीटर है, जिनके माध्यम से आम जनता पर जबरन आर्थिक बोझ डाला जा रहा है, इन मीटरों की कार्यप्रणाली, रीडिंग की सटीकता और बिलिंग प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं, जिससे यह संदेह उत्पन्न होता है कि यह व्यवस्था पारदर्शी होने के बजाय उपभोक्ताओं के शोषण का माध्यम बन गई है व इसके अतिरिक्त पदेश में नलकूपों पर भी सरकार द्वारा 4जी सिम आधारित स्मार्ट मीटर लगाने की योजना शुरू की गई है, जिससे न केवल सिंचाई प्रभावित हो रही है बल्कि किसानों पर अनावश्यक आर्थिक दवाब भी बढ़ रहा है, यह स्थिति कृषि क्षेत्र के लिये अत्यन्त चिंताजनक है व भीषण गर्मी के इस दौर में एक ओर जहां बिजली कटौती से लोग परेशान है, वहीं दूसरी ओर प्रीपेड स्मार्ट मीटर की खामियों ने आम नागरिकों की समस्याओं को और बढ़ा दिया है व यह अ त य न त चिंताजनक है कि इतनी बड़ी योजना को लागू करने से पूर्व न तो पर्याप्त जन जागरूकता अभियान चलाया गया और न ही किसी स्वतंत्र तकनीकी एवं वित्तीय मूल्यांकन को सार्वजनिक किया गया व उपभोक्ताओं के अधिकारों का सीधा उल्लंघन है व इन्हीं गंभीर मुद्दो को लेकर आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश के सभी जिला विद्युत उप केन्द्रों पर जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान जिला विद्युत उपकेन्द्रों पर स्मार्ट मीटर की प्रतिकात्मक तस्वीरें जलाकर इस जनविरोधी व्यवस्था के खिलाफ जनआक्रोश दर्ज कराया जा रहा है तथा महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित यह ज्ञापन सौपकर मांग की है कि प्रदेश में स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही इस खुली लूट को तत्काल प्रभाव से रोका जाये व स्मार्ट मीटर परियोजना की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए व दोषी अधिकारियों एवं संबंधित कंपनियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये तथा आम उपभोक्ताओं एवं किसानों को राहत प्रदान करने हेतु पारदर्शी और न्याय संगत व्यवस्था लागू की जाये, अतः संविधान प्रदत्त अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुये राज्य सरकार को आवश्यक त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित करें, जिससे आम जनता एवं किसानों को राहत मिल सके और उनकी समस्याओं का न्यायोचित समाधान सुनिश्चित हो सके। ज्ञापन पर बुद्ध सिंह बुन्देला, समीम खान, आशाराम, जिला मंत्री रमेश कुमार झा, नगर अध्यक्ष मीना राजा, महिला अध्यक्ष हरीबाई, विवेक जैन, अनूप ताम्रकार, जगन्नाथ कुशवाहा, सुनील जैन, राकेश, पूनम राजा, मोहित जोसी, भागवती, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार नामदेव एडवोकेट, राजीव, विवेक, महेन्द्र पाराशर, हजारीलाल राजपूत, गनेशराम रजक आदि के हस्ताक्षर मौजूद थे।

### ऑनलाइन धोखाधड़ी से फ्राड हुई सम्पूर्ण धनराशि पुलिस ने कराई वापिस

ललितपुर। थाना नाराहट पुलिस द्वारा प्राप्त शिकायत एवं पीड़ित के उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेटमेन्ट व अन्य प्रपत्रों का अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये विभिन्न वित्तीय एजेंसियों बैंकों वालेट आदि से सम्पर्क कर उचित माध्यम से संबंधित वित्तीय एजेंसियों को उंपस करके, पीड़ित का पैसा होल्ड कराकर, पीड़ित से फ्राड हुई सम्पूर्ण धनराशि को नियमानुसार वापिस करने में सफलता प्राप्त की है, इस सराहनीय कार्य के लिए पीड़ित द्वारा पुलिस अधीक्षक व थाना नाराहट पुलिस की प्रशंसा की। पैसे बरामद करने वाली टीम में थानाध्यक्ष दयाशंकर सिंह, उप निरीक्षक दिलीप कुमार ने सावधानियां बरतने की सलाह देते हुये बताया कि किसी भी बिना पहचान वाले व्यक्ति को बैंकिंग, वित्तीय सम्बन्धी जानकारी साझा न करें, यदि किसी व्यक्ति के साथ फ्रॉड हो जाये तो तत्काल टोल फ्री नंबर 1930/112 पर कॉल करें या पोर्टल या साइबर क्राइम की वेवसाइट पर अपनी शिकायत ऑनलाईन दर्ज करें तथा स्थानीय पुलिस को अविलंब सूचित करें।

# गाड़ियों में टप्पेबाजी करने वाले चार सदस्यों को मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

. अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा व कारतूस आदि बरामद

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,**
बांदा। पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नरैनी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में थाना नरैनी व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा बसए ट्रेनए आटोए ई.रिक्शा आदि सवारी गाड़ियों में टप्पेबाजीध्चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अन्तरजनपदीय गिरोह के 04 सदस्यों को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि आज सुबह भोर में थाना नरैनी पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पनगरा नहर के पास कुछ संदिग्ध व्यक्ति है जो चोरीध्टप्पेबाजी जैसी घटनाओं को अंजाम देते है । सूचना पर तत्काल थाना नरैनी व एसओजी की संयुक्त



टीम द्वारा मौके पर छापेमारी कर घेराबन्दी की गई तो उक्त लोगों द्वारा जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर की गई । पुलिस द्वारा जवाबी कार्यवाही करते हुए तत्परता से घेरकर चारों अभियुक्तों को पकड़ लिया गया । अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचेए जिन्दा कारतूस व खोखा कारतूसए आदि बरामद हुए है । पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे सभी लोग सुनियोजित तरीके से ट्रेनए बसए ऑटो रिक्शा आदि सवारी गाड़ियो में सवारी बनकर चढ़ जाते है और उसमें बैठे सवारियों के किमती सामानों बैगए सूटकेस आदि को चिन्हित कर मौका पाकर उसको काटकरध्खोलकर कीमती सामानों की चोरी कर लेते है साथ ही पाकेटमारी का भी काम करते है और मौका पाकर अगले स्टाप पर उतर जाते है । साथ ही बताया कि ग्रामीणों क्षेत्रों में यह काम आसानी से हो जाता है तथा पकड़े जाने पर तमंचे का डर दिखाकर भाग जाते है । अभियुक्तों के कब्जे से 02 अवैध तमंचेए 02 मिस कारतूसए 01 जिन्दा कारतूस व 01 खोखा कारतूस एवं तलाशी में 05 हजार रुपए बरामद हुए है । इस सम्बन्ध में विस्तृत जांच की जा रही है कि इनके द्वारा और कहां.कहां और किन.किन जनपदों में टप्पेबाजीध्चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है तथा इनके गिरोह में और कितने लोग शामिल है । गिरफ्तार अभियुक्तों में निराजुल हसन पुत्र अजीत निवासी शाहपुर थाना भोजपुर जनपद मुरादाबादएगोविन्द पुत्र ब्रजपाल सिंह निवासी पुट्ठी इब्राहिमपुर थाना रामराज जनपद मुजफ्फरनगरएफहीम ;फईमद्ध पुत्र हनीफ निवासी शाहपुर थाना भोजपुर जनपद मुरादाबादए साहिल पुत्र जाइद निवासी शाहपुर थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद है।

## अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

मानिकपुर, चित्रकूट- जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मानिकपुर पुलिस टीम ने दो आरोपियों को 42 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। अभियान के तहत मानिकपुर थाना के उपनिरीक्षक शम्भू शरण सिंह तथा उनके हमराही आरक्षी संतोष सिंह व शरद कुमार सिंह द्वारा आरोपी दीपू निवासी ग्राम गुरौला थाना मानिकपुर को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ तथा आरोपी गिरधारी निवासी डाडी चमरौडी थाना मानिकपुर को 22 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपियों के विरुद्ध थाना मानिकपुर में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए।

# यूपी बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले होनहार विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



**– लल्ला सर की कोचिंग में हुआ कार्यक्रम आयोजन**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, चित्रकूट-** गणित के शिक्षक नरेन्द्र सिंह (लल्ला सर) द्वारा यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट की परीक्षा में श्रेष्ठ अंक लाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में समाजसेवियों ने होनहार विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया। शहर के शंकर बाजार में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में गणित शिक्षक नरेन्द्र सिंह (लल्ला सर) ने कहा कि इस बार हमारे यहां के पांच बच्चों ने गणित में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। इसके अलावा तीन बच्चों ने 99 अंक प्राप्त किए है। इस दौरान उन्होंने इण्टरमीडिएट परीक्षा में प्रदेश में आठवां और जिले में पहला स्थान प्राप्त करने वाले आकाश सिंह को सम्मानित किया। साथ ही जिले में छठवां स्थान प्राप्त करने वाले दिलीप सिंह को भी सम्मानित किया गया। इसी प्रकार दसवीं में जिले में तीसरा स्थान लाने वाले अनुपम त्रिपाठी व छठवां स्थान लाने वाले शोभित, अभिषेक को सम्मानित किया गया। गणित विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा आयुक्ता सिंह, छात्र शोभित सिंह, मोहित मिश्रा व 99 अंक प्राप्त करने वाले अभिषेक कुमार सिंह, कनिकी तिवारी व भविष्य सिंह को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी मुर्शरफ हुसैन मोसू ने विद्यार्थियों को उपहार वितरित कर उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर चित्रकूट प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार सुधीर अग्रवाल, समाजसेवी मंगल यादव आदि मौजूद रहे।

## स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही डिजिटल लूट : आप



**.नलकूपों में लगे स्मार्ट मीटर से किसान परेशान:समरजीत**

**बांदा।** स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही कथित लूटए गलत बिलिंगए बिजली कटौती और प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता के विरोध में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व और राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवाह्न पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को प्रदेश के सभी जिला विद्युत उपकेन्द्रों पर जोरदार प्रदर्शन किया और महामहिम राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर को श्डिजिटल लूटश् बताते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और इस जनविरोधी व्यवस्था को तत्काल बंद करने की मांग उठाई।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष समरजीत सिंह पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर योजना पूरी तरह से फेल हो चुकी है और यह अब जनता को राहत देने के बजाय आर्थिक शोषण का माध्यम बन गई है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर इतने श्स्मार्टश् हो गए हैं कि बैलेंस खत्म होते ही तुरंत बिजली काट देते हैंए लेकिन रिचार्ज के बाद भी 2 से 12 घंटे तक बिजली बहाल नहीं होती। यह व्यवस्था न केवल तकनीकी रूप से विफल हैए बल्कि सरकार की नीयत पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक लगभग 78 से 80 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैंए जिनमें से करीब 70 लाख प्रीपेड मीटर हैं। लाखों उपभोक्ता गलत बिलिंगए तेजी से बैलेंस खत्म होने और बिजली कटौती से परेशान हैं। कई मामलों में जहां पहले 1500 रूपये तक का बिजली बिल आता थाए वह अब बढ़कर 6000.7000 रूपये तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि यह सीधा.सीधा जनता की जेब पर हमला है।इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश में नलकूपों ;ट्यूबवेलद्ध पर भी सरकार द्वारा 4जी सिम.आधारित स्मार्ट मीटर लगाने की योजना शुरू की गई हैए लेकिन इन मीटरों के कारण किसानों को अत्यधिक बिजली बिल का सामना करना पड़ रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क कनेक्टिविटी की समस्याओं के चलते मीटर ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। इससे सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है और किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। यह योजना किसानों के लिए राहत के बजाय अतिरिक्त परेशानी का कारण बन गई है। आम आदमी पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इन मांगों पर तुरंत कार्रवाई नहीं कीए तो पार्टी इस मुद्दे को लेकर प्रदेशभर में अपना आंदोलन और तेज करेगी और सड़क से लेकर सदन तक जनता की आवाज मजबूती से उठाएगी। आज के इस विरोध प्रदर्शन में वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेंद्र शुक्ला महासचिव डॉक्टर अमित कुशवाहाए कोषाध्यक्ष राजकुमार सविताए नगर अध्यक्ष रमाशंकर गुप्ताए जिला उपाध्यक्ष कलीम भाईए शिक्षक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष इंजीनियर संदीप तिवारीए बांदा सदर विधानसभा अध्यक्ष विवेक कुमार बाजपेईए जिला सचिव अमित गुप्ताए लक्ष्मी प्रसादएराजेशए यूथ विंग जिला अध्यक्ष विनय गुप्ता आदि साथी उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी में मुक्तिधाम समिति ने पक्षियों के दाने.पानी का किया इंतजाम

अतर्राध्बांदा। भीषण गर्मी से पंछियों को बचाने के लिए मुक्तिधाम सेवा समिति ने पेड़ों पर परिंदे बांधकर पंछियों को बचाने की मुहिम छेड़ी है। भीषण गर्मी हुआ चिलचिलाती धूप में एक और जहां आम आदमी का बुरा हाल है वही पशु पंछियों को भी पानी की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है मुक्तिधाम सेवा समिति के अध्यक्ष सूरज बाजपेई ने पंछियों को भीषण गर्मी में बचाने के लिए पेड़ों पर परिंदे टांगकर कर लोगों को पंछियों के बचाने की मुहिम के प्रति जागरूक किया है रविवार को मुक्तिधाम सेवा समिति के संरक्षक सदस्य शिक्षक राम भरोसा वर्मा दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने मुक्तिधाम पहुंचकर अपने हाथों से आधा दर्जन पेड़ों पर परिंदे टांगकर पंछियों को पानी से राहत पहुंचने का कार्य किया है इस दौरान श्री वर्मा ने मुक्तिधाम सेवा समिति की पहल की सराहना करते हुए कहा है कि इस तरह के कार्य लगातार जारी रहना चाहिए।

# इलेक्ट्रिक मोटर चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

. अभियुक्तों की निशादेही पर चोरी की इलेक्ट्रिक मोटर बरामद

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज थाना नरैनी पुलिस द्वारा इलेक्ट्रिक मोटर चोरी करने वाले 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि थाना नरैनी पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान ग्राम पनगरा में पुलिया पर दो संदिग्ध युवक बैठे हुए दिखाई दिए । पुलिस द्वारा पूछताछ हेतु पास जाने पर दोनों भागने लगे जिनको पुलिस द्वारा आवश्यक बल का प्रयोग करते हुए घेरकर पकड़ लिया गया । तलाशी के दौरान उनके कब्जे 05 हजार रुपए बरामद हुए । कड़ाई से भागने का कारण पूछने पर दोनों युवकों



द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया गया वे दोनों घूम.घूमकर चोरी करते है तथा कुछ दिन पूर्व एक मकान से एक इंडक्शन मोटर चोरी किया था उसी की बिक्री हेतु यहां पर बैठा था । पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनकी निशादेही पर चोरी की एक इलेक्ट्रिक मोटर बरामद किया गया । इस सम्बन्ध में गहनता से जांच की जा रही है कि अभियुक्तों द्वारा और कहाँ.कहाँ चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है । गिरफ्तार अभियुक्तों में राहुल पुत्र पवन निवासी नन्दवारा थाना नरैनी जनपद बांदा व मनीष पुत्र मनोज निवासी मुरवा थाना गिरवां जनपद बांदा शामिल हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव पेड़ से लटकते मिला

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो नरैनी बांदा ।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव पेड़ से लटकते मिला। मौके पर से निकल रहे लोगो ने मृतक का पेड़ से लटकता शव देख परिजनो को सूचित किया।अचानक मौत की खबर पाकर परिजनो में कोहराम मच गया। आप सभी को ज्ञात हो की कोतवाली क्षेत्र स्थित गुढ़ा कला गांव के मजरा किंधौली निवासी चुनुवाद यादव उम्र 37 वर्ष पुत्र जागेश्वर यादव का शव कल्ला पुरवा स्थित खेत में मौजूद श्यामल के पेड़ में साफी के फंदे में लटकता शव मिला।मौके पर से निकल रहे ग्रामीणों ने मृतक की सूचना परिजनो को दी।मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव को देखकर गमजदा हो गए।मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई।मौके पर सूचना प्राप्त होने के पहुंची कोतवाली पुलिस और फोरेंसिक टीमों ने घटना की जांच पड़ताल की।घटना को लेकर मृतक के परिवारी जनों ने हत्या कर शव को पेड़ में लटकाए जाने की बात कही।बताया कि शनिवार की शाम चुनुवाद घर से कुछ साथियों के साथ पार्टी की बात कह घर से चला गया था।लेकिन रात वह घर नहीं लौटा। सुबह घटना क्रम की जानकारी हुई। पिता जागेश्वर ने हत्या की आशंका जताई।मृतक के शव को पेड़ से नीचे उतार उसका पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कालेज भेज दिया गया।

## पल्लवी पटेल के काफिले की कार अनियंत्रित होकर पलटरी, दो घायल

**बांदा।** जनपद के तिंदवारी थाना क्षेत्र में रविवार को एक बड़ा हादसा उस समय टल गयाएजब सिराथू विधायक पल्लवी पटेल के काफिले में शामिल एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में दो लोग घायल हो गएए जबकि विधायक पूरी तरह सुरक्षित बताई जा रही हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसारए विधायक पल्लवी पटेल बबेरू में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद तिंदवारी थाना क्षेत्र के धौंसन गांव में दूसरी बैठक के लिए जा रही थीं। इसी दौरान सिमौनी गांव के पास भारी जाम लग गयाए जिससे काफिले को वैकल्पिक मार्ग से निकाला गया। काफिला मौनी धाम रोड से होकर गुजर रहा थाए जो काफी संकरा बताया जा रहा है। जैसे ही काफिला जमुवा मरका के पास पहुंचाए उसमें शामिल एक स्विफ्ट डिजायर कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे गहरी खाई में गिर गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जाम के कारण जल्दबाजीए संकरी सड़क और चालक का नियंत्रण खोना इस दुर्घटना की मुख्य वजह हो सकती है। हादसे में कार चालक प्रयागराज के शाहपुर निवासी 26 वर्षीय नूर आलम को सिर और हाथ में चोटें आईं। वहीं नरैनी के लालपुर निवासी 32 वर्षीय अटल पटेल भी घायल हो गए। काफिले में मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को तुरंत तिंदवारी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचायाए जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। डॉक्टरों ने दोनों की हालत को खतरे से बाहर बताते हुए उन्हें छुट्टी दे दी। घटना की सूचना मिलते ही विधायक पल्लवी पटेल भी अस्पताल पहुंचीं और घायलों का हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों से इलाज की पूरी जानकारी ली और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों का विस्तृत पता लगाया जा रहा है। दुर्घटना के बाद काफिला कुछ समय के लिए घटनास्थल पर रुका रहा। स्थिति सामान्य होने के बाद काफिला अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गया।

# 800 मेगा वाट सोलर पार्क परियोजना की डीएम ने जानी प्रगति

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,**
चित्रकूट- जिले में प्रस्तावित 800 मेगावाट सोलर पार्क परियोजना के सम्बन्ध में शनिवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें परियोजना से जुड़े विभिन्न राजस्व, भूमि हस्तांतरण और अतिक्रमण के प्रकरणों पर चर्चा की गई तथा संबंधितों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए।

बैठक में बताया गया कि लेखपाल एवं राजस्व अधिकारियों की सीमित उपलब्धता के कारण भूमि सीमांकन कार्य में देरी हो रही है। इसके साथ ही कई स्थानों पर पारिवारिक भूमि विभाजन से जुड़े विवाद उपजिलाधिकारी न्यायालयों में लंबित होने के कारण कुछ भूखंडों के पट्टों का निष्पादन भी समय पर नहीं हो पा रहा है। सरकारी भूमि के हस्तांतरण में आने वाली समस्याओं की जानकारी देते हुए बताया कि खरगदाह गांव में संयुक्त राजस्व और वन भूमि के नक्शों में संशोधन लंबित होने के कारण 296.296 एकड़ सरकारी भूमि का अधिग्रहण अभी तक पूरा नहीं हो सका है। अतिक्रमण के सम्बन्ध में बताया गया कि दोदिया माफी और सेमरा गांव में सर्वेक्षित भूमि के कुछ हिस्सों पर अवैध कब्जा है। गैर-सर्वेक्षित भूमि पर भी अतिक्रमण की आशंका जताई गई। इसके अलावा



सेमरा क्षेत्र में कुछ भूमि पर वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण किए जाने की जानकारी भी सामने आई, जिसे लेकर संबंधित वन अधिकारियों को अवगत कराया गया है ताकि स्थिति स्पष्ट हो सके। बैठक में यह भी बताया गया कि कुछ सरकारी भूमि पहले से ही पट्टे पर दी जा चुकी है और कुछ गांव परियोजना क्षेत्र से बाहर हैं, जिससे कुल उपलब्ध भूमि पर भी प्रभाव पड़ रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी मऊ रामऋषि रमन सहित सभी संबंधित अधिकारियों को समन्वय बनाकर लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए ताकि सोलर पार्क जैसी महत्वपूर्ण परियोजना में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो और जिले के विकास को गति मिल सके।

## ब्रेक फेल होने से ट्रैक्टर पलटा चालक की मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो अतर्रा बांदा।** अतर्रा थाना क्षेत्र में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आयाए जहां ब्रेक फेल होने से एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खाई में गिरकर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गईए जबकि उसके साथ बैठा एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज दिन रविवार घटना 3 मई 2026 को दोपहर करीब 1रू30 बजे लकड़ी लेकर शिवलाल का पुरवा अंश तेरा बए थाना अतर्रा तहसील अतर्रा जिला बांदा से ट्रैक्टर नम्बर यू पी 96सी 3314 में आ रहे थे। ट्रैक्टर पर दो लोग सवार थे और चालक लाल राम स्वयं ट्रैक्टर चला रहा था। इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर का ब्रेक फेल हो गयाए जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया और खाई में जा गिरा। हादसा इतना भयावह था कि चालक ट्रैक्टर के नीचे दब गयाए जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान लाल राम पुत्र मथुरा निवासी शिवलाल का पुरवा अंश तेरा बए थाना अतर्रा जिला बांदा के रूप में हुई है। वहींए दूसरा व्यक्ति अशोक कुमार निषाद पुत्र बब्बू निवासी महेवाए जनपद कौशांबी गंभीर रूप से घायल हो गयाए जिसे स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतर्रा में भर्ती कराया गयाए जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज कर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गनीमत रही कि इस हादसे में किसी राहगीर को टक्कर नहीं लगी और न ही कोई अन्य जनहानि हुई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से खराब और बिना फिटनेस वाले वाहनों की जांच कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की हैए ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

## भतीजे ने चाचा को किया लहूलुहान रिपोर्ट दर्ज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो अतर्रा बांदा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गुमाई में पारिवारिक विवाद के चलते मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने अपने ही भतीजे पर हमला करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसारए गुमाई निवासी मनीराम पुत्र कैरा ने थाना अतर्रा में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 2 मई 2026 को सुबह करीब 10 बजे पुरानी रंजिश को लेकर उसका भतीजा अरविंद पुत्र दिलबहार ;उम्र करीब 20 वर्षद्ध उसे गाली देने लगा। जब मनीराम ने विरोध कियाए तो आरोप है कि अरविंद ने लात.घूंसे और किसी वस्तु से हमला कर दियाए जिससे उसका सिर फट गया और काफी खून निकल आया।पीड़ित का यह भी आरोप है कि आरोपी ने उसे धमकी दी कि यदि वह थाने गया तो उसे जान से मार देगा।घटना के बाद पीड़ित ने थाना अतर्रा में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अतर्रा संजीव कुमार चौबे द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा पंजीकृत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# आज़ाद क्रांति पार्टी की परिवर्तन एवं संकल्प महारैली का हुआ आयोजन

. शहर के जीआईसी मैदान में हुआ आयोजन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, बांदा।** रविार को शहर के जीआईसी मैदान में आज़ाद क्रांति पार्टी की परिवर्तन एवं संकल्प महारैली हुई। इस ऐतिहासिक जनसंकल्प महारैली में हज़ारों की संख्या में उमड़े जनसैलाब ने यह सिद्ध कर दिया कि बुंदेलखंड की जनता अब चुप बैठने को तैयार नहीं है। पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक आनन्द सागर खरे एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सिंह खंगार के आह्वान पर बाँदा एवं समीपवर्ती ज़िलों से पहुँचे किसानोंए युवाओंए महिलाओं और बुजुर्गों ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि कृ अब झूठे वादे नहीं हमें रोज़गार चाहिएए सम्मान चाहिए और अपना हक़ चाहिए।
रैली में पार्टी के वक्ताओं ने बुंदेलखंड की दशकों पुरानी उपेक्षाए किसानों की बदहालीए युवाओं की बेरोज़गारी और बेलगाम माफ़िया राज पर सत्ता पक्ष को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कृ्जिस धरती ने वीर पैदा किएए उस धरती का किसान आज कर्ज़ और कुप्रबंधन की फाँसी में क्यों झूल रहा हैघ् बाँदा को



वोट बैंक नहींए विकास का केंद्र बनाना हमारा लक्ष्य है।ष्वक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि यह केवल एक रैली नहींए बल्कि बुंदेलखंड के स्वाभिमान की नई क्रांति का आगाज़ है। कहा कि बुंदेलखंड के पत्थरए खनिज और प्राकृतिक संसाधनों का लाभ यहाँ के स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर मिले। बाहरी ठेकेदारों द्वारा संसाधनों की लूट तत्काल बंद हो। हर किसान के खेत तक पानी पहुँचाना पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बाढ़ए सूखा अथवा ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों का मुआवज़ा 30 दिन के भीतर सीधे किसान के खाते में। पटवारियों के भ्रष्ट सर्वे की जगह ग्राम सभा आधारित पारदर्शी मुआवज़ा प्रणाली लागू हो। बुंदेलखंड के हर ब्लाक में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएँ सुनिश्चित हों। शिक्षा और स्वास्थ्य की घोर उपेक्षा कृ को जड़ से समाप्त किया जाए। विशेषकर हालिया पक्सो मामलों ने साबित कर दिया है कि अपराधियों में क़ानून का भय समाप्त हो चुका है। जेल अधिकारियों की मिलीभगत और रसूखदारों को सत्ता.संरक्षण तत्काल बंद हो। फ़ास्ट ट्रैक न्याय प्रणाली की माँग भी उठी। इस मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष रमेश सिंह सेंगर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## संदिग्धावस्था में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

नरैनी, बांदा। कोतवाली क्षेत्र स्थित गुढ़ा कला गांव के मजरा किंधौली निवासी चुनुवाद यादव उम्र 37 वर्ष पुत्र जागेश्वर यादव का शव कल्ला पुरवा स्थित खेत में मौजूद श्यामल के पेड़ में साफी के फंदे में लटकता शव मिला।मौके पर से निकल रहे ग्रामीणों ने मृतक की सूचना परिजनो को दी।मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव को देखकर गमजदा हो गए।मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई।मौके पर सूचना प्राप्त होने के पहुंची कोतवाली पुलिस और फोरेंसिक टीमों ने घटना की जांच पड़ताल की।घटना को लेकर मृतक के परिवारी जनों ने हत्या कर शव को पेड़ में लटकाए जाने की बात कही।बताया कि शनिवार की शाम चुनुवाद घर से कुछ साथियों के साथ पार्टी की बात कह घर से चला गया था।लेकिन रात वह घर नहीं लौटा। सुबह घटना क्रम की जानकारी हुई। पिता जागेश्वर ने हत्या की आशंका जताई।मृतक के शव को पेड़ से नीचे उतार उसका पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कालेज भेज दिया गया।

**परिक्रमा मार्ग में चलाया गया सफाई अभियान**

चित्रकूट- धर्मनगरी स्थित कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में प्रत्येक रविवार को चलाए जाने वाले सफाई अभियान के तहत इस रविवार को भी नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी एवं कामदगिरि स्वच्छता समिति के संयुक्त तत्वावधान में सफाई अभियान चलाकर श्रमदान किया गया। सफाई अभियान के तहत परिक्रमा मार्ग स्थित बिरिजा कुंड के पास श्रमदान किया गया। इस दौरान परिक्रमा मार्ग व कामदगिरि में फैले कचरे को एकत्रित कर उचित निस्तारण किया गया

## विज्ञान मेला में 23 विद्यालयों के छात्रों ने मॉडल एवं प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर वैज्ञानिक अनुसंधान का किया प्रदर्शन



**-तीन विद्यालयों को मिला लीडिंग इंस्टीट्यूट फॉर साइंस एजुकेशन अवार्ड**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** विज्ञान भारती एवं ज्ञानफोर्ट इनोवेटिव स्कूल के तत्वावधान में विज्ञान मेला आयोजन स्कूल में आयोजित किया गया मुख्य अतिथि निर्देशक ई स्पेन डॉ संदीप पाटिल विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अनुसंधान की प्रवृत्ति एवं रचनात्मक सोच को विकसित करते हैं

जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र.छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विज्ञान के प्रति अपनी रुचि जिज्ञासा एवं नवाचार क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विज्ञान प्रदर्शनी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में 21 विद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। विज्ञान प्रदर्शनी में 23 विद्यालयों ने अपने अभिनव मॉडल एवं प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए इस अवसर पर तीन विद्यालयों आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ जवाहर नवोदय विद्यालय एवं ज्ञानफोर्ट इनोवेटिव स्कूल को श्लीडिंग इंस्टिट्यूट फॉर साइंस एजुकेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुनील मिश्रा कौस्तुभ ओमर राहुल संदीप सिंह राठौर ब्लॉक प्रमुख डॉक्टर पल्लव सिंह सोमवंशी मौजूद रहे धीरेंद्र वर्मा एवं विमल राठौर ने जानकारीके दी कि विज्ञान भारती के प्रयासों से साइंस बस जिले में आएगी जो 5 मई से विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध रहेगी। ज्ञानफोर्ट की प्रधानाचार्य जसवीर कौर ने सभी का आभार व्यक्त किया

### विख्यान उद्योगपति दीनदयाल गुप्ता का निधन

कानपुर। होजरी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी, डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संस्थापक और चेयरमैन एमेरिटस विख्यात उद्योगपति दीनदयाल गुप्ता का आज कोलकाता में उम्र संबंधी बीमारियों के कारण स्वर्गवास हो गया। उनका निधन कंपनी के साथ-साथ भारतीय होजरी और परिधान उद्योग के एक युग के अंत का प्रतीक है। एक दूरदर्शी नेता और कंपनी की उल्लेखनीय यात्रा के मार्गदर्शक रहे दीनदयाल गुप्ता ने पांच दशकों से अधिक समय तक अटूट प्रतिबद्धता, दूरदर्शिता और अखंडता के साथ डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड का नेतृत्व किया। उनके नेतृत्व में कंपनी एक मामूली शुरुआत से विकसित होकर होजरी और परिधान क्षेत्र में भारत के अग्रणी निर्माताओं में से एक बन गई। उनके मार्गदर्शन में डॉलर इंडस्ट्रीज 1700 करोड़ से अधिक के बड़े व्यापारिक समूह के रूप में उभरी। हरियाणा के भिवानी जिले के मनहेरू गाँव में 13 सितंबर 1937 को एक साधारण और बड़े परिवार में जन्मे श्री गुप्ता का जीवन दृढ़ता, जुझारूपन और बड़े सपने देखने की शक्ति का प्रमाण था। वर्ष 1962 में कोलकाता आकर उन्होंने खरीदारों के बजट और आवश्यकताओं के अनुरूप होजरी उत्पादों का निर्माण और बिक्री शुरू की। उन्होंने निर्माण और फिनिशिंग सुविधाओं के समानांतर विकास, बिक्री केंद्रों और खुदरा विक्रेताओं के नेटवर्क के निर्माण और अन्य कंपनियों द्वारा उपेक्षित बाजारों के प्रत्यक्ष विकास के माध्यम से इसे संभव बनाया। दीनदयाल गुप्ता के परिवार में उनकी पत्नी, चार बेटे और पोते-पोतियां हैं, जो वर्तमान में डॉलर इंडस्ट्रीज के व्यापारिक साम्राज्य का नेतृत्व कर रहे हैं।

### वामा वेलनेस कैम्प कार्यक्रम का आयोजन

इटावा। पुलिस महानिरीक्षक कार्मिकए पुलिस महानिदेशक जीएसओ उत्तर प्रदेश द्वारा निर्गत आदेशों के क्रम में आयोजित वामा वेलनेस कैम्प कार्यक्रम के अंतर्गत 3 मई को वामा सारथी अध्यक्षा रीना श्रीवास्तव धर्मपत्नी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन इटावा परिसर में वामा सारथीए उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श एवं निःशुल्क दवा वितरण शिविर का सफल आयोजन किया गया। उक्त शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉण् राजकुमार अपनी टीम सहित उपस्थित रहेए जिनके द्वारा पुलिस लाइन परिसर में निवासरत पुलिस कर्मियोंए उनके परिजनों एवं बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया गया। शिविर के दौरान विभिन्न स्वास्थ्य जांचें संपन्न करायी गयीं तथा होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से रोगों की रोकथामए उपचार एवं स्वास्थ्य संरक्षण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही उपस्थित लाभार्थियों को आवश्यकतानुसार निःशुल्क औषधियों का वितरण भी किया गया।

## तेज आंधी वर्षा से पेड़ उखाड़े, मकान के छप्पर झोपड़िया हवा से गिरी

आम की फसल को भारी नुकसान 75 साल पुराना पेड़ जड़ से उखाड़कर गिरा


आंधी.बारिश में पेड़ उखड़ेए झोपड़ियां गिरींए पेड़ की डाल से अमिया गिरीए भारी नुकसान

.शाहपुर गंगापुर में 70 साल पुराना पेड़ धराशायीए आंधी में गेहूं के पुरे उड़ेए बारिश से भीगे

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** कायमगंज शनिवार देर रात आई तेज आंधी और मूसलाधार बरसात ने जनजीवन अस्त.व्यस्त कर दिया। कई स्थानों पर पुराने पेड़ उखड़ गए और ग्रामीण इलाकों में झोपड़ियां ढह गईं। हालांकि जनहानि नहीं हुई किसानों और बागवानों को भारी नुकसान हुआ है

शनिवार देर रात करीब डेढ़ बजे तेज आंधी के साथ शुरू हुई मूसलाधार बारिश ने इलाके में तबाही मचा दी। शाहपुर गंगापुर गांव में 70 साल से अधिक पुराना भारी.भरकम पेड़ जड़ से उखड़कर गिर गया। इसके अलावा कई अन्य स्थानों पर भी पेड़ गिरने की घटनाएं सामने आई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आंधी का असर अधिक देखने को मिला यहां कई गरीब परिवारों की झोपड़ियां धराशाई हो गईं। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस दौरान किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं मिली। आंधी.बारिश से किसानों को भी बड़ा नुकसान हुआ है। खेतों में कटाई के बाद रखा गेहूं तेज हवाओं में उड़ गया और बाद में हुई बारिश में पूरी तरह भीगकर खराब हो गया। इससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है। लगातार आंधियों के चलते आम के बागों को भी भारी क्षति पहुंच रही है। पेड़ों से कच्चे आम बड़ी संख्या में गिर रहे हैं। बागवानों का कहना है कि





यदि इसी तरह मौसम का मिजाज बना रहा तो इस बार आम की पैदावार काफी कम हो सकती है। आंधी के बाद करीब 40 मिनट तक हुई झमाझम बारिश से मौसम जरूर सुहावना हो गया। दिनभर की उमस से परेशान लोगों को रात में राहत मिली और वे चैन की नींद सो सके।

### महिला की मौत मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया

**फर्रुखाबाद।** कायमगंज क्षेत्र की एक विवाहिता की जम्मू.कश्मीर के सांबा जिले में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पहले मायके पक्ष ने कार्रवाई से इनकार किया लेकिन बाद में हत्या का आरोप लगाते हुए डायल 112 पर सूचना दे दी जिससे मामला उलझ गया। इस पर शव लेकर लौट रहे पति को कोतवाली पुलिस ने रोका और पोस्टमार्टम कराने को वापस भेजा।

क्षेत्र के गांव लुधईया निवासी दीपू अपनी पत्नी किरन के साथ जम्मू.कश्मीर के सांबा जिले में रहकर टाइल्स फैक्ट्री में काम करता है। शुक्रवार को दीपू ने घर सूचना दी कि उसकी पत्नी किरन की मौत हो गई है। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मामले की जानकारी मृतका के मायके पक्ष को दी गई जहां परिजन बिलख पड़े। कोतवाली पुलिस के अनुसार जिस स्थान पर महिला की मौत हुई वहां की पुलिस मौके पर पहुंची थी और फोन पर मायके पक्ष से बात की तो बताया गया कि उस समय मायके पक्ष ने किसी प्रकार की कार्रवाई से इनकार करते हुए शव को घर लाने की बात कही थी।उसके बाद जब पंचनामा भरवा कर दीपू पत्नी का शव लेकर लौट रहा था तभी मृतका के पिता नन्हेलाल निवासी सीघनपुर थाना मेरापुर ने डायल 112 पर कॉल कर हत्या का आरोप लगा दिया। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने जांच के बाद कोतवाली पुलिस को अवगत कराया। इस पर उपनिरीक्षक ज्ञान प्रकाश पाण्डेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जांच में सामने आया कि घटना जम्मू.कश्मीर के सांबा जिले की है। उपनिरीक्षक ने वहां की पुलिस से संपर्क किया वहां बताया गया कि पंचनामा भरवाकर शव पति को सौंप दिया गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने सांबा जिले के संबंधित चौकी इंचार्ज से वार्ता कर पोस्टमार्टम कराने को कहा। साथ ही मृतका के पति को भी फोन कर वापस जाकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराने को कहा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मायके पक्ष की ओर से हत्या की सूचना मिलने पर जांच कराई गई है। चूंकि घटना जम्मू.कश्मीर की है इसलिए वहां पोस्टमार्टम कराने के लिए कहा गया है। परिजनों के अनुसार मृतका की शादी करीब पांच वर्ष पहले हुई थी।

### एसएसपी के पीआरओ बने शंकरानंद

इटावा। कानून व्यवस्था को और सख्त व बेहतर बनाने के लिए एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने निरीक्षक और उपनिरीक्षक स्तर पर महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। कई थानों के प्रभार बदले गए हैंए जिनमें लवेदीए पछायगांव और महिला थाना प्रमुख रूप से शामिल हैं। हाल के दिनों में लवेदी क्षेत्र में सामने आई घटनाओं को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। पीआरओ निरीक्षक अनिल कुमार विश्वकर्मा को लवेदी थाने का प्रभारी बनाया गया है। लवेदी क्षेत्र में लगातार बढ़ती घटनाओं को ध्यान में रखते हुए यह बदलाव किया गया हैए ताकि कानून व्यवस्था को बेहतर तरीके से संभाला जा सके। महिला थाना में तैनात निरीक्षक निर्मला कुमारी को पछायगांव थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया

### जीआरपी पुलिस ने 5 माह का बच्चा बचाया

इटावा। जीआरपी पुलिस की सतर्कता से पांच माह का मासूम सुरक्षित बरामद हुआ और उसे उसके माता.पिता को सौंप दिया गया। चेकिंग के दौरान एक युवक के पास बच्चा मिलने पर पुलिस को शक हुआ। पूछताछ में संतोषजनक जवाब न मिलने पर बच्चे को सुरक्षित अभिरक्षा में लिया गया। बाद में पता चला कि युवक बच्चे का मामा हैए जो उसे घर से बिना बताए ले आया था।

बीते शनिवार को रेलवे प्लेटफार्म नंबर पर एक रात करीब 10ण्30 बजे चेकिंग के दौरान पुलिस को एक युवक पांच माह के बच्चे के साथ संदिग्ध हालत में मिला। युवक ने पूछताछ में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दीए जिससे युवक का शव और बढ़ गया। बच्चे की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने तुरंत अपनी निगरानी में ले लिया। जीआरपी थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तुरंत आसपास के थानों व अन्य माध्यमों से सूचना प्रसारित की। इसके बाद बच्चे के पिता अंशुल कुमार व माता सुषमा निवासी करहल मैनपुरी थाने पहुंचे और बच्चे की पहचान पुत्र आर्यन के रूप में की।

## गैस न मिलने से स्ट्रीट फूड विक्रेताओं पर संकट

स्मार्ट मीटर का जबरदस्त विरोध

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

फर्रुखाबाद । कायमगंज उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी को लेकर सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने चेतावनी दी कि समस्या का समाधान न होने पर संगठन जन आंदोलन करेगा।

नगर के जटवारा रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में कमर्शियल गैस सिलेंडर की उपलब्धता न होने से कुटीर उद्योग बंदी की कगार पर पहुंच गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार नए कनेक्शन नहीं दे रही है जिससे छोटे कारोबारियों को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि शादी.बारात जैसे आयोजनों के लिए गैस की खुलेआम कालाबाजारी हो रही है जिससे वास्तविक जरूरतमंदों को सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो संगठन सरकार के खिलाफ जन आंदोलन करेगा और जगह.जगह पुतले जलाए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि भले ही गैस संकट अंतरराष्ट्रीय स्तर की समस्या हो लेकिन केंद्र सरकार को कुटीर उद्योगों को बचाने के लिए ठोस और प्रभावी योजना बनानी चाहिए।

स्मार्ट मीटर के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि संगठन किसी भी सरकारी योजना के खिलाफ नहीं है और उग्र आंदोलन नहीं करना चाहता लेकिन सरकार को स्मार्ट मीटर से जुड़ी पूरी जानकारी संबंधित ऐप और उसकी गारंटी उपभोक्ताओं को स्पष्ट रूप से देनी चाहिए। साथ ही पुराने मीटरों के लिए जमा उपभोक्ताओं की सिक्योरिटी राशि वापस की जानी चाहिए। तंबाकू कारोबार में जीएसटी मामलों में पुलिस हस्तक्षेप पर उन्होंने कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसी स्थिति में संगठन विरोध करेगा।

इससे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संगठनात्मक फेरबदल करते हुए जिलाध्यक्ष मनोज कौशल को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया। लंबे समय से नगर अध्यक्ष रहे संजय गुप्ता को जिले की कमान सौंपते हुए जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। अमित सेठ को नगर अध्यक्ष और संजीव अग्रवाल को महामंत्री मनोनीत किया गया।

कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष पवन गुप्ता सुधीर गुप्ता शिवकुमार शाक्य अभिषेक अग्रवाल मुस्तफा अमोल अग्रवाल महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रश्मि दुबे नगर अध्यक्ष मधु गंगवार रेनू त्रिपाठी लक्ष्मी राजपूत लक्ष्मी गुप्ता लक्ष्मी राठौर सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जिले के सभी आर्य समाज मंदिरों पर हुए यज्ञ में सैकड़ो ने डाली आहुतियां

**अंतरराष्ट्रीय यज्ञ दिवस पर विधि विधान से कराए गए यज्ञ वेदों के प्रचार पर दिया जोर**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** अन्तर्राष्ट्रीय यज्ञ दिवस के अवसर पर आज जिले के सभी आर्य समाज मंदिरों एवं आर्य समाज से जुड़े हजारों परिवारों में एक साथ सामूहिक यज्ञ का आयोजन किया गया। प्रातः काल से ही श्रद्धालुओं में उत्साह का वातावरण देखने को मिला और वैदिक मंत्रों की पवित्र ध्वनि से सम्पूर्ण क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा। इस सामूहिक यज्ञ के माध्यम से सनातन संस्कृति की एकरूपता पर्यावरण संरक्षणए सामाजिक समरसता तथा आध्यात्मिक जागृति का दिव्य संदेश जन.जन तक पहुँचाया गया।

जिला सभा के प्रधान आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने आर्य समाज लोहाई रोड पर विधि.विधान पूर्वक यज्ञ सम्पन्न कराया। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने वेदों के सच्चे ज्ञान को पुनः समाज में स्थापित कर सनातन धर्म को नई दिशा प्रदान की। उन्होंने बताया कि यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि यह जीवन को शुद्ध संतुलित और ऊर्जावान बनाने का वैज्ञानिक माध्यम भी है जो व्यक्ति समाज और प्रकृति के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। सभा के मंत्री डॉण् शिवराम सिंह आर्य ने नवाबगंज क्षेत्र में स्थानीय नागरिकों के साथ यज्ञ कर लोगों को आर्य समाज की वैदिक विचारधारा से जोड़ते हुए इसे जन.जन तक पहुँचाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि आज के समय में यज्ञ जैसे वैदिक कर्म पर्यावरण शुद्धिए मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

सभा के कोषाध्यक्ष आचार्य संदीप आर्य ने आर्य समाज कमालगंज में विशाल सामूहिक यज्ञ का संचालन किया। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि आर्य समाज की सर्वोच्च संस्था सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के निर्देशन एवं आर्य समाज कमालगंज के आवाहन पर न केवल जनपद बल्कि विभिन्न प्रांतों में भी आर्य बंधुओं ने एक साथ यज्ञ कर संगठन अनुशासन और एकरूपता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। यह आयोजन वैदिक परंपरा के प्रति लोगों की आस्था एवं समर्पण का सशक्त प्रमाण है। गंगापार क्षेत्र के आर्य समाज सीढे चकरपुर में श्याममद बाबा ने यज्ञ कराया यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आहुति प्रदान की। इसके अतिरिक्त आर्य समाज करनपुर दत्त राजेपुर कायमगंज गदनपुर देवराजपुर खुदागंज मोहम्मदाबाद जहानगंज एवं भोलेपुर सहित अनेक स्थानों पर भी श्रद्धाए भक्ति और अनुशासन के साथ यज्ञ कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रत्येक स्थान पर लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ वातावरण को पवित्र एवं ऊर्जावान बनाया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सनातन संस्कृति सदैव प्रकृति के संरक्षण और संतुलन को सर्वोच्च स्थान



देती है तथा यज्ञ इसके प्रमुख साधनों में से एक है। यज्ञ के माध्यम से वातावरण की शुद्धि रोगों की रोकथाम तथा मानसिक शांति की प्राप्ति होती है। आर्य समाज सदैव इन मूल्यों के संरक्षण एवं प्रचार.प्रसार के लिए समर्पित रहा है और आगे भी समाज को जागरूक करने का कार्य निरंतर करता रहेगा। कार्यक्रम में हरिओम शास्त्री हरिसिंह आर्य प्रदीप राठौर राजीव आर्य धर्मवीर आर्य जितेंद्र वर्मा प्रशांत आर्य मुन्ना यादव आदि मौजूद रहे।

## खबर एक नज़र

### इकदिल में संयुक्त प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी गठित

**इकदिलए इटावा।** संयुक्त प्रेस क्लब इटावा की इकदिल नगर कार्यकारिणी का गठन रविवार को नगर पंचायत सभागार में गरिमामय माहौल में किया गया।बैठक की अध्यक्षता संरक्षक गणेश ज्ञानार्थी ने कीएजबकि जिलाध्यक्ष राजेंद्र भसीनएमहामंत्री सुधीर मिश्रए संगठन मंत्री रघुवीर सिंह यादव और प्रचार मंत्री नितेश कुमार सिंह की मौजूदगी में नई टीम की घोषणा की गई।

नवगठित कार्यकारिणी में सुशील सम्राट को संरक्षकए संजीव राजपूत को नगर अध्यक्षएअनिल कुमार को उपाध्यक्षएअमित राजपूत को महामंत्री तथा आदेश कुमार को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।घोषणा के साथ ही सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।जिला पदाधिकारियों ने नव. निर्वाचित सदस्यों को फूल. मालाएं पहनाकर स्वागत किया और उनके सफल व सक्रिय कार्यकाल की कामना की।वरिष्ठ पत्रकारों ने नई टीम को पत्रकारिता के मूल्योंए निष्पक्षता और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति सजग रहने का संदेश देते हुए कहा कि संगठन को मजबूत बनाकर जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाना ही प्राथमिकता होनी चाहिए।इस अवसर पर कुलदीप सिंहए नितेश प्रताप सिंहएकुलदीप राजपूत सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।

### आम आदमी पार्टी का जोरदार प्रदर्शन

.जिला विद्युत उपकेन्द्रों पर सौंपा गया राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

इटावा। उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही कथित लूटए गलत बिलिंगए बिजली कटौती और प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता के विरोध में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व और राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवाह्न पर आम आदमी पार्टीए उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को प्रदेश के सभी जिला विद्युत उपकेन्द्रों पर जोरदार प्रदर्शन किया और महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर को श्डिजिटल लूटश् बताते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और इस जनविरोधी व्यवस्था को तत्काल बंद करने की मांग उठाई।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष संजीव शाक्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर योजना पूरी तरह से फेल हो चुकी है और यह अब जनता को राहत देने के बजाय आर्थिक शोषण का माध्यम बन गई है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर इतने स्मार्ट हो गए हैं कि बैलेंस खत्म होते ही तुरंत बिजली काट देते हैंए लेकिन रिचार्ज के बाद भी 2 से 12 घंटे तक बिजली बहाल नहीं होती। यह व्यवस्था न केवल तकनीकी रूप से विफल हैए बल्कि सरकार की नीयत पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है। आम आदमी पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इन मांगों पर तुरंत कार्रवाई नहीं कीए तो पार्टी इस मुद्दे को लेकर प्रदेशभर में अपना आंदोलन और तेज करेगी और सड़क से लेकर सदन तक जनता की आवाज मजबूती से उठाएगी। आज के विरोध प्रदर्शन में मनोज यादव जिलाउपाध्यक्षए अशोक यादव विधानसभा अध्यक्षए रामदत्त यादव विधानसभा अध्यक्षए विनीत कुमारए जगदीशए चंद्रपालए रोहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

### परशुराम सेवा समिति की बैठक संपन्न

इकदिलए इटावा। परशुराम सेवा समिति की बैठक प्रदेश कार्यालय मोहल्ला कायस्थान इकदिल में संपन्न हुई। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉण्सुशील सम्राट ने की कथा संचालन प्रदेश महासचिव जयशिव मिश्रा ने किया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप जलाकर पूजा अर्चना की स बैठक में सर्व सम्मति से तय किया गया की 10 मई को मां जगदंबा देवी मंदिर प्रकाश कोल्ड स्टोर इकदिल में संरक्षक सम्मेलन एवं सहभोज का आयोजन 10 मई दिन रविवार प्रातः 9 बजे से किया जाएगा सम्मेलन का संयोजक संरक्षक हरिप्रकाश चौधरी को बनाया गया। इसके साथ ही मेधावी सम्मान समारोह 14 जून दिन रविवार को प्रात 10 बजे से मधुवन वाटिका इटावा में आयोजित किया जाएगा स मेधावी समाज समारोह का संयोजक महासचिव जयशिव मिश्रा को बनाया गया। मेधावी सम्मान समारोह में संरक्षक कृष्ण मोहन अग्निहोत्री के द्वारा लिखी गई महादेव वर्मा की पुस्तक का विमोचन किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष डॉण्सुशील सम्राट ने कहा कि निष्क्रीय पदाधिकारियों को पदमुक्त कर सक्रिय लोगों को जिम्मेदारी दी जाएगी।

उन्होंने गोपाल मिश्रा को परशुराम सेवा समिति इकदिल का नगर अध्यक्ष घोषित किया स बैठक में हरदोई की श्रीमती ममता मिश्रा के खिलाफ गलत रूप से दर्ज करवाए गए हरिजन एक्ट की कड़े शब्दों में निंदा की गई और शासन प्रशासन से मांग की गई है कि ममता मिश्रा के खिलाफ लिखे गए फर्जी मुकदमे को तत्काल समाप्त किया जाए। बैठक में कोर कमेटी गठन किया गया जिसमें हरिप्रकाश चौधरीए डॉण्सुशील सम्राटए विनय कुमार द्विवेदीए जयशिव मिश्राए गोपालजी मिश्राए मनोज कुमार पांडेयए मुकेश दीक्षितए राजेंद्र देव दुबेए राज तिवारीए गोपाल मिश्रा आदि को शामिल किया गया है स बैठक में संरक्षक कृष्ण मोहन अग्निहोत्री व सदस्य मनोज कुमार पांडेय को परशुराम जी की प्रतिमा भेंट करके सम्मानित किया गया।

### मल्लाह समाज के योगदान को उचित स्थान देने की उठी मांग

इटावा। चंबल फाउंडेशन के चंबल मिशन अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम के उपेक्षित नायकों के इतिहास को सामने लाने की जोरदार मांग उठाई। इस दौरान विशेष रूप से मल्लाह समाज के ऐतिहासिक योगदान को प्रमुखता से रेखांकित किया गया और कहा गया कि इनके बलिदान को अब तक इतिहास में उचित स्थान नहीं मिला है।

वक्ताओं ने कहा कि चंबल और कुवारी नदियों के दोआब में स्थित बंसरी गांव कभी क्रांतिकारियों की राजधानी हुआ करता था। यह क्षेत्र परिहार ठाकुरों की बसावट के कारण परिहारा क्षेत्र के नाम से भी जाना जाता रहा है। 1857 की क्रांति के दौरान बंसरी गांव ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष में अहम भूमिका निभाई। यह गांव भरेह रियासत के अंतर्गत आता थाए जिसमें कुल 54 गांव शामिल थे। यहां के राजा रूप सिंह सेंगर ने 31 मई 1857 को अपनी रियासत को अंग्रेजों से स्वतंत्र घोषित कर दिया था और 1857 से 1859 तक अंग्रेजी सत्ता के खिलाफ कई निर्णायक युद्ध लड़े। इतिहासकार देवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि चंबल अंचल के क्रांतिकारी यह मानते थे कि भीषण गर्मी में अंग्रेजी सेना स्थानीय परिस्थितियों में टिक नहीं पाएगीए और इसी रणनीति के तहत उन्होंने संघर्ष को आगे बढ़ाया। बंसरी गांव क्रांतिकारी सेनाओं का प्रमुख पड़ाव था और यहां का प्रत्येक व्यक्तिकृचाहे पुरुष हो या महिलाकृअंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई में सक्रिय रूप से शामिल था। बंसरी में हुई चौपाल में महान क्रांतिकारी दुर्जन सिंह परिहार के वंशज भानु सिंह परिहारए जीता चमार के वंशज बलराम सिंह जाटवए सूरज रेखा त्रिपाठी एडवोकेटए मान सिंह सरपंचए गजेंद्र सिंह एडवोकेटए वैभव रंजन द्विवेदीए कौशल सिंहएविनोद मास्टरए आदिल खानए विवेक सिंह आदि ने सम्बोधित किया।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

भरथनाए इटावा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बनामई में बीती 1 मई की शाम 4 बजे ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार मजदूर रिंकू शाक्य 23 वर्ष पुत्र वीरेंद्र शाक्य निवासी ग्राम सराय रमायन गम्भीर रूप से घायल हो गया था। जिसे पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मजदूर की गम्भीर हालत के चलते चिकित्सकों ने पीजीआई रेफर कर दिया था। जहां मजदूर रिंकू इलाज के बीच जिंदगी और मौत से जूझ रहा था। इसी बीच रविवार को इलाज के दौरान घायल रिंकू की दर्दनाक मौत हो गई।

रिंकू की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में बुरी तरह कोहराम मच गया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर व उसके चालक की तलाश शुरू कर मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है। मृतक के परिजनों ने बताया कि रिंकू को मजदूरी के लिए एक नामजद व्यक्ति लेकर घर से गया था। मृतक अपने तीन भाइयों और तीन बहनों में सबसे छोटा अविवाहित भाई था। रिंकू की मौत के बाद मां कमला देवीए पिता वीरेंद्र शाक्यए भाई मनोज और विनोद समेत तीनों बहनों का रो.रोकर बुरा हाल बना हुआ है।

# मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गुर्गी गांव में रविवार को मिशन शक्ति टीम के हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे,कांस्टेबल राजेश मौर्य व महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर द्वारा चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण तहत महिलाओ व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया। बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला सशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया। अग्निशमन हेल्पलाइन नंबर 101,आशा ज्योति केंद्र 181 आदि हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए शासन के द्वारा बनाये गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

## दो दिन पूर्व गुमशुदा महिला का कुएं में मिला शव

**स्वतंत्र भारत अहरौरा (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के बभनी गांव की महिला अनुराधा 30 वर्ष दो दिन पूर्व 1 मई 2026 को सुबह अपने ससुराल बभनी से मायके बैरमपुर गई थीं। उसी दिन शाम वह बिना बताए घर से कहीं चली गई। रात्रि तक न लौटने पर परिजन परेशान हो गए और खोजबीन करने लगे। गुमशुदगी दर्ज के अनुसारवहीं आज 3 मई की सुबह कुछ ग्रामीणों के द्वारा पुराने कुएं में किसी का शव होने की जानकारी परिजनों को दी गई। आनन फानन में प्रशासन को जानकारी देते हुए परिजन मौके पर पहुंचे और शव का शिनाख्त गुमशुदा अनुराधा के रूप में किया। परिजनों में हाहाकार मच गया। गांव में आत्महत्या और हत्या को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जाने लगे। पुलिस प्रशासन शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही में जूट गई। जॉच के उपरांत ही स्थिति स्पष्ट हो पायेगी।

# बूथ कमांडरों का हुआ सम्मान समारोह



**स्वतंत्र भारत चुनार (मिर्जापुर)।** चुनार विधानसभा के बूथ कमांडरों का सम्मान समारोह राजदीप महाविद्यालय कैलहट में आयोजित किया गया। जिसका संचालन सुनील पटेल फौजी प्रधान महासचिव जेएसपीने किया।

डॉ पटेल ने कहा कि यह लड़ाई सत्ता परिवर्तन से ज्यादा महत्वपूर्ण व्यवस्था परिवर्तन की है जिसमें हमारे सरदार सैनिक व बूथ कमांडर की महत्वपूर्ण भूमिका होगी हम सभी कों इस न्यायिक लड़ाई कों मिलकर अंजाम तक पहुँचाने का संकल्प लेना होगा जो आने वाली पीढ़ीयों कर लिए मिल का पत्थर साबित होगा। यह कार्यक्रम बहुत ही शानदार तरीके से संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में चुनार विधानसभा के तीनों ब्लॉक सीखड़ नारायणपुर और जमालपुर के सभी बूथों के बूथ कमांडर और सह कमांडर उपस्थित हुए हजारों की संख्या में बूथ कमांडरों का सामान समारोह किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरदार सेना के संस्थापक जनहित संकल्प पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आर एस पटेल रहे और विशिष्ट अतिथि चेयरमैन एडवोकेट रामलाल पटेल आदि रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चक कोटार गांव निवासी युवक की ननिहाल में शनिवार की रात्रि में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया है। युवक के परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। थाना क्षेत्र के चक कोटार गांव निवासी राजपति का 22 वर्षीय पुत्र रविशंकर शनिवार की रात्रि 9 बजे अपने घर से ननिहाल प्रयागराज जनपद के कोरांव थाना क्षेत्र के रामगढ़ गया था की रात्रि में अचानक तबियत खराब होने पर युवक के रिश्तेदार उपचार के लिए कोरांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए जहां पर चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया।सूचना पर पहुँचे युवक के शव को घर लाकर पुलिस को सूचना दिए। अंतिम संस्कार कर दिया है। युवक के परिजनों के अनुसार युवक के सीने में अचानक तबियत खराब होने से मौत हुई है। मृत युवक दो भाइयों में बड़ा था, अविवाहित था। युवक के मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। इस संबंध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सूरज मौर्य ने बताया की अपने ननिहाल गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। परिजनों द्वारा पुलिस को बिना सूचना दिए अंतिम संस्कार कर दिया है।

## साइबर पुलिस ने आवेदक का 7500 रुपये कराया वापस



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया थाना की साइबर पुलिस ने रविवार को एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से आवेदक के 7500 रूपये वापस कराया है। थाना क्षेत्र के परसिया खुर्द गांव निवासी राजपति का बीते 3 अप्रैल को कुल 7500 रूपये का ऑनलाइन फ्राड हुआ था जिस पर आवेदक द्वारा थाना स्थानीय पर एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना पत्र के माध्यम से साइबर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आवेदक की ऑनलाइन हुए फ्राड रूपये को होल्ड कराते हुए आवेदक की धनराशि को वापस कराया है। धनराशि वापस कराने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव व कांस्टेबल विश्वनाथ रहे।

# मध्यप्रदेश निवासी घायल बाइक चालक की उपचार के दौरान मौत



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मिर्जापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में शनिवार की रात जेसीबी की टक्कर से गंभीर रूप से घायल बाइक सवार

### गंभीर रूप से घायल पत्नी व पुत्री का चल रहा उपचार

पति की उपचार के दौरान रविवार सुबह मंडलीय चिकित्सालय में मृत्यु हो गई।

वहीं गंभीर रूप से घायल पत्नी व पुत्री का उपचार चल रहा है। मध्य प्रदेश के मऊगंज जिला स्थित हनुमना थाना क्षेत्र के मोरहना गांव निवासी 32 वर्षीय गोपाल दास मौर्य अपनी 30 वर्षीया पत्नी राजकुमारी मौर्य व 13 वर्षीया पुत्री पूजा के साथ बाइक से हलिया थाना क्षेत्र के परसिया कलां गांव स्थित अपनी ससुराल से शनिवार देर शाम वापस अपने घर जा रहे थे। जैसे ही भैसोड़ बलाय पहाड़ पहाड़ गांव में यादव ढाबा के पास पहुंचे तो जेसीबी ने बाइक में टक्कर मार दी थी। जिससे बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने घायल दंपती और पुत्री को उपचार हेतु हलिया पीएचसी भेजा। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत गंभीर देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया था।इस संबंध में थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने बताया कि जेसीबी की टक्कर से मध्यप्रदेश निवासी घायल बाइक चालक गोपाल दास मौर्य की उपचार के दौरान मंडलीय चिकित्सालय में मौत हो गई।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## विंध्य भारत गैस गोदाम पर गैस सिलेंडर के लिए उपभोक्ताओं की लम्बी भीड़, पुलिस ने वितरण कराया सिलेंडर

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के हलिया स्थित विंध्य भारत गैस एजेंसी के भटवारी गैस गोदाम पर गैस सिलेंडर के लिए विंध्य भारत गैस एजेंसी के गोदाम पर गैस सिलेंडर के लिए रविवार की सुबह से ही गोदाम पर पहुंचकर कतार में लग गया। सैकड़ो की संख्या में पहुँचे गैस उपभोक्ताओ की लम्बी कतार गोदाम के बाहर सिलेंडर लेने के लिए लग गई और गैस सिलेंडर के लिए अपनी बारी का इंतजार करने लगे। गैस गोदाम पर भारी संख्या में उपभोक्ताओ की भीड़ गर्मी व धुप में कतार में सिलेंडर रखकर गोदाम पर सिलेंडर लेने के लिए पहुँचे उपभोक्ताओ को सिलेंडर लेने में परेशानी का सामना ना करना पड़े इसलिए पहुँचे एसआई घनश्याम सिंह ने पुलिसकर्मियों ने बारी बारी से उपभोक्ताओ को सिलेंडर का वितरण कराया। एक ट्रक सिलेंडर लोड आया था जिसका वितरण उपभोक्ताओ में बारी बारी से किया गया है।

## टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक, बड़ा हादसा टला

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** गुजरात से फ्रिज लादकर पटना जा रहा एक ट्रक रविवार को बरौंधा बेलन पुल के पास अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ट्रक का अगला दाहिना टायर फटने से वाहन अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए करीब 25 मीटर दूर विपरीत दिशा में पलट गया। संयोग अच्छा रहा कि ट्रक में सवार सभी लोग बाल-बाल बच गए और किसी को गंभीर चोट नहीं आई। जानकारी के अनुसार, ट्रक चालक शाहनवाज (43) निवासी थाना धनसोई, जिला बक्सर (बिहार) अपने परिवार के साथ गुजरात से पटना जा रहा था। ट्रक में चालक के साथ उसका पूरा परिवार महिला और छोटे बच्चे भी सवार थे। जैसे ही वाहन बरौंधा बेलन पुल के पास पहुंचा अचानक अगले पहिए का टायर ब्लास्ट हो गया।जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना की सूचना मिलते ही बरौंधा चौकी इंचार्ज संजय कुमार और हेड कांस्टेबल सदानंद तिवारी मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक का शीशा तोड़कर अंदर फंसे सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। राहत की बात यह रही कि किसी को खरोंच तक नहीं आई। चालक शाहनवाज ने बताया कि घाटी क्षेत्र से गुजरने के दौरान टायर अधिक गर्म हो जाते हैं। पहले सड़क किनारे पेड़ों की छाया में वाहन खड़ा कर इंजन और टायर ठंडा किया जाता था लेकिन फोरलेन निर्माण में पेड़ों के कट जाने से यह सुविधा समाप्त हो गई है। जिससे टायर गर्म होकर फटने की घटनाएं बढ़ रही हैं। दुर्घटना के बाद राजमार्ग पर कुछ समय के लिए अफरातफरी और जाम की स्थिति बन गई। बरौंधा चौकी इंचार्ज संजय कुमार ने हाइड्रा मशीन मंगवाकर ट्रक को सीधा करायाजिसके बाद आवागमन सामान्य हो सका।स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार हो रही ऐसी घटनाएं सड़क सुरक्षा के प्रति गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही हैं।

# जन आरोग्य मेला में 207 मरीजों का हुआ उपचार



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 207 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है।उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में डॉक्टर विवेक खरे ने कुल 47 मरीजों का उपचार किया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार मे आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी के देखरेख में 35 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बाल कृष्ण मिश्रा के देखरेख में 46 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला डॉक्टर शालिनी सिंह के देखरेख में 39 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली में चिकित्सक मनीष कुमार ने 40 मरीजों का उपचार किया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार ने बताया की उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 207 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। इस दौरान फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा, मनोज कुमार, सुभाष पटेल,एलटी राकेश पटेल, स्टॉफनर्स माया आदि मौजूद रहे।

## साइबर केस में ताबड़तोड़ एक्शन : वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** जनपद में साइबर अपराध के खिलाफ चल रहे अभियान में थाना मधुबन पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। मु0अ0सं0 68/26 धारा 69/115(2)/352/351(2) बीएनएस व 67 आईटी एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।पुलिस अधीक्षक मऊ कमलेश बहादुर के निर्देश पर चल रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार व क्षेत्राधिकारी मधुबन अंजनी कुमार पाण्डेय के पर्यवेक्षण में कार्रवाई हुई। प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह के नेतृत्व में अपराध निरीक्षक हरेन्द्र सिंह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे।इसी दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने कटघराशंकर मोड़ के पास घेराबंदी कर आरोपी को धर दबोचा। गिरफ्तारी रविवार सुबह करीब 08:08 बजे की गई। गिरफ्तार अभियुक्त अमरजीत राजभर (29 वर्ष), पुत्र रामप्रवेश राजभर, निवासी डुहा विहरा थाना सिकन्दरपुर जनपद बलिया का रहने वाला है। उसके खिलाफ थाना हलधरपुर में भी संबंधित मामला दर्ज है। गिरफ्तारी टीम में अ0नि0 हरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल प्रमोद यादवकांस्टेबल विवेक यादव शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## कड़ी सुरक्षा के बीच मोहम्मदाबाद गोहना में नीट परीक्षा संपन्न, दो केंद्रों पर रही प्रशासन की पैनी नजर

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना तहसील क्षेत्र में स्थित संत गदीनाथ राजकीय पीजी कॉलेज एवं टाउन इंटर कॉलेज में रविवार को नीट परीक्षा दोपहर 2:00 बजे से शुरू हुई। परीक्षा से करीब दो घंटे पहले ही दोनों केंद्रों पर परीक्षार्थियों की स्क्रीनिंग शुरू कर दी गई थी। आधार कार्ड और प्रवेश पत्र का मिलान करने के बाद ही छात्रों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया।दोनों परीक्षा केंद्रों पर प्रशासन और पुलिस की विशेष निगरानी बनी रही। मोहम्मदाबाद-मऊ मार्ग पर स्थित इन केंद्रों पर परीक्षार्थियों को आवागमन में अधिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। हालांकि सुबह अचानक मौसम खराब होने से छात्र-छात्राओं को कुछ दिक्कतें हुई, लेकिन मौसम सामान्य होने के बाद अभिभावक समय पर केंद्रों तक पहुंच गए। परीक्षा शुरू होने से पहले केंद्रों के बाहर भीड़ देखी गई, लेकिन पुलिस और प्रशासन ने व्यवस्था संभालते हुए परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी। परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस उपाधीक्षक शीतला प्रसाद पांडे, कोतवाल कमलकांत वर्मा, मिथिलेश कुमार, राजीव कुमार सहित पुलिस एवं महिला पुलिस बल दोनों केंद्रों पर पूरी तरह मुस्तैद रहा।


स्वतंत्र भारत

वर्गीकृत

सूचना

मैंने अपने पुत्र खान फरहान जाहिदी की बेजा हरकतों से तंग आकर संबंध विच्छेद कर चलअचल संपत्ति से बेदखलकर दिया है उसके किसी भी कृत्य व लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार ना होगा। खान अहसान वाहीदी पुत्र रियाज अहमद खान, नि. फ्लैट न. 103/7-65 नसीम रेजिडेंसी तिलक नगर कानपुर नगर।

सी.आर.- 226/K-40

कॉलेज कोड 549 केशवदेव तिवारी महाविद्यालय ग्राम गोहन (जालौन) 285129

आवश्यकता है! प्राचार्य एवं प्रवक्ता बी.ए., बी.एस-सी., एम.ए., एम.एस-सी. हेतु

विषय बी.ए.-भूगोल, शिक्षा शास्त्र, समाजशास्त्र, इतिहास (प्रत्येक विषय में 01 पद) विषय बी.एस.सी.-रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान (प्रत्येक विषय में 01 पद) एम.ए. हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, इतिहास, गृह विज्ञान (प्रत्येक विषय में 02 पद) एम.एस-सी. गणित, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान (प्रत्येक विषय में 02 पद)। अर्हता-(प्राचार्य/प्रवक्ता पद के लिए शासनादेशानुसार) उत्तम शैक्षिक अभिलेख सहित विश्वविद्यालय परिनियमावली/यू.जी.सी./ राज्य सरकार के अनुसार/ स्नातकोत्तर उपाधि 55 प्रतिशत अंकों के साथ नेट/स्लेट/पी.एच.डी./अनु. जाति/अनु. जनजाति के अभ्यर्थियों को 5 प्रतिशत की छूट/आरक्षण नियमानुसार/ वेतन एवं अन्य सुविधाएँ शासनादेशानुसार। कृपया अपना विवरण डाक द्वारा/व्यक्तिगत रूप से सत्यापित प्रतियों के साथ एवं 4 फोटो लैब वाली सहित महाविद्यालय के पते पर विज्ञापन प्रकाशन के 21 दिन के अन्दर भेजें। आवश्यकतानुसार रिक्तियों की संख्या घट-बढ़ सकती है। प्रशासनिक स्टाफ-01 पद पुस्तकालय दृश्य (बी. लिब. 55 प्रतिशत अंक), 04 पद प्रयोगशाला सहायक (55 प्रतिशत अंकों सहित बी.सी.ए.), 02 पद कार्यालय एवं लेखा सहायक, 01 पद कार्यालय सहायक एवं कम्प्यूटर प्रचालक, 01 पद स्टोर कीपर, 02 पद प्रयोगशाला परिचर/सहयोगी स्टाफ। मो. 9415032171, 7007290320, 7706875624

e-mail: kdtdegreegohan@gmail.com प्रबन्धक- डा. मालती द्विवेदी

सी.आर.- 226/K


## हिस्ट्रीशीटर सलीम नट गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज पुलिस द्वारा एक (हिस्ट्रीशीटर टाप-10 अपराधी) को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना लालगंज पुलिस द्वारा वारण्टी (हिस्ट्रीशीटरटाप-10 अपराधी) को गिरफ्तार को थाना लालगंज पुलिस टीम द्वारा (हिस्ट्रीशीटर टाप-10 अपराधी) सलीम पुत्र कलीम निवासी बसही खुर्द को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में हाजिर किया गया।

## पेंशन व वेतन समस्याओं को लेकर मंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

**स्वतंत्र भारत मऊ।** समाज कल्याण विभाग के अनुदानित प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों की पेंशन, लंबित वेतन व सत्र लाभ समेत विभिन्न समस्याओं को लेकर शिक्षक प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण से मुलाकात की।प्रदेश महामंत्री रामानंद विश्वकर्मा के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने गाजीपुर, मऊ व आजमगढ़ के शिक्षकों के रुके वेतन सहित अन्य मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। मंत्री ने मौके पर ही अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए और समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।प्रतिनिधिमंडल में राजकुमार, प्रेमचंद गुप्त, दूधनाथ चौहान, अमरजीत यादव, रामबली यादव व कमलेश कुमार रावत समेत अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

## लाइसेंसी पिस्टल छिनैती मामले में दूसरा आरोपित गिरफ्तार, भेजा जेल

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मड़वा धनावल गांव में बीते बुधवार की रात आर्केस्ट्रा संचालक की लाइसेंसी पिस्टल छीनकर भागने वाले फरार चल रहे दूसरे मनबढ़ युवक को पुलिस ने रविवार को खुटहा गांव स्थित नदी के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को मड़वा धनावल गांव से इंद्रवार गांव निवासी किरन उर्फअर्जुन को लाइसेंसी पिस्टल और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं पुलिस को देखकर उसके दो अन्य साथी हलिया क्षेत्र के पवांरी कलां निवासी अमित कुमार व ड्रमंडगंज क्षेत्र के अमदह गांव निवासी रोहित भाग निकले थे। पुलिस फरार चल रहे दोनों आरोपितों की तलाश में जुटी थी जहां मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने पुलिसकर्मियों संग खुटहा गांव से दूसरे आरोपित अमित कुमार निवासी पवांरी कलां थाना हलिया को गिरफ्तार कर लिया।मड़वा धनावल गांव में बुधवार की रात आई बरात में आर्केस्ट्रा शुरू करने को लेकर हुए विवाद के दौरान मनबढ़ युवकों ने आर्केस्ट्रा संचालक की लाइसेंसी पिस्टल छीन लिया था और मौके से भाग निकले थे।इस मामले में गुरुवार को आर्केस्ट्रा संचालक सौरभ जायसवाल निवासी बल्ली का अड्डा थाना कोतवाली कटरा ने अज्ञात के विरुद्ध लाइसेंसी पिस्टल और 6 कारतूस चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया था। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने बताया कि फरार चल रहे दूसरे आरोपित अमित कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। तीसरे आरोपित रोहित की तलाश की जा रही है।

## बारिश में रसलपुर बाजार बना मुसीबत गड्ढों और कीचड़ से कारोबार प्रभावित

**स्वतंत्र भारत मऊ।** दोहरीघाट क्षेत्र के रसलपुर बाजार में रविवार को हुई बारिश ने सड़क की बदहाल स्थिति की पोल खोल दी। हल्की बारिश के बाद ही सड़क पर बने गहरे गड्ढों में पानी भर गया, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी।

जगह-जगह जलभराव के कारण लोगों को गड्ढों का अंदाजा नहीं लग पा रहा है, जिससे फिसलने और दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। स्थिति इतनी खराब हो गई कि बाजार लगाना भी मुश्किल हो गया। कीचड़ और गड्ढों में भरे पानी के कारण गुजरने वाले वाहनों से छिटे उड़ रहे हैं, जिससे दुकानदारों और ग्राहकों के कपड़े खराब हो रहे हैं। इससे व्यापार पर भी असर पड़ रहा है और लोग बाजार आने से कतराने लगे हैं।

इस संबंध में मनोज, अरविंद, प्रवीण और विकास ने बताया कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराई जाए ताकि बाजार और आमजन को राहत मिल सके।

## दो बाइकों की टक्कर में चार लोग गंभीर

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** रामपुर थाना क्षेत्र के मधुबन-बेल्थरा रोड स्थित फतेहपुर में रविवार शाम करीब तीन बजे दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पंजाब नेशनल बैंक के पास दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, फतेहपुर निवासी इस्तेयाक अहमद (48) अपने पुत्र आकिब के साथ बाजार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक से उनकी सीधी टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर बलिया जनपद के उभाव थाना क्षेत्र निवासी ससना बहादुर (29) सवार थे, जबकि पीछे बभनियाव निवासी मंटू (28) बैठे थे।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चारों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर मंडाव पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।

सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव

फोन : 0512-2332212
0512-2330533

E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।

# अमेरिका की नाक के नीचे से ईरान ने निकाला अपना 'सुपर टैंकर'

**तेहरान।** समंदर में अमेरिका और ईरान के बीच एक बड़ी लुकाछिपी का खेल चल रहा है। एक ताजा रिपोर्ट ने दुनिया भर में हलचल मचा

- होर्मुज से दो हजार करोड़ का तेल किया पार

दी है। मॉनिटरिंग फर्म 'टैंकरट्रैकर्सडॉटकॉम' ने दावा किया है कि ईरान का एक बहुत बड़ा तेल का जहाज अमेरिकी नौसेना की सख्त नाकेबंदी को चकमा देकर बाहर निकल गया है। यह जहाज अब एशिया-प्रशांत क्षेत्र में पहुंच गया है। इस घटना से अमेरिका की पहरेदारी पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। यह इस बात का संकेत है कि समंदर में दोनों देशों के बीच तनाव अपने चरम पर है। दरअसल, अमेरिका ने ईरान को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के लिए उसके तेल व्यापार पर रोक लगाने की कोशिश की है। इसके लिए अमेरिकी नौसेना ने समंदर में कड़ी नाकेबंदी कर रखी है। लेकिन, ट्रैकिंग फर्म की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान का एक विशाल जहाज अमेरिका की इस नाकेबंदी को भेदने में सफल रहा है। यह जहाज कोई छोटा-मोटा जहाज नहीं है, बल्कि यह अपने अंदर लाखों बैरल कच्चा तेल लेकर जा रहा है।



इस घटना ने यह दिखा दिया है कि ईरान अपने तेल को बेचने के लिए नए-नए और छुपे हुए रास्ते निकाल रहा है।

**कितने डॉलर का तेल लेकर निकला ईरानी जहाज?**

मॉनिटरिंग फर्म 'टैंकरट्रैकर्सडॉटकॉम' के मुताबिक, ईरान का यह जहाज करीब 1.9 मिलियन बैरल कच्चा तेल लेकर वहां से निकला है। इस भारी मात्रा में मौजूद तेल की कीमत लगभग 220 मिलियन डॉलर आंकी गई है। इस विशाल जहाज (वेरी लार्ज क्रूड कैरियर या वीएलसीसी) का संबंध 'नेशनल इरानियन टैंकर कंपनी' से बताया जा रहा है। ट्रैकिंग फर्म ने जानकारी दी है कि इस खास जहाज की पहचान 'ह्यूज' नाम से की गई है।

**नाकेबंदी को लेकर अमेरिका और ईरान के क्या हैं दावे?**

ईरानी सरकारी मीडिया ने 29 अप्रैल को दावा किया था कि उनके कम से कम 52 जहाज अमेरिकी नाकेबंदी को तोड़ने में सफल रहे हैं। वहीं, अमेरिकी सेना के अधिकारियों का कहना है कि जब से नाकेबंदी शुरू हुई है, तब से उन्होंने ईरान से जुड़े करीब 41 जहाजों को वापस लौटने पर मजबूर किया है। अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि उनकी यह नाकेबंदी काफी असरदार और प्रभावी साबित हो रही है। अमेरिका का कहना है कि इसके कारण ईरान अपना तेल निर्यात करने में असमर्थ हो रहा है और उसे तेल को स्टोर करने या उत्पादन रोकने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

ईरान को अब तक कितना नुकसान

शनिवार को न्यूज़ वेबसाइट एक्सियोस ने कुछ अधिकारियों के हवाले से एक बड़ी खबर प्रकाशित की। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका की इस समुद्री नाकेबंदी के कारण ईरान को काफी भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय यानी पेंटागन के आकलन के मुताबिक, इस नाकेबंदी से ईरान को लगभग 4.8 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। अगर इसे भारतीय रुपयों में देखा जाए, तो यह नुकसान करीब 456 अरब रुपए (45,600 करोड़ रुपए) के तेल राजस्व का है।

### कैसे जहाज ने छिपाई अपनी लोकेशन और अब कहां है?

रिपोर्ट के अनुसार, इस जहाज को आखिरी बार करीब डेढ़ हफ्ते पहले श्रीलंका के समुद्री इलाके के पास देखा गया था। फिलहाल यह विशाल तेल टैंकर लोमबोक स्ट्रेट के रास्ते से होकर रिओ आर्किपेलेगो (द्वीप समूह) की दिशा में आगे बढ़ रहा है। फर्म ने बताया कि 13 अप्रैल को जब अमेरिकी नौसेना ने नाकेबंदी की घोषणा की थी, तब यह टैंकर ईरान के ही जलक्षेत्र में मौजूद था। इस जहाज ने 20 मार्च को स्ट्रेट ऑफ मलाका से ईरान के लिए रवाना होने के बाद अपना ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम (एआईएस) बंद कर दिया था। इससे इसकी लोकेशन ट्रैक करना काफी मुश्किल हो गया था।

# कच्चे तेल का उत्पादन लक्ष्य बढ़ाएगा ओपेक+

**रियाद।** पश्चिम एशिया में इस वक्त भारी तनाव का माहौल है। होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया गया है। इस बड़े संकट के बीच, तेल

- होर्मुज की नाकेबंदी के बाद सस्ता होगा तेल
- इस फैसले से दुनिया को मिलेगी राहत

निर्यातक देशों के समूह ओपेक+ ने एक बड़ा फैसला लिया है। ओपेक प्लस ने सैद्धांतिक रूप से जून महीने में अपना कच्चे तेल का उत्पादन लक्ष्य बढ़ाने पर अपनी पूरी सहमति दे दी है। यह कदम दुनिया भर में तेल की कीमतों को काबू में रखने के लिए उठाया गया है।

**ओपेक प्लस की उत्पादन पर क्या योजना?**

कई रिपोर्टों के अनुसार, ओपेक प्लस के सात देशों ने अगले महीने तेल उत्पादन का लक्ष्य बढ़ाने पर सहमति जताई है। इसके तहत लगभग 1,88,000 बैरल प्रतिदिन तेल का उत्पादन बढ़ाया जाएगा। हालांकि, जब तक होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह से नहीं खुल जाता, तब तक उत्पादन में यह बढ़ोतरी सिर्फ नाम मात्र ही मानी जाएगी। भौगोलिक और राजनीतिक संकट के बीच, यह लगातार तीसरा महीना है जब इस तरह तेल उत्पादन बढ़ाने का फैसला लिया गया है।

पिछले हफ्ते, यूएई ने ओपेक और ओपेक प्लस समूह से पूरी तरह बाहर होने की घोषणा कर दी थी। सऊदी अरब के नेतृत्व वाले इस तेल निर्यातक समूह के लिए यूएई का यह फैसला एक बहुत बड़ा झटका माना जा रहा है। यूएई ने कहा है कि यह कड़ा फैसला उसकी लंबी अवधि की रणनीतिक और आर्थिक दृष्टि को ध्यान में रखकर लिया गया है। यूएई के बाहर होने से यह समूह ऐसे समय में कमजोर होगा जब होर्मुज की नाकेबंदी के कारण खाड़ी देशों का निर्यात पहले ही बुरी तरह प्रभावित हो चुका है। आपको बता दें कि ओपेक के कुल तेल निर्यात में यूएई की बहुत बड़ी हिस्सेदारी थी, जो लगभग 15 प्रतिशत थी।

**उत्पादन पर आधिकारिक आंकड़े?**

हालांकि ओपेक प्लस में 21 सदस्य हैं, लेकिन हर महीने उत्पादन का फैसला केवल सात देश (और पहले यूएई) ही लेते रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक, मार्च के महीने में सभी ओपेक प्लस सदस्यों का औसत कच्चा तेल उत्पादन 3.50 करोड़ (35.06 मिलियन) बैरल प्रतिदिन रहा। यह आंकड़ा फरवरी के महीने के मुकाबले काफी कम रहा है। फरवरी की तुलना में मार्च में तेल उत्पादन में 77 लाख (7.70 मिलियन) बैरल प्रतिदिन की भारी गिरावट दर्ज की गई थी।

# 'समुद्री डकैती को सामान्य बनाने की कोशिश'

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने रविवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस टिप्पणी

- ईरान का अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान पर पलटवार

की आलोचना की, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह समुद्री लुटेरों (पायरेट्स) जैसे हैं। उन्होंने वाशिंगटन पर ईरानी जहाजों को जब्त करके समुद्री डकैती को सामान्य बनाने का आरोप लगाया। प्रवक्ता बगाई ने एक्स पर एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने लिखा, अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरानी जहाजों पर गैरकानूनी कब्जे को खुलेतौर पर 'समुद्री डकैती' बताया है और बेशर्मी से यह शेखी बघारी है कि हम समुद्री डाकुओं की तरह काम करते हैं। उन्होंने आगे कहा, यह कोई जुबान फिसलने का मामला नहीं था, बल्कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री आवाजाही के खिलाफ उनके आपराधिक कृत्यों की एक सीधी और गंभीर स्वीकारोक्ति थी। उन्होंने आगे अतरराष्ट्रीय समुदाय, संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के सदस्य देशों और यूएन के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से आह्वान किया कि वे अंतरराष्ट्रीय कानून के ऐसे घोर उल्लंघन को सामान्य बनाने की किसी भी कोशिश को पूरी तरह खारिज करें। ईरान की ओर से यह टिप्पणी ट्रंप के उस बयान के जवाब में आई, जिसमें उन्होंने कहा था- हम समुद्री लुटेरों जैसे हैं। फ्लोरिडा में पाम बीच के फोरम क्लब में रात्रिभोज में ट्रंप ने समुद्र में अमेरिकी सैन्य अभियानों का एक विस्तृत ब्योरा पेश किया। उन्होंने सीधी-सपाट भाषा और दृश्य चित्रण का इस्तेमाल करते हुए जहाजों और तेल के टैकरों को जब्त करने की प्रक्रिया को बताया।

# तुर्की ने बनाया दुनिया का सबसे खतरनाक ड्रोन

**अंकारा।** दुनिया की जंग अब सिर्फ मिसाइलों और टैंकों तक सीमित नहीं रही। अब लड़ाई का मैदान आसमान है। जहां एआई और स्मार्ट टेक्नोलॉजी

- बिना जीपीएस नेविगेट करेगा
- वीआईपी लोगों के लिए बड़ा थ्रेट

गेम बदल रही हैं। तुर्की की मशहूर ड्रोन कंपनी बायकर ने एक ऐसा ड्रोन पेश किया है जो बिना जीपीएस की दुश्मन को ढूंढकर मार सकता है। घंटों आसमान में मंडरा सकता है और सही वक्त आने पर घातक हमला कर सकता है। इसका नाम है मिजराक जिसका मतलब है तीर या भाला। दरअसल बायकर का मिजराक एक एआई पावर्ड कैमिकाजे ड्रोन है जिसे



लाइटनिंग मुनिशन कहा जाता है। यानी यह पहले हवा में घूमकर अपने लक्ष्य की तलाश करता है और फिर हमला करता है। इसकी रेंज 1000 किमी से ज्यादा है और यह करीब 7 घंटे तक हवा में रह सकता है। करीब 200 किलो वजनी यह ड्रोन 185 किमी घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है और 10,000 फीट की ऊंचाई तक जा सकता है। इसमें 40 किलो तक का वॉर हेड लगाया जा सकता है जो बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाने में सक्षम है।

इसे रनवे या रॉकेट असिस्ट दोनों तरीके से लॉन्च किया जा सकता है। मिजरक के दो वेरिएंट है। एक हैवी डैमेज के लिए 40 किलो डबल वॉर हेड के साथ और दूसरा 20 किलो वॉर हेड के साथ रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर जो रडार वाले टारगेट को आसानी से पहचान सकता है। इसमें ईओ और आईआर कैमरे लगे हैं जो निगरानी और टारगेट पहचानने में मदद करते हैं। लेकिन इसकी सबसे खतरनाक ताकत जीपीएस के बिना काम करने की क्षमता है। आमतौर पर ड्रोन जीपीएस पर निर्भर होते हैं। जिन्हें दुश्मन जैम कर सकता है। लेकिन मिज़क में एआई पावर्ड ऑटो पायलट इनशियल नेविगेशन सिस्टम है और कंप्यूटर विज़न टेक्नोलॉजी लगी है। यह ड्रोन कैमरे से मिलने वाली तस्वीरों को रियल टाइम में प्रोसेस करता है। आसपास के लैंडमार्क्स में अपनी पोजीशन मिलाता है और स्लैम जैसी तकनीक के जरिए खुद अपना नक्शा बनाकर आगे बढ़ता है।

# ईरान जंग के दो महीने, दुनिया में मंदी का संकट

**तेहरान/वॉशिंगटन।** अमेरिका की ईरान के खिलाफ 28 फरवरी को शुरू हुई जंग को दो महीने हो चुके हैं, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने इसे छोटी और निर्णायक लड़ाई बताया था, लेकिन अब हालात उलट दिख

- दावा- अमेरिका ने 95 लाख करोड़ खर्चे
- ईरान में 3,600+ मौतें चीन-रूस फायदे में रहे

रहे हैं। जंग रुकी जरूर है, पर खत्म नहीं हुई। इस जंग में अब तक ईरान के 3,600 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 1,700 से ज्यादा आम नागरिक हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के मुख्य अर्थशास्त्री पियरे-ओलिवियर गोरिन्शास ने चेतावनी दी है कि अगर यह संघर्ष लंबा चलता है और तेल की कीमतें ऊंची बनी रहती हैं, तो ग्लोबल आर्थिक ग्रोथ रेट गिरकर करीब 2% तक आ सकती है, जिसे आम तौर पर ग्लोबल मंदी माना जाता है।



आईएमएफ ने बताया कि जंग से पहले उम्मीद थी कि इस साल वैश्विक महंगाई 4.1% से घटकर 3.8% हो जाएगी, लेकिन अब 4.4% तक पहुंचने का अनुमान है। वहीं हार्वर्ड की इकोनॉमिस्ट लिंडा बिल्म्स का अनुमान है कि अमेरिका ने इस युद्ध पर करीब 1 ट्रिलियन डॉलर यानी 95 लाख करोड़ रुपए खर्च किए हैं। हालांकि अमेरिकी सरकार ने 25 अरब डॉलर खर्च करने की बात कही है। दूसरी तरफ से इस जंग से चीन और रूस को फायदा मिल रहा है। चीन इस जंग से अपेक्षाकृत मजबूत स्थिति में दिख रहा है। चीन ने पहले ही तेल के भंडार जोड़ रखे थे और वैकल्पिक ऊर्जा पर भी कई दशकों पहले से ध्यान दे रहा था। साथ ही, अमेरिका की छवि कमजोर होने से उसे कूटनीतिक फायदा मिला है। चीन की तेल और गैस कंपनियां भी मुनाफा कमा रही हैं। सीएनएन के मुताबिक, 6 बड़ी कंपनियां इस साल 94 अरब डॉलर तक का फायदा कमा सकती हैं। इसके अलावा इस जंग से रूस की अर्थव्यवस्था को फायदा मिलता दिख रहा है। तेल और खाद की ऊंची कीमतों की वजह से रूस की कमाई बढ़ी है। साथ ही जब तेल की कीमतें तेजी से बढ़ रही थीं, तब अमेरिका ने समुद्र में मौजूद रूसी तेल पर कुछ समय के लिए पाबंदियां ढीली कर दीं, जिससे सप्लाई बढ़ सके, इससे रूस को और फायदा हुआ। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के मुताबिक, मार्च में रूस की एनर्जी कमाई करीब दोगुनी होकर 19 अरब डॉलर पहुंच गई, जो फरवरी में 9.75 अरब डॉलर थी।

# आईसीई की हिरासत से रिहा हुई भारतीय मूल की मीनू बत्रा

**न्यूयॉर्क।** करीब 35 सालों से अमेरिका में रह रहीं भारतीय मूल की कोर्ट इंटरप्रेटर मीनू बत्रा को इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई)

- 35 साल से अमेरिका में रह रही थीं

की हिरासत से रिहा कर दिया गया है। हिरासत में लिए जाने की उनकी कानूनी हफ्तों तक चली।

53 साल की मीनू बत्रा टेक्सास की इमिग्रेशन अदालतों में हिंदी, पंजाबी और उर्दू का अनुवाद करने के लिए जानी जाती हैं। उनको मार्च के मध्य से हिरासत में रखे जाने के बाद 30 अप्रैल को रिहा कर दिया गया। जज ने उनकी हिरासत की वैधता पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें बिना किसी स्पष्ट औचित्य या उचित प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों के हिरासत में रखा गया था। न्यायाधीश ने कहा कि हिरासत में लिए जाने से पहले उन्हें 'कोई प्रक्रियात्मक सुरक्षा नहीं दी गई थी' और उनकी रिहाई का आदेश देते हुए, बिना उचित नोटिस के भविष्य में हिरासत में लिए जाने पर रोक लगा दी। बत्रा को 17 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। आईसीई एजेंटों ने उन्हें टेक्सास के वैली इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रोका था। वह मिल्वौकी में एक काम के सिलसिले में यात्रा कर रही थीं। हिरासत के दौरान उन्हें रेमंडविले में अल वैले डिटेंशन सेंटर में रखा गया था। हिरासत में रहते हुए एक फोन इंटरव्यू में उन्होंने इस अनुभव को बेहद परेशान करने वाला बताया और कहा कि उन्हें 'अपमानित महसूस हुआ और उनके साथ एक अपराधी जैसा बर्ताव किया गया।' बत्रा लगभग 35 सालों से अमेरिका में रह रही हैं और चार बच्चों की मां हैं, जो अमेरिका के नागरिक हैं। उन्होंने दो दशकों से ज्यादा समय तक एक सर्टिफाइड कोर्ट इंटरप्रेटर के तौर पर काम किया है और माना जाता है कि वह टेक्सास में एकमात्र लाइसेंस्ड पंजाबी, हिंदी और उर्दू इंटरप्रेटर हैं।

# डच राजकुमारियों पर हमले की साजिश नाकाम

**हेग।** डच राजकुमारी अमालिया और उनकी बहन राजकुमारी एलेक्सिया पर कथित हमले की साजिश के मामले में एक व्यक्ति अगले हफ्ते

- अगले हफ्ते कोर्ट में पेश होगा आरोपी
- कुल्हाड़ियों पर खुदे हुए थे नाम

अदालत में पेश किया जाएगा। अभियोजकों ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी को कथित तौर पर हमले की साजिश के चलते हिरासत में लिया गया है। अदालत से जुड़े दस्तावेजों के अनुसार, 33 वर्षीय व्यक्ति पर आरोप है कि उसने फरवरी में हेग में अमालिया (22 वर्षीय) और उनकी बहन एलेक्सिया (20 वर्षीय) पर हमले की तैयारी की थी। दस्तावेज में कहा गया है कि आरोपी के पास दो कुल्हाड़ियां मिलीं, जिन पर 'एलेक्सिया', 'मोसाद' और 'सिग हील' जैसे शब्द खुदे हुए थे। इसके अलावा, उसके पास एक हाथ से लिखा कागज भी था, जिसमें 'अमालिया', 'एलेक्सिया' और 'खूनखराबा' जैसे शब्द लिखे थे।

**राजकुमारी अमालिया को पहले भी मिल चुकीं धमकियां**

राजकुमारी अमालिया को पहले भी धमकियों का सामना करना पड़ा है। साल 2022 में धमकियों के कारण उन्हें एम्सटर्डम में छात्र जीवन छोड़कर अपने माता-पिता के महल में रहना पड़ा था। उस समय रानी मैक्सिमा ने कहा था, अमालिया घर से बाहर नहीं निकल पा रही हैं, जिससे उनके जीवन पर बड़ा असर पड़ा है।

# चीन के ड्रीम प्रोजेक्ट को पाक में लगा झटका

**कराची (पाकिस्तान)।** पाकिस्तान के ग्वादर फ्री जोन में काम कर रही एक चीनी कंपनी ने अपना फैक्ट्री

- घाटे में डूबी कंपनी तो जड़ा ताला, निकाले सारे कर्मचारी

संचालन बंद कर दिया है और सभी कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। कंपनी ने इसके पीछे लगातार बढ़ते नुकसान और खराब कारोबारी माहौल को मुख्य कारण बताया है। रिपोर्ट के अनुसार, हैंगेंग ट्रेड कंपनी ने अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के दिन यह बड़ा फैसला लिया। कंपनी ने कहा कि गैर-व्यावसायिक कारणों और संचालन संबंधी समस्याओं के चलते उसका व्यवसाय जारी रखना संभव नहीं था।

### सीपेक परियोजना पर उठे सवाल

ग्वादर बंदरगाह चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपेक) की एक प्रमुख परियोजना है। कंपनी ने कहा कि उसका निवेश दोनों देशों के सहयोग की भावना से किया गया था, लेकिन स्पष्ट और स्थिर नीति वातावरण की कमी के कारण कारोबार जारी रखना मुश्किल हो गया। कंपनी ने यह भी कहा कि भविष्य के निवेशक ग्वादर जैसी परियोजनाओं में निवेश से पहले जोखिमों का सावधानीपूर्वक आकलन करें। यह घटना ऐसे समय सामने आई है जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के चीन दौरे की तैयारी चल रही है। इस दौरे में व्यापार और निवेश पर चर्चा होनी है। ऐसे में इस फैसले ने विदेशी निवेश और सीपेक परियोजनाओं की स्थिरता पर नए सवाल खड़े कर दिए हैं।

# दावा- कुवैत ने अप्रैल माह में तेल निर्यात नहीं किया

**डेलावेयर।** एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अप्रैल माह में कुवैत ने तेल का निर्यात नहीं किया है। तीन दशकों में पहली बार ऐसा हुआ है, जब कुवैत ने किसी माह में तेल निर्यात नहीं किया। इससे पहले खाड़ी युद्ध के समय ऐसा हुआ था। टैंकर ट्रैकर वेबसाइट ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। पश्चिम एशिया संकट के चलते ऐसा हुआ है और पूरी दुनिया में तेल आपूर्ति बुरी तरह से प्रभावित है। इसका असर तेल निर्यातक देशों पर भी पड़ रहा है। वैश्विक तेल शिपमेंट पर नजर रखने वाले टैंकर ट्रैकर ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा, 'ब्रेकिंग, अप्रैल 2026 के दौरान कुवैत ने एक भी बैरल तेल का निर्यात नहीं किया। खाड़ी युद्ध की समाप्ति के बाद पहली बार ऐसा हुआ है।' रिपोर्ट में बताया गया है कि कुवैत में तेल उत्पादन जारी है, लेकिन कच्चे तेल का निर्यात लगभग पूरी तरह से रुक गया है।

**उपलब्धि** | वैज्ञानिकों की लहरों पर बेहतर हुई समझ

# नासा के सैटेलाइट ने पहली बार अंतरिक्ष से कैद की महासुनामी

**वॉशिंगटन।** प्रशांत महासागर में उठी एक विशाल सुनामी को पहली बार अंतरिक्ष से इतनी स्पष्टता में कैद किया गया है कि वैज्ञानिक भी हैरान रह गए हैं। नासा के अत्याधुनिक सैटेलाइट ने इन लहरों की ऐसी तस्वीरें दर्ज की हैं, जिन्होंने यह साबित कर दिया कि सुनामी केवल एक सीधी, एकसमान लहर नहीं होती बल्कि रास्ते में बदलती हुई जटिल ऊर्जा का रूप ले लेती है। द सीस्मिक रिकॉर्ड के अनुसार यह ऐतिहासिक अवलोकन नासा और फ्रांस की स्पेस एजेंसी सीएनईएस के संयुक्त मिशन सरफेस वाटर एंड ओशन टोपोग्राफी (एसडब्ल्यूओटी) सैटेलाइट ने किया। इसने 29 जुलाई को रूस के कामचटका प्रायद्वीप के पास कुरिल- कामचटका सबडक्शन जोन में आए 8.8 तीव्रता के भूकंप




से उत्पन्न सुनामी को विस्तार से रिकॉर्ड किया। यह भूकंप 1900 के बाद दर्ज सबसे बड़े भूकंपों में छठे स्थान पर है। नासा के अनुसार एसडब्ल्यूओटी सैटेलाइट को पृथ्वी के जल स्रोतों की सतह की ऊंचाई मापने के लिए विकसित किया गया है। पहले वैज्ञानिकों को सुनामी के बारे में जानकारी मुख्यतः डीप-ओशन असेसमेंट एंड रिपोर्टिंग ऑफ सुनामी (डीएआरटी) जैसे समुद्र में लगे उपकरणों से मिलती थी, जो केवल सीमित बिंदुओं पर डेटा देते थे। अब यह सैटेलाइट लगभग 120 किलोमीटर चौड़े क्षेत्र में समुद्र की सतह को एक साथ स्कैन कर सकता है, जिससे सुनामी की पूरी संरचना को समझना संभव हो पाया है।

**सुनामी पूर्वानुमान मॉडल में सुधार की जरूरत**

नए सिमुलेशन, जिनमें लहरों के बिखराव को शामिल किया गया, वे वास्तविक आंकड़ों से अधिक मेल खाते हैं। इससे संकेत मिलता है कि मौजूदा सुनामी पूर्वानुमान मॉडल में महत्वपूर्ण सुधार की जरूरत है।

### गतिशील प्रणाली है सुनामी

यूनिवर्सिटी ऑफ आइसलैंड के वैज्ञानिक एंजेल रुइज-एंगुलो ने इसे नई आंखों जैसा बताया है, जिससे समुद्र के विशाल क्षेत्र को एक साथ देखा जा सकता है। अब तक वैज्ञानिक मानते थे कि बड़ी सुनामी बिना टूटे एक ही लहर के रूप में आगे बढ़ती हैं। लेकिन इस घटना के डेटा ने इस धारणा को गलत साबित किया है। सैटेलाइट ने दिखाया कि सुनामी की ऊर्जा अलग-अलग दिशाओं में फैलती है और कई छोटी लहरों में विभाजित हो जाती है। इस प्रक्रिया को डिस्पर्शन कहा जाता है। सरल शब्दों में सुनामी एक स्थिर लहर नहीं बल्कि लगातार बदलती हुई गतिशील प्रणाली है। जब वैज्ञानिकों ने इस नए डेटा की तुलना पारंपरिक कंप्यूटर मॉडल से की तो पाया कि पुराने मॉडल वास्तविक स्थिति को पूरी तरह नहीं दर्शा पा रहे थे।

